# आइजीआइएमएस में 701 करोड़ की परियोजनाओं पर चल रहा काम : मंगल पांडेय

## 300 करोड़ की नई योजनाओं की दी गयी स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना परिसर में बाउंड्री वाल, सड़क निर्माण एवं नाला का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संजीव चौरसिया ने की। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि आइजीआइएमएस में कुल 701 करोड़ की निर्माण योजनाएं इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर ली जाएंगी। वहीं 300 करोड़ की नई योजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है जिनकी शुरुआत इस वर्ष सुनिश्चित की जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में आधुनिक



आर.सी.सी. चहारदीवारी, सुदृढ़ सड़क, नाला और अंडरग्राउंड केवल ट्रेंच जैसी बुनियादी संरचनाओं का शिलान्यास किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केवल शहरी संस्थानों का विकास नहीं हुआ है, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुदूर गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

श्री पांडेय ने कहा कि लगभग 1470 मीटर लंबी व 10 फीट ऊंची इस नई बाउंड्री वॉल पर चार वॉच टावर बनाए जाएंगे और इसके साथ 6 मीटर चौड़ी सड़क तथा दो ट्रेन (सीवरेज व पानी निकासी के लिए) का निर्माण भी किया जाएगा। इस पूरी परियोजना की लागत 16 करोड़ होगी। जून के पहले सप्ताह में आधुनिक फिजियोथेरेपी मशीनों का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही जून माह में बच्चों के लिए विशेष कैंसर वार्ड, दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 24 नई डायलिसिस मशीनें और 20 बेड की क्रिटिकल केयर मेडिसिन इकाई का भी शुभारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों में 800 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और हेल्थ सब सेंटर के लिए निर्माण का आदेश दिया गया है और खुद मैंने 20 दिनों में 400 से अधिक ग्रामीण अस्पतालों का उद्घाटन व शिलान्यास किया है। अब बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। पहले जो राज्य स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न मानकों में सबसे नीचे गिना जाता था, अब विभिन्न स्वास्थ्य मानकों पर शीर्ष स्थानों पर दिखता है। श्री पांडेय ने कहा कि आइजीआइएमएस में 701 करोड़ की लागत से दो नए अस्पताल भवनों (1200 बेड और 500बेड क्षमता वाले) एवं बाउंड्री वाल, सड़क निर्माण एवं नाला निर्माण कार्य चल रहा है। 500 बेड वाले अस्पताल के दो ब्लॉकों का उद्घाटन हो चुका है और दो अन्य ब्लॉकों का उद्घाटन अगले तीन महीनों में होगा। वहीं 1200 बेड अस्पताल के पहले कुछ ब्लॉकों का लोकार्पण शीघ्र हो जाएगा। संस्थान की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए 75 करोड़ की लागत से मल्टी-लेवल कार पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। साथ ही मेडिकल शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए 96.26 करोड़ की लागत से नया लेक्चर थिएटर और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी तैयार किया जाएगा। छात्रों के लिए 100-100 बेड वाले नए बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण भी प्रस्तावित है जिसकी कुल लागत 18.45 करोड़ होगी। इस संस्थान को डेंटल रिसर्च और एजुकेशन का राष्ट्रीय केंद्र बनाने के उद्देश्य से पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल एजुकेशन एंड रिसर्च की स्थापना की जाएगी जिसकी अनुमानित लागत 91.70 करोड़ है। यह संस्थान 20291 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में आठ मंजिला होगा और पूर्वोत्तर भारत का प्रमुख दंत चिकित्सा संस्थान बनने की दिशा में कदम होगा। इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआइसीएल, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, डॉ बिन्दे कुमार, निदेशक, आइजीआइएमएस, डॉ मनीष मंडल, अधीक्षक, आइजीआइएमएस के साथ स्वास्थ्य विभाग और आइजीआइएमएस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सहकारिता से समृद्धि की ओर बढ़ रहा बिहार : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने मुजफ्फरपुर जिला के जिला समाहरणालय के सभा कक्ष में सहकारिता बैंक शाखा में लाभार्थियों का ऋण वितरण सहित विभिन्न योजनाओं का पासबुक और परिपक्व राशि का वितरण कर लोगों को सहकारिता बैंक से जुड़ने की अपील की। धान अधिप्राप्ति सीतामढ़ी में 74.75%,मुजफ्फरपुर में गोदाम निर्माण का कार्य शुरू, दो गोदाम का शिलान्यास भी मंत्री जी के द्वारा किया गया। बिहार में मुजफ्फरपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की कुल 9 शाखाएं कार्यरत है। मुजफ्फरपुर प्रमंडल के अंतर्गत मधुमक्खी पालक, सब्जी उत्पादक कृषकों, मत्स्य पालक, बुनकरों और पैक्स के बेहतर कार्यों पर सुझाव और कार्ययोजना का प्रस्ताव लिया गया। बिहार राज्य फसल सहायता योजना से किसानों को मिला लाभ। किसानों को पैक्स के माध्यम से कृषि यंत्रों का मिल रहा है लाभ। पैक्स कंप्यूटर कृत हुए। मंत्री ने कहा कि खाद बीज, डीजल, पेट्रोल की बिक्री भी पैक्स के द्वारा हो रहा है। आज एक बार फिर से बिहार सहित पूरे देश में सहकारिता से जुड़ने के कारण लोगों को, कृषकों को आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही है। देश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका सहकारिता का है। सहकार चौपाल से किसानों में जागृति लाई जा रही है। सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ इस वर्ष 2025 विश्व सहकारिता वर्ष मना रहा है। देश कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और देश के पहले सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता के बल पर देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने का संकल्प द्वारा आया है।

# हर घर नल का जल निश्चय योजना के तहत प्राप्त 2228 आवेदनों में 865 पर कार्रवाई शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर राज्य के सभी 38 जिलों में अवस्थित दलित टोलों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए शिविर के माध्यम से हर घर नल का जल निश्चय योजना के लिए कुल 2228 आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनमें कुल 865 आवेदनों को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है जबकि प्राप्त 1215 आवेदनों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बता दें कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती यानी 14 अप्रैल से 17 मई तक राज्य के सभी 38 जिलों में अवस्थित दलित टोलों में रहने वाले 4,82,942 परिवारों से इस शिविर में हर घर नल का जल निश्चय योजना के लिए आवेदन मांगे गए थे। दलित टोलों में शिविर लगाकर हर घर नल का जल योजना के तहत छूटे हुए परिवारों से आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 7284 शिविरों का आयोजन किया गया था। इस योजना के लिए सबसे अधिक 211 आवेदन दरभंगा से प्राप्त हुए थे। प्राप्त हुए 211 आवेदनों में 130 को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। शेष आवेदनों पर कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। इसी तरह सिवान में 197 आवेदनों में से 91 पर, मुजफ्फरपुर में 128 में से 20 पर, कैमूर में 107 में से 77 पर, पटना में 77 में 53 पर, रोहतास में 103 में से 22 पर, सारण में 103 में 03 पर, सीतामढ़ी में 119 में 03 पर और भोजपुर में 87 में 12 पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नेहरू परिवार ने भारत को हमेशा कमजोर करने का काम किया : डॉ. दिलीप जायसवाल

## कांग्रेस आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने और उनका मनोबल बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को कांग्रेस पर जोरदार सियासी हमला बोलते हुए कहा कि नेहरू परिवार शुरू से ही भारत को कमजोर करने का काम किया है और आज भी इसके वारिस विश्वभर में भारत को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौर से देखें तो नेहरू परिवार के लोग दूसरे देशों के ज्यादा समर्थक बन जाते हैं और उनकी बातों पर ही 'हां' में 'हां' मिलाते हैं, चाहे वह चीन हो या पाकिस्तान हो। उन्हें न भारत की सरकार पर विश्वास होता है न सेना पर। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि यही वे कांग्रेस के नेता हैं जो पूर्व में किए गए सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक को लेकर सबूत मांगते रहे हैं। डॉ. जायसवाल ने दावा करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं की जनता पहचान करेगी और देश से बहिष्कृत करेगी। उन्होंने भारत की सरकार और देश की सेना के पराक्रम को याद करते हुए कहा देश ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना के उस शौर्य और पराक्रम को देखा है जिसमें पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया गया और आतंकवादियों का जनाजा पाकिस्तान में निकाला गया। देश इस बात को लेकर खुश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत है, भारत नए रूप में दुनिया के सामने पेश हो रहा है। यही नया भारत है। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जो आतंकियों को भी 'जी' कहकर संबोधित करती है जब भारत में पड़ोसी देश के आतंकवादी किसी घटना को अंजाम देकर चले जाते थे तो हम केवल निंदा करते थे। आज भारत के तेवर को दुनिया देख रही है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। पाकिस्तान अगर हरकत करेगा तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि अगर पाकिस्तान से कोई वार्ता होती है तो आतंकवाद और पीओके ही मुख्य एजेंडा होगा। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कोई मध्यस्थता स्वीकार नहीं होगी। ऐसे में कांग्रेस के नेता कई तरह के बयान देकर विश्व में भारत की छवि को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कांग्रेस पार्टी का क्या स्टैंड रहता है, यह देश कई मौकों पर देख चुका है। डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तानी सेना एवं आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने तथा उनका मनोबल बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती।

# कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने बिहार के छः जिलों में संगठनात्मक कार्यों एवं सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा के मद्देनजर पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इस बाबत बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों की अधिसूचना जारी की गई जिन जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हुई है उनमें औरंगाबाद, गया, बक्सर, सारण, नवादा और लखीसराय प्रमुख हैं। औरंगाबाद के लिए सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रदुम्न कुमार यादव एवं संजय भारती की नियुक्ति हुई है जबकि गया जिला के लिए मनोज कुमार सिंह भारद्वाज, विवेक यादव और सुरेश मुखिया बिंद निषाद नियुक्त किए गए हैं। वहीं बक्सर जिले के लिए कैलाश पाल, शाश्वत केदार पाण्डेय एवं मो. परवेज अहमद की नियुक्ति हुई है जबकि सारण के लिए सुनील कुमार सिंह, प्रो सुनील कुमार एवं राजीव विहंगम नियुक्त किए गए हैं। नवादा जिले के लिए अश्विनी कुमार सिंह, दिलशाद अहमद खान और शिवशंकर प्रसाद की नियुक्ति हुई है जबकि लखीसराय जिले के लिए राजकुमार शर्मा, मिथिलेश शर्मा मधुकर और मो. तमन्ना नियुक्त किए गए हैं। सभी नियुक्त पर्यवेक्षक एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को समर्पित करेंगे।

# चाणक्य स्कॉलरशिप परीक्षा 2025 के टॉपर्स घोषित

## छात्रों को मिलेगा 1 लाख रुपये तक की स्कॉलरशिप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चाणक्य स्कॉलरशिप परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 1 लाख रुपये तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। यह परीक्षा चाणक्य स्कॉलरशिप के निदेशक राजेश कुमार पांडेय की दूरदर्शिता का परिणाम है जिनका सपना है कि बिहार के हर विद्यार्थी को शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिले। इस साल परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद प्रत्युष राज ने पहला स्थान (रैंक 1) हासिल किया है। रैंक 2 पर श्वेता भारती और सुमन कुमारी रही हैं।



वहीं रैंक 3 पर सुशील सुमन और हिमांशु कुमार ने जगह बनाई है। सभी टॉपर्स को चाणक्य स्कॉलरशिप के तहत 1 लाख रुपये की स्कॉलरशिप दी जाएगी। यह



स्कॉलरशिप छात्रों को मगध ग्रुप ऑफ एजुकेशन के विभिन्न कॉलेजों में पढ़ाई करने का मौका देगी। इनमें मगध पारामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टीट्यूट, मगध इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, विवेकानंद पारामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज, चाणक्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन और डॉ. त्रिशूलधारी पांडेय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन शामिल हैं। राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर देना है ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

# दलित टोलों में बिजली कनेक्शन के लिए मिले 450 आवेदनों में 145 को मिला कनेक्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दलित टोलों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण और इन्हें अधिक विकसित करने के उद्देश्य से डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान चलाया गया। यह अभियान बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल से 17 मई तक चला। इसके तहत सभी 38 जिलों के दलित टोलों में कुल 7284 शिविर लगाए गए। इनमें बिजली कनेक्शन प्राप्त करने के लिए कुल 450 आवेदन प्राप्त किए गए। इनमें 145 आवेदनों पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध करा दी गई है जबकि 305 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। इनमें सबसे अधिक 71 आवेदन मुजफ्फरपुर जिला से प्राप्त हुए हैं। 12 आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई कर दी गई है जबकि 57 को विद्युत कनेक्शन देने की प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह अररिया में मिले 10 आवेदनों 5, औरंगाबाद में आए 14 आवेदनों में तीन, बांका में 15 आवेदनों में आठ, दरभंगा में आए 14 में 10, पूर्वी चंपारण में आए 14 आवेदनों में 10, गोपालगंज में आए 23 आवेदनों में 04, कैमूर में आए 21 आवेदनों में 19, मधुबनी में मिले 20 आवेदनों में 05, नालंदा में मिले 14 आवेदनों में 03, सारण में आए 20 आवेदनों में 01, सिवान में आए 51 आवेदनों में 22 और वैशाली में आए कुल 24 आवेदनों में 03 को तत्काल बिजली का कनेक्शन दे दिया गया है। इनमें राज्य के कई जिले ऐसे भी हैं जहां के दलित टोलों से बिजली कनेक्शन का एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे जिलों में जहानाबाद, खगड़िया और पूर्णियां शामिल हैं।

# कोरोना के दस्तक को देख बिहार में बरती जा रही सतर्कता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत में एक बार फिर कोविड-19 का नया वैरिएंट चिंता का कारण बन गया है। जेएन-1 जैसे नए वेरिएंट्स के देश के कुछ हिस्सों में बढ़ते मामलों को देखते हुए बिहार ने भी एहतियाती कदम उठाए जाने लगे हैं। राज्य में कोरोना से निपटने के लिए पहले से ही मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), दिशानिर्देश और आवश्यक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) तैयार है। स्वास्थ्य विभाग केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नई गाइडलाइंस का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जो आपात बैठक के बाद जारी की जा सकती है। यह दर्शाता है कि राज्य सरकार बदलते हालात के साथ अपनी रणनीति को अपडेट करने के लिए तत्पर है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता को लगातार सतर्क रहने की सलाह दी है और कुछ प्रमुख उपायों का पालन करने पर जोर दिया है। इनमें भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क का नियमित उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। हाथों को नियमित रूप से साबुन और पानी से धोना या सैनिटाइजर का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। किसी भी तरह के कोरोना जैसे लक्षण (जैसे बुखार, खांसी, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ आदि) दिखने पर तुरंत जांच कराने और चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई है। इसके साथ ही संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखना, खांसते या छींकते समय मुंह को रूमाल या कोहनी से ढंकना और गंदे हाथों से आंख, नाक या मुंह न छूना भी महत्वपूर्ण है। बीमारी के दौरान खुद को घर में अलग रखना संक्रमण के प्रसार को रोकने में सहायक है। कोरोना के अलावा बिहार में अन्य संक्रामक रोगों, जैसे एचएमपीवी वायरस को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। एचएमपीवी के लक्षण कोविड-19 के समान ही होते हैं जिसमें सांस लेने में तकलीफ शामिल है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को कोरोना की तर्ज पर ही एचएमपीवी से निपटने के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसमें अस्पतालों में फ्लू कॉर्नर की व्यवस्था करना और संदिग्ध मरीजों के सैंपल पुणे की लैब भेजने के निर्देश भी शामिल हैं।

# कांग्रेस की माई बहिन योजना पर जदयू ने उठाया सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस के माई बहिन योजना के तहत 2500 रूपये महिलाओं को देने की घोषणा पर जदयू ने तीखा हमला बोला है। शुक्रवार को जदयू कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और प्रवक्ता अंजुम आरा ने कांग्रेस पर बिहार की बेटियों को ठगने और झूठी घोषणाएं करने का आरोप लगाया। नीरज कुमार ने कांग्रेस की कर्नाटक में चल रही गृह लक्ष्मी योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता अलका लांबा ने दावा किया था कि कर्नाटक में 1.1 करोड़ महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये दिए जाएंगे, लेकिन जनगणना के अनुसार वहां केवल 19 लाख 65 हजार महिलाएं ही घर की मुखिया हैं। फिर बाकी महिलाओं को पैसा कैसे मिलेगा? उन्होंने अलका लांबा पर महिला होने के बावजूद महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस आंकड़ों में हेराफेरी कर रही है और कर्नाटक में दलित महिलाओं के पैसे को दूसरी योजनाओं में डायवर्ट कर रही है। नीरज कुमार ने कांग्रेस को दलित और आदिवासी विरोधी बताते हुए चुनौती दी कि वह सदाकत आश्रम में आकर खुली बहस करे।

# डॉक्टर ऑफ फॉर्मेसी एवं एम फार्मा एक ही कैंपस में प्रारम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फार्मेसी जगत से जुड़े व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं के साथ ही फार्मेसी के क्षेत्र में बिहार राज्य की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो कि उच्च स्तरीय फार्मेसी प्रोफेसनल्स तैयार होंगे हमारे राज्य में। इस हेतु अम्बेदकर इस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया, न्यू दिल्ली द्वारा एम फार्म के साथ ही डॉक्टर ऑफ फार्मेसी पाठ्यक्रम संचालन हेतु मान्यता प्रदान कर दी गई है। संस्थान में पूर्व से संचालित डिप्लोमा इन फार्मेसी एवं बैचलर्स ऑफ फार्मेसी की मान्यता का नवीनीकरण भी फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया, न्यू दिल्ली द्वारा कर दिया गया है। डॉक्टर ऑफ फार्मेसी का



दायरा बहुत बड़ा है जो स्वास्थ्य सेवा में कैरियर का अवसर प्रदान करता है जिसमें क्लिनिकल फार्मेसी, ड्रग मैनेजमेंट एवं रोगी की देखभाल भी शामिल है।

अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, फार्मेसी के क्षेत्र में डिप्लोमा, डिग्री एवं एम फार्म से लेकर डॉक्टर ऑफ फार्मेसी का शिक्षण प्रदान करने वाला बिहार का पहला एवं अग्रणी संस्थान बन गया है। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. कौशल कुमार गिरि ने कहा कि यह उपलब्धि केवल संस्थान की ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार राज्य की है। संस्थान में उच्च गुणवत्ता वाली प्रयोगशाला, अनुभवी फैक्लटी, कम्प्यूटर लैब, हर्बल गार्डेन, छात्रावास एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया, न्यू दिल्ली ने उच्च स्तर का स्वीकार करते हुए अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, बेली रोड, गोला रोड, पटना के अन्तर्गत तीनों संस्थानों को मान्यता प्रदान किया है। राज्य में अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर एवं अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अमरातालाब, सासाराम, रोहतास तथा दरौंधा, सिवान स्थित ममता इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन को नवीन पाठ्यक्रमों हेतु मान्यता प्रदान करते हुए पूर्व से संचालित पाठ्यक्रम डिप्लोमा एवं डिग्री इन फार्मेसी की मान्यता को नवीनीकरण प्रदान किया है। डॉक्टर ऑफ फार्मेसी कोर्स छात्रों को हेल्थ केयर सिस्टम तथा क्लिनकल प्रैक्टिस की विशेषज्ञता प्रदान करती है जिससे बिहार में स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता बेहतर होगी। इससे छात्रों को बिहार राज्य के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस संबंध में डा. कुमार ने कहा कि संस्थान के शिक्षकों की गुणवत्ता उनका समर्पण एवं विजन से अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन फार्मेसी जगत के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सफल रहा।

# खरीफ सिंचाई पूरी रफ्तार में, विभागीय निरीक्षण व सुधार कार्य जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खरीफ सिंचाई 2025 की तैयारी को लेकर जल संसाधन विभाग द्वारा डिहरी परिक्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यापक कार्य आरंभ किए गए हैं। शीर्ष 2700 के अंतर्गत इस परिक्षेत्र में 08 अदद योजनाओं पर कार्य चल रहा है। इन योजनाओं में नहरों की सफाई, क्षतिग्रस्त किनारों की मरम्मत, जल के निर्बाध प्रवाह हेतु अवरोध हटाना तथा सहायक संरचनाओं को दुरुस्त करने जैसे कार्य शामिल हैं। यांत्रिक प्रमंडल के माध्यम से सभी नहर गेटों और जल संरचनाओं का संयुक्त निरीक्षण कर लिया गया है जहां आवश्यकता पाई गई, वहां शीघ्र ही मरम्मति कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। बीते वर्ष जिन स्थानों पर नहरों में टूट-फूट की समस्या उत्पन्न हुई थी, उन्हें भी ठीक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आगामी सिंचाई सत्र में निर्बाध संचालन के लिए मानव बल का पैनल भी तैयार कर लिया गया है। ताकि किसी भी स्थिति में जल आपूर्ति में रुकावट न आने पाए। विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध हो और उनकी फसलें सुरक्षित रूप से पनप सकें।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति 8 जून को 51 जोड़े का सामूहिक विवाह कराएगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा 'एक विवाह ऐसा भी' के 13वें संस्करण के अंतर्गत 8 जून को 51 जोड़े का दहेज रहित सामूहिक विवाह कराया जाएगा। यह जानकारी तैयारी बैठक के बाद मां वैष्णव देवी सेवा समिति के कार्यक्रम संयोजक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने दी। अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए राज्यपाल बिहार, मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि पटना के महाराणा प्रताप भवन आर्य कुमार रोड में शादी का सभी विधि विधान आयोजित होगा। इसमें वर एवं वधू पक्ष के लोग मौजूद रहेंगे। बारात यहीं से 8 जून को संध्या 4 बजे निकलेगी जिसमें 51 अलग-अलग घोड़े पर 51 दूल्हे राजा बैठेंगे। विवाह हेतु श्रीकृष्ण मेमोरियल में 16 हजार स्क्वायर फीट का पंडाल बनाया जा रहा है। विवाह में प्रत्येक जोड़े को आवश्यक जरूरी सामान भी दिया जाएगा। शादी के लिये निबंधन हेतु उम्र प्रमाण पत्र लड़के व लड़कियों को देना जरूरी होता है। लड़के की उम्र 21 एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है जिनके पास मैट्रिक का प्रमाणपत्र नहीं होता है। उनको नोटरी से शपथपत्र लेना होता है। साथ ही गांव के मुखिया से सर्टिफिकेट भी जरूरी होता है। निबंधन हेतु मोबाइल नंबर 9931158774 और 9835093400 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। मौके पर मुकेश हिसारिया ने बताया कि इस वर्ष शादी में विशेष आयोजन स्पाईनल कॉर्ड इंज्यूरी का रहेगा। इसमें बिहार के बहुत सारे वैसे बच्चे आएंगे जिनका कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं कर पा रहा है। उन बच्चों के लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाएगा। मौके पर समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में भाग लेने वाले जोड़े को बिहार के प्रमुख हस्तियों द्वारा आशीर्वाद दिया जाएगा। बैठक में समिति के संस्थापक सदस्य मुकेश हिस्सारिया, अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी, सचिव संजय तोतला, जगजीवन सिंह, कन्हैया अग्रवाल (कन्नू), नन्द किशोर अग्रवाल, जितेंद्र कुमार (जीतू) आदि उपस्थित थे।

# केन्द्र सरकार ने बिहार में कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी के गठन की दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार द्वारा बिहार में कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी के गठन की स्वीकृति दे दी गई है। बिहार कैबिनेट के अनुमोदन के उपरांत सोसाइटी का निबंधन कराया जा चुका है तथा इसकी स्वीकृति हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया गया था, अब केंद्र द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान कर दी गई है। इएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक बिहार 'सीए निरंजन कुमार' ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 58 (5) के प्रावधानों को राज्य में लागू करने के लिए यह सोसाइटी मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में कार्य करेगी। इस मंजूरी के फलस्वरूप बिहार में इएसआइ योजना से जुड़े संगठित क्षेत्र के 4.5 लाख बीमितों/कामगार एवं उनसे जुड़े परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने व उसे सुदृढ़ बनाने के लिए सोसाइटी को प्रशासनिक प्रबंधन एवं वित्तीय व्यवस्था संचालित करने की स्वायत्ता प्राप्त हो गई है। बिहार में औषधालयों के संचालन के लिए सोसाइटी अपने स्तर पर चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग व पारा मेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति या संविदा आधारित नियुक्तियां कर सकेगी, इससे बीमितों को चिकित्सा सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराई जा सकेगी। विदित हो कि सोसाइटी में मुख्य सचिव, बिहार के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अंतर्गत इएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक व राज्य चिकित्सा अधिकारी, बिहार सरकार के श्रम संसाधन व स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों, बिहार क्षेत्र के नियोक्ता एवं श्रमिक प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया गया है।

# पीएमआई इंडिया लगाएगी तंबाकू के अवैध व्यापार पर लगाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फिलिप मोरिस इंटरनेशनल इंक (पीएमआई) की भारतीय साझेदार कंपनी आईपीएम इंडिया ने भारत सरकार के पैक स्तर पर ट्रैक एंड ट्रेस (टी एण्ड टी) प्रणाली लागू करने के फैसले का स्वागत किया है। कंपनी के अनुसार यह कदम न केवल तंबाकू के अवैध व्यापार पर रोक लगाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा, बल्कि देश में नियामक निगरानी प्रणाली को भी आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है। यह सुधार केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम की धारा 148ए के तहत स्वीकृत है और इसका उद्देश्य राजस्व की रक्षा करना, निगरानी को कड़ा बनाना तथा तंबाकू व्यापार में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना है। इस पहल की शुरुआत सिगरेट पैक से की जा रही है जिसमें हर पैक पर विशिष्ट पहचान कोड अंकित किया जाएगा। इससे कर चुकाए गए उत्पादों को अवैध उत्पादों से आसानी से अलग पहचाना जा सकेगा। यह प्रणाली रिटेल स्टोर, आपूर्ति श्रृंखला और फील्ड निरीक्षणों पर निगरानी को और अधिक सशक्त बनाएगी। ट्रैक एंड ट्रेस एक व्यावहारिक समाधान है, जो तुरंत असर दिखाएगा और तकनीक-आधारित एक आधुनिक नियामक प्रणाली की नींव रखेगा। पीएमआई को 140 से अधिक देशों में ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम को स्वैच्छिक रूप से लागू करने का व्यापक अनुभव है। यूरोपीय संघ में कंपनी 'टोबैको प्रोडक्ट्स डायरेक्टिव' के तहत काम करती है जहां हर पैक डिजिटल टैग किया जाता है और पूरी आपूर्ति श्रृंखला में उसका ट्रैक रखा जाता है। यूके, रूस, जॉर्डन और गल्फ कॉपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों में भी इस तकनीक को सफलता से लागू किया गया है जहां पीएमआई ने स्थानीय सरकारों के साथ मिलकर पारदर्शी और प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित की है। इन सभी देशों में परिणाम एक जैसे रहे हैं- निगरानी बेहतर हुई है, नियमों का पालन सख्त हुआ है और अवैध तंबाकू व्यापार में स्पष्ट गिरावट देखी गई है। आईपीएम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर नवनील कर ने ट्रैक एंड ट्रेस जैसी सख्त प्रणाली की जरूरत पर जोर देते हुए कहा यह एक बड़ा सुधार है और भारत को एक अधिक स्वच्छ, आधुनिक और पारदर्शी तंबाकू बाजार की ओर ले जाने वाला दूरदर्शी कदम है।

# लूटकांड का सफल उद्भेदन, तीन अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बड्डी थाना अंतर्गत डंडवाडीह बाजार के समीप संत अन्ना स्कूल के पास एक सनसनीखेज लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। ग्राम सिकुही निवासी पिंकी कुमारी, पिता राम प्रवेश चौधरी जब पैन कार्ड बनवाने के लिए बाजार जा रही थीं। उसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधियों ने अवैध हथियार का भय दिखाकर उनका मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़िता द्वारा घटना की सूचना 22 मई 2025 को थाना बड्डी में दी



गई जिसके आधार पर बड्डी थाना कांड सं. 89/25 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहतास एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 के निर्देशन पर थानाध्यक्ष पु.अ.नि. रामवृक्ष कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

**तकनीकी अनुसंधान एवं सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

गठित टीम द्वारा त्वरित छापेमारी में मुख्य आरोपी उमेश राम, पिता शत्रुधन राम, ग्राम मुरलीपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके घर से एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, दो खोखा एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। उमेश राम की निशानदेही पर वादी पिंकी कुमारी का लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया जो रौशन कुमार पिता लल्लू राम (मुरलीपुर) के घर से मिला। पुलिस ने रौशन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में हरेराम राम, पिता राजू राम, ग्राम मुरलीपुर को भी गिरफ्तार किया गया जबकि एक विधि-विरुद्ध किशोर अपराधी को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में उमेश राम, उम्र 31 वर्ष, पिता -शत्रुधन राम, ग्राम- मुरलीपुर, हरेराम राम, उम्र 22 वर्ष, पिता-राजू राम, ग्राम-मुरलीपुर, रौशन कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता-लल्लू राम, ग्राम-मुरलीपुर, एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है।

बरामद सामग्री में एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, दो खोखा, लूटा गया मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल।

पुलिस टीम में शामिल अधिकारी- पु.अ.नि. रामवृक्ष कुमार (थानाध्यक्ष, बड्डी), पु.अ.नि. संतोष कुमार, पु.अ.नि. सागर कुमार रावत, परि.पु.अ.नि. रूबी राज। बड्डी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और क्षेत्रवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है।

# कांग्रेस ओबीसी की बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय रोहित चित्र मंदिर के प्रांगण में कांग्रेस ओबीसी के जिला अध्यक्ष रोहित राहुल की अध्यक्षता में पिछड़ा अति पिछड़ा का आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर ओबीसी के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहन लाल मेहता, प्रखंड अध्यक्ष ललन चंद्रवंशी, डॉक्टर पंकज कुमार, ध्रुव कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, राहुल कुमार, मजहर अंसारी, जुगनू अंसारी, रहमान, विनोद यादव, राम ध्यान यादव, ललन मेहता, वीरेंद्र कुशवाहा, कृष्णा मेहता, अजय पटेल, देव मुनि सिंह, हरिवंश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 34 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 34 आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या व हत्या के प्रयास, चोरी विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर है। 33 लीटर देशी व 56 लीटर अंग्रेजी, एक बाइक व एक पिकअप जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में तीन लाख 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली होगी ऐतिहासिक : कक्कू खान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेता जाहिद परवेज उर्फ कक्कू खान ने संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली की समीक्षा बैठक किया। डिहरी में महारैली की समीक्षा बैठक के बाद आर एल एम के वरिष्ठ नेता जाहीद परवेज उर्फ कक्कू खान ने कहा 25 मई को विक्रमगंज में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के आह्वान पर संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार की हक को हर



हाल में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महारैली के बहाने यह चुनावी वर्ष में पार्टी अपनी एकजुटता भी दिखाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक किसी राजनीतिक दलों ने परिसीमन सुधार की मांग नहीं उठाई है, लेकिन आरएमएल प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली के माध्यम से यह मांग उठाई है। यह मांग पूरी होने तक लगातार जागरूकता अभियान भी जारी रहेगा जिसकी शुरुआत रोहतास की धरती हुंकार भरी मांग से होगी। परिसीमन सुधार महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है और पार्टी कार्यकर्ताओं सहित आम जनों में परिसीमन सुधार को लेकर इस महारैली का अपार समर्थन भी मिल रहा है जिससे यह महारैली ऐतिहासिक होगा।

# पीएम मोदी की विक्रमगंज रैली होगी ऐतिहासिक : डॉ. सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने दावा किया है कि आगामी 30 मई को विक्रमगंज में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली ऐतिहासिक साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। सभी अपने लोकप्रिय नेता को सुनने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। डॉ. सुनील कुमार ने यह बात आज भभुआ में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता बैठकों के उपरांत कही। इन बैठकों में रैली की तैयारियों और रणनीति को लेकर गहन चर्चा हुई। मंत्री ने स्थानीय जनता से भी



मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और विकास के विजन को साझा किया। उनके साथ मौर्य शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि मौर्या, सुशील कुशवाहा समेत अन्य स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में विकास की गति तेज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संयुक्त नीतियां बिहार को समृद्ध और सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा जब तक बिहार विकसित नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास अधूरा रहेगा। डॉ. सुनील कुमार ने आगे कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज के अंधकार से निकालकर विकास के उजाले में पहुंचाया है। आज सासाराम, कैमूर और अन्य जिलों में सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य समेत हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां लोग घर से बाहर निकलने में डरते थे, वहीं आज आत्मविश्वास और सुरक्षा के माहौल में जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि रैली को लेकर व्यापक तैयारियां चल रही हैं और यह आयोजन न सिर्फ चुनावी मोर्चे पर बल्कि जनसमर्थन के स्तर पर भी एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# गांवों के हर घर में योग को पहुंचाएंगे : योग गुरु

## 12 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी समिति की बैठक में निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रत्येक गांवों के घर-घर योग को पहुंचाया जाएगा। इसका निर्णय 12 वीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तैयारी समिति की बैठक में लिया गया। पाराडाइज चिल्ड्रेन एकेडमी में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इसकी जिम्मेवारी योग गुरु को दी गई है। बैठक की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक संतोष कुमार व संचालन अवध नारायण चौबे, राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति बिहार दक्षिणी ने किया। योग से बच्चों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके इस पर विस्तारपूर्वक विचार किया गया। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व पतंजलि योग समिति की एक और बैठक की जाएगी जिसमें योग दिवस पर आयोजित होने वाले



कार्यक्रम की रूपरेखा तय किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम में पाराडाइज स्कूल के छात्रों द्वारा किया जाएगा जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के योग एवं आसनों का प्रदर्शन किया जाएगा जिससे बच्चों के अंदर योग के प्रति अभिरुचि बढ़ाई जा सके। योग विशेषज्ञ अवध नारायण चौबे ने बताया कि योग को आधुनिक भारत के युवा वर्ग के लिए अति आवश्यक बताते हुए उन्हें योग के प्रति जागरूक करने पर बल दिया और इसमें विद्यालय के शिक्षकों को योगदान को आवश्यक बताया। उन्होंने पिछले वर्षों के आयोजन की सराहना कर विद्यालय परिवार का हौसला बढ़ाते हुए इस बार के आयोजन को भव्यतम बनाने के लिए निर्देशक के साथ-साथ शिक्षकों का आह्वान किया। बैठक में प्राचार्य एचपी यादव, विजय कुमार सिंह, कमलेश चौबे, भानु प्रताप तिवारी, मनोरमा, दुर्गा, पूजा, आनंद, शशिकांत तिवारी इत्यादि उपस्थित थे।

# खुला नाली को ढकने की नहीं हो रही कवायद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत के अधिकांश वार्डों में स्थित नाली खुली है। सफाई के नाम पर नाली को सफाई कर्मियों द्वारा नाली के ढक्कन को हटाया गया, लेकिन उसे खुला ही छोड़ दिया गया जिससे आये दिन नाली में छोटे-छोटे बच्चे गिरकर घायल हो जाते हैं। नगरवासियों का कहना है कि नाली को नहीं ढकने से नाली से दुर्गंध आता है जिससे उस गली से लोगों को आना-जाना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय थाना के पूरब से बाजार जाने वाले नाली खुली है जिससे इस गली से बाइक से भी आने-जाने में गिरने का भय बना रहता है। नगरवासियों ने नाली को ढकने के लिए अनेकों बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई नहीं सुन रहा है।

# डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान, 1373 व्यक्ति धराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 6 से 22 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर -डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा- सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डिहरी ऑन-सोन, किउल- गया, गोमो - गया एवं पटना- गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के



साथ-साथ पैसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। अपराह्न 2 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1373 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 7 लाख 13030 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है। मेगा ड्राइव जारी है जो रात्रि दस बजे तक चलेगा। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।

## विद्युत स्पर्शाघात से युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना के मथुरी गांव में गुरुवार रात ग्यारह हजार हाई टेंशन की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह झुलस गया। घायल युवक गंगौली निवासी विगन यादव का पुत्र नंदू कुमार बताया जाता है। वह विद्युत खराब होने पर पोल पर चढ़कर ठीक कर रहा था। स्पर्शाघात से युवक का पेट एवं हाथ बुरी तरह जल गया। स्वजनों के अनुसार उसे इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

# डीडीयू मंडल में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के रेलवे स्टेशनों पर आगामी विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' के अंतर्गत जारी अभियान के तहत यात्रियों एवं रेल कर्मियों में प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने के प्रति जागरूकता का प्रसार किया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के बीच एकल-उपयोग




प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता बढ़ाई गई। पोस्टर, पंपलेट सहित अन्य माध्यम से स्टील या पुनर्चक्रण योग्य लंचबॉक्स और बोतलों के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। यात्रियों को 'अपनी पानी की बोतल साथ लाएं' संदेश के माध्यम से जागरूक किया गया जिससे प्लास्टिक कचरा कम हो। स्टाल आदि पर भी प्लास्टिक उपयोग व उसके प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे कर्मचारियों को भी कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक उपयोग में कमी तथा पुनर्चक्रण से संबंधित व्यावहारिक जानकारियां साझा की गईं।

# मशाल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाए दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड क्षेत्र में स्थित स्कूलों में शुक्रवार को मशाल प्रतियोगिता आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के बच्चों ने दम दिखाए। बिहार राज्य खेल प्रतिभा खोज के तहत आयोजित कार्यक्रम 22 मई से प्रारम्भ हुआ जो 24 मई तक चलेगा। काम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर 10 + 2 उच्च विद्यालय बसही बसावन में आयोजित प्रतियोगिता का संचालन संचालक विनय कुमार चौबे व समन्वयक



दीनदयाल तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के क्षेत्र में छुपी प्रतिभा को पहचान कर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करना है। कार्यक्रम का प्रारम्भ रोमांचक कबड्डी खेल से हुआ जिसमें अंडर-14 एवं अंडर-16 में उच्च विद्यालय बसही बसावन, 10+2उच्च विद्यालय सिसवार, मध्य विद्यालय बसावन, मध्य विद्यालय सिसवार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरैनी के छात्रों ने भाग लिया। अंडर-14 बालिका वर्ग में 10 + 2 उच्च विद्यालय सिसवार एवं अंडर-14 बालक वर्ग में 10+2 उच्च विद्यालय बसही बसावन की टीम विजयी रही। वही अंडर-16 बालक वर्ग में10+2 उच्च विद्यालय बसही बसावन की टीम विजयी रही। मौके पर शारीरिक शिक्षक संजय कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह के अलावे मध्य विद्यालय सिसवार के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार श्रीवास्तव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरैनी से कमलेश यादव, रविशंकर सिंह, अवध कुमार सिंह, रुखसाना बानो, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद फैयाज अंसारी, वाशिल अहमद, रंजीत कुमार तिवारी, जितेंद्र कुमार गुप्ता, अशफाक अहमद, संदीप कुमार, अंशु कुमारी समेत दर्जनों शिक्षक व गणमान्य मौजूद थे।

## जीवन को खुशहाल और स्वस्थ बनाने के लिए अपनायें शाकाहार : रवि पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** आज के परिवेश में जीवन को खुशहाल और स्वस्थ रखने के लिए लोगों को अपने आहार और विचार पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। लोगों का जीवन भाग दौड़ में व्यतीत हो रहा है और लोग लापरवाह होते जा रहे हैं जिसके कारण लोग अस्वस्थ और रोगी होते जा रहे हैं। इस सन्दर्भ में खान पान पर चर्चा करते हुए वरीय फिजिकल इंस्ट्रक्टर और शिक्षाविद् रवि भूषण पाण्डेय ने मांसाहार और शाकाहार पर एक विचारशील चर्चा की। उन्होंने कहा कि सात्विकता के लिए सात्विक भोजन, राजसिकता के लिए राजसिक भोजन और तामसी कार्यों के लिए तामसी भोजन करना चाहिए।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा।**
**Email-dcpsgarhwa@gmail.com**

**नियुक्ति सूचना।**

मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाएँ अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) गढ़वा में विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–PR342216 Women, Child Development & Social Security (2024-25)-D के आलोक में योग्य अभ्यर्थियों का अंतिम मेधा सूची www.garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, भवन, कल्याणपुर, गढ़वा में अपना योगदान करना सुनिश्चित करें। समय–सीमा समाप्ति के पश्चात योगदान स्वीकृत नही किया जाएगा। उक्त परिस्थिति में प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को योगदान कराने हेतु सूचित किया जाएगा।

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,
गढ़वा।

PR 353395 (Social Welfare,Women and Child Development) 25-26 (D)



**पुलिस उप-महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज**

निविदा संख्या–02/2025

| क्र0सं0 | निविदा का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | निविदादाता का नाम | पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज। |
| 2 | निविदा आमंत्रित करने की तिथि एवं समय | दिनांक–23/05/2025 समय–11:00 बजे पूर्वाहन से |
| 3 | निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–16/06/2025 समय–06:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा प्रपत्र प्राप्त/निविदा समर्पित करने का स्थान | पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज। |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज का कार्यालय कक्ष। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–19/06/2025 समय–11:00 बजे पूर्वाहन |

निविदा सूचना

पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक–1478/टी0एस0, दिनांक–26.12.24 के आलोक में पलामू क्षेत्र, डालटनगंज अंतर्गत पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला के विभिन्न थाना/ओ0पी0/ प्रतिष्ठान में अधिष्ठापित RO System के वार्षिक सम्पोषण (AMC) हेतु योग्य एवं इच्छुक फर्म से प्रति RO System की दर से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। RO System का कम्पनी एवं मॉडल का विवरण नीचे अंकित है तथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला में उनके अधिष्ठापन स्थान का विवरण एवं संख्यावार उनके मॉडल की विवरणी Annexure-I के रुप में साथ संलग्न है।

| क्र0 सं0 | Ro System का कम्पनी | RO System का मॉडल |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | AQUA GUARD | 120 UV |
| 2 | | RO 80 PSS |

निविदा की शर्तें निम्न प्रकार है :–

1. निविदाकर्त्ता द्वारा सीलबन्द लिफाफा में समर्पित निविदा पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज के कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित समय समाप्ति के उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. निविदाकर्त्ता को प्रतिभूति के रुप में रु0 5,000/– (पाँच हजार) की राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा जो ''पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज'' के पक्ष में भुगतेय होगा। न्यूनतम मूल्य घोषित किए जाने वाले फर्म को छोड़कर शेष सभी निविदाकर्त्ताओं को उक्त प्रतिभूति की राशि वापस कर दी जाएगी, जो उन्हें निविदा खुलने की तिथि के सात दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त कर लेना होगा। सफल निविदाकर्त्ता की प्रतिभूति राशि अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रखी जाएगी।
3. निविदाकर्त्ता को इस क्षेत्र में कम–से–कम पाँच वर्षों का कार्यानुभव होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
4. निविदाकर्त्ता का नाम/दुकान/फर्म के काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ–पत्र देना होगा।
5. निविदा में आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता एवं न्यूनतम मूल्य का ध्यान दिया जाएगा।
6. निविदाकर्त्ता को GST निबंधित होना चाहिए एवं विगत दो वर्षों का आयकर स्वच्छता प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
7. निविदा दिनांक–19/06/2025 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन में खोला जाएगा, जिसमें निविदाकर्त्ता/उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं, अनुपस्थित रहने के बाद में किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकता है।
8. जरुरत पड़ने पर निविदा के न्यूनतम मूल्य पर निविदा में शामिल एक से अधिक फर्म को कार्यादेश दिए जाने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगा, जिसके संबंध में किसी प्रकार का दावा माननीय न्यायालय में निविदाकर्त्ता द्वारा नहीं किया जा सकता है।
9. निविदा को संशोधित करने अथवा बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
10. कोई विशेष परिस्थिति होने पर निविदा खोलने की तिथि में संशोधन का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
11. सफल आपूर्तिकर्त्ता को निर्गत कार्यादेश में अंकित तिथि से कार्य प्रारम्भ करना होगा। संबंधित कार्य में लगने वाले सामग्री की आपूर्ति का ढुलाई भत्ता देय नहीं होगा तथा सामग्री के लिए कोई अग्रिम राशि देय नहीं होगा।। आपूति की गई सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। Installation आपूर्तिकर्त्ता द्वारा किया जायेगा, जिसके लिए अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
12. कार्यादेश प्राप्त होने वाले फर्म को प्रत्येक माह सभी Ro System का जाँच कर प्रमाण–पत्र अधोहस्ताक्षरी एवं संबंधित पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में समर्पित करना होगा।
13. ससमय कार्य नहीं करने अथवा सामग्री की गुणवत्ता सहीं नहीं होने पर किसी समय कार्यादेश को रद्द किए जाने का अधिकार गठित क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसके संबंध में किसी प्रकार का दावा माननीय न्यायालय में निविदाकर्त्ता द्वारा नहीं किया जा सकता है।
14. कार्य के उपरांत विपत्र का भुगतान निविदाकर्त्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए खाता संख्या/Payee I.D. के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जाएगा।
15. विपत्र राशि के भुगतान पर Section 194 C of the Income Tax के अनुसार TDS की कटौती की जाएगी।

पुलिस उप–महानिरीक्षक
पलामू क्षेत्र, डालटनगंज

PR 353388 Police (25-26)_D

# नवादा: आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु 26 से 28 मई तक विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभार्थियों तथा 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' निर्माण हेतु विशेष अभियान का आयोजन 26 मई 2025 से 28 मई 2025 तक पूरे नवादा जिले में किया जाएगा। इस विशेष अभियान के तहत नवादा जिले में 126700 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्ड निर्माण कार्य पंचायत सरकार भवन, पीएचसी, एपीएचसी, सीएचसी, प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, नगर परिषद/नगर पंचायत एवं जिला स्तर पर किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस विशेष अभियान (26 मई से 28 मई 2025) के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन नवादा द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने प्रखंडों में वार्डवार शिविरों हेतु स्थल का चयन करें और वहां प्रखंड/पंचायत स्तर के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। साथ ही शांति समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य, जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण में इच्छुक अन्य व्यक्तियों को भी वार्ड स्तर पर प्रतिनियुक्त किया जा सकता है। नगर परिषद नवादा, वारिसलीगंज, हिसुआ एवं नगर पंचायत रजौली के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वार्डवार कर्मियों/पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर सभी पात्र लाभार्थियों को योजना से आच्छादित करें।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें कर चिन्हित स्थलों के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दी गई है। साथ ही, आवश्यकतानुसार वीएलइ की प्रतिनियुक्ति शिविर स्थलों पर सुनिश्चित की जाएगी। कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं होने वाले ठुख्रक की सूची संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भेजी जाएगी, जो उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे। कार्यान्वयन की निगरानी हेतु समाहरणालय स्थित जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 26 से 28 मई तक प्रातः 6:00 बजे से कार्य समाप्ति तक सक्रिय रहेगा। यह अभियान नवादा जिले में आयुष्मान योजना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं संगठित प्रयास है।

## नागरिक को बिना पैसे के बेहतर इलाज की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड में राज्य सरकार के निर्देश पर 26 मई से 28 मई तक विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को बिना पैसे के बेहतर इलाज की सुविधा मिले। इसी क्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 26 से 28 मई विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड प्रखण्ड के सभी जनवितरण दुकानों, वसुधा केंद्रों एवं अन्य सम्बंधित स्थानों पर निःशुल्क बनाई जाएगी। उन्होंने 20 सूत्री के सभी सदस्यों समेत जनप्रतिनिधियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाने की अपील की है।

# नूरसराय से टॉप टेन अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना के टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार, सड़क पर लूटपाट के मामले में था वांटेड, परिवार के यहां छुपा था। नालंदा जिले में पुलिस प्रशासन ने अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नूरसराय थाना क्षेत्र के टॉप-10 सूची के मुख्य अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधी चंडी थाना क्षेत्र के बेलसंड गांव निवासी नागेश्वर यादव का पुत्र सूरज कुमार उर्फ सूर्या कुमार है। जिसे रहुई थाना क्षेत्र के ढिबरापर से गिरफ्तार किया गया है। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सूरज कुमार उर्फ सूर्या लूटपाट के मामले में वांटेड था। और पिछले 6 महीने से फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की लूटेरा ढिबरापर गांव में अपने मौसी



के घर रुका हुआ है। इसके बाद स्थानीय थाना के सहयोग से अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। सूरज कुमार सड़क पर लूटपाट की घटना को अंजाम देता है। इसने कुरियर बॉय, बाइक लूट समेत कई लूटपाट के कांड किए हैं। अपराधी के विरुद्ध नूरसराय थाना में पिछले साल नवंबर महीने में लूटपाट समेत अन्य मामलो में कांड दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, डकैती और अन्य संगीन अपराध शामिल हैं। इस सफल अभियान में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, दारोगा संजीव कुमार, सुमन सौरभ, राजू कुमार, राजकुमार चौधरी, समेत रहुई थाना एवं नूरसराय थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

# साइकिलंग रेस में तीन बेटियों ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शुक्रवार को कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में 14 से 16 आयु वर्ग के छात्र व छात्राओं के लिए संकुल संसाधन केन्द्रों पर चल रहे तीन दिवसीय 2025 मशाल खेल प्रतियोगिता के दुसरे दिन भी जारी रही। बादी सीआरसी में छात्र-छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में साइक्लिंग रेस आयोजन किया गया। जिसमें तीन बेटों से बराबरी पर मुकाबला करने के लिए साइक्लिंग रेस में तीन बेटीयों भी मैदान में बाजी मारी है। दो किलोमीटर दूरी में तेज साईकिल चलाने का सेहरा अपने नाम करने के लिए फाइनल मुकाबले तीन छात्र व छात्राओं ने सामुहिक रूप से भाग लिया। तब बेटियों ने इस मुकाबले को बराबरी पर ला दिया है। जिससे सामाज में स्पष्ट हो गया



कि बेटों से किसी भी क्षेत्र में बेटियां कम नहीं है। हमारे देश कि बेटीयां आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। इस संबंध में बीइओ अब्दुल मन्नान तथा टेक नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार चौधरी, गोवर्धन विगहा से संजय कुमार वर्मा, कटौना से शैलेन्द्र कुमार यादव ने सामुहिक रूप से बताया कि लड़कों व लड़कियों का सामुहिक साइकिल रेस का मुख्य उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना तथा छात्राओं में प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय से ड्रॉपआउट मुक्त बनाना है। लेखापाल राजन कुमार, अजय प्रसाद, सतिश प्रसाद, धीरज कुमार सहित अन्य लोगों ने गांव वासियों को संदेश दिया कि हर लड़की को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए, जो बच्चियां स्कूल छोड़ चुकी हैं। उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाना चाहिए। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक खेल प्रतियोगिता में भाग लिया।

## नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के तेलमर गांव में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमान प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं भंडारे अनुष्ठान में शुक्रवार को नवनिर्मित मंदिर में स्थापित हनुमान लला जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान पूजा-अर्चना के साथ की गई। आचार्य मनीष तिवारी द्वारा मुख्य यजमान को पूजा-अर्चना करायी गयी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 26 मई को जागरण व भंडारे के साथ यज्ञ का समापन हो जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां भव्य मेला लगाया गया है। रात्रि में रासलीला भी किया जाता है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के मनोज कुमार, नागेंद्र पासवान, विक्की पासवान, अजीत पासवान, राम-लक्ष्मण सिंह, महेश प्रभात, शिवकुमार प्रसाद समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर बनाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को लगभग 12 वर्षों के लम्बे अंतराल के बाद 20 सूत्री सह प्रखण्ड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड 20 सूत्री सह प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक की शुरुआत में नवमनोनित 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार का बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने जबकि उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा का सीओ मनीष कुमार द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इसके बाद अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सभी सदस्यों एवं अधिकारियों ने अपना परिचय



दिया। इसके बाद बैठक के मुख्य एजेंडा महिला संवाद कार्यक्रम, डॉ0 भीमराव अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान, तथा अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं अद्यतन स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि एक लंबे अरसे के बाद यह बैठक आयोजित की गई है। इसके लिए वे सभी सदस्यों का धन्यवाद देते हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नियम के अनुरुप कार्य करने की नसीहत दी तथा कहा कि विभागीय कार्यो एवं जनता से जुड़ी योजनाओं में किसी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सदस्यों ने प्रखंड स्तर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की एवं इसकी समीक्षा की गयी। मौके पर 20 सूत्री सदस्य अजित वर्मा, मुकुल सिंह, देवेंद्र सिंह, महेंद्र पासवान, शिवालक प्रसाद, ओमप्रकाश चौहान, अविनाश उर्फ मुकेश सिंह, हुसैना खातून, संगीता कुमारी, मन्नू चन्द्रवंशी,बबलू चौधरी, अवधेश राउत, संजू मांझी समेत एमओ राजीव कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रामप्रिय सहगल, टीबीओ डॉ0 हरिशंकर शरण, बीइओ सुशील कुमार,मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री, बीसीओ कुन्दन बर्णवाल, सीडीपीओ अंजली कुमारी, बिजली जेई अनीश कुमार, प्रधान सहायक संजय कुमार शम्मा, नाजिर गोपाल कुमार, बीडब्ल्यूओ लोकेशनाथ चौधरी, जीविका के बीपीएम, पीएचईडी जेई, स्वास्थ्य प्रबंधक रविचन्द प्रसाद आदि मौजूद थे।

# माड़ी गांव में बुजुर्ग की संदेहास्पद मौत, पुलिस जांच में जुटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में शुक्रवार की सुबह एक बुजुर्ग की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मामला बेन थाना क्षेत्र के माड़ी गांव का है। मृतक की पहचान स्व. जग्गू जमादार के (65) वर्षीय पुत्र शिव जमादार के रूप में की गई है। मृतक के पुत्र छोटू ने बताया कि गुरुवार की शाम पिता शराब पीकर घर आए थे। इसके बाद घर में कहा सुनी हुई। तब दोबारा वह शराब पीने के लिए घर से चले गए। जब वापस देर शाम लौट कर आए तो उन्हें खाना खाने के लिए पूछा गया। लेकिन वह बिना खाना खाए ही अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह जब पिता को घर के सदस्य उठाने गए तो वह अचेत होकर जमीन पर पड़े थे। जब उनका नब्ज टटोला गया तो उनकी मौत हो चुकी थी। सिर के पीछे जख्म का निशान है। दरअसल कुछ दिन पूर्व बेटों ने भैंस बेचीं थी। उसी का रुपया बुजुर्ग बेटों से मांग रहे थे। इसी बात को लेकर 15 दिन पूर्व भी बुजुर्ग ने फांसी लगाने का प्रयास किया था। बुजुर्ग की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। परिजन आशंका व्यक्त कर रहें हैं कि सिर में चोट की वजह से मौत हुई है। घटना के संबंध में बेन थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि चैकीदार के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक बुजुर्ग ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली है। इसके उपरांत पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। घरेलू कलह के कारण आत्महत्या की बात सामने आ रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**मारपीट व फायरिंग के मामले में पांच गिरफ्तार**

**बिहारशरीफ।** चेरो ओपी हरनौत थाना क्षेत्र के नेमचंदबाग गांव के मुशहरी टोला में तीन दिन पहले मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट एवं फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। मारपीट की घटना में दो-तीन लोग घायल भी हुए थे। इस मामले में दोनों तरह से चेरो ओपी थाना में दर्ज करायी गयी थी। थानाध्यक्ष ने शुक्रवार को बताया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नेमचंदबाग गांव के मुशहरी टोला से सोनू केवट, अनिल केवट, अशोक यादव, मल्लू मांझी और नीतीश मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## सड़क निर्माण में घोटाले की आशंका ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा प्रखंड के पूर्वी भाग में स्थित चेरो, ससौर, गोपालबाद एवं इसुआ पंचायतों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क कुछ माह पूर्व ही पटना की एजेंसी सत्येंद्र कुमार एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाई गई थी। यह निर्माण कार्य कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण प्रमंडल, बिहारशरीफ (नालंदा) की देखरेख में संपन्न हुआ था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में भारी अनियमितताएं हुई हैं। घटिया सामग्री के प्रयोग और लापरवाह निर्माण कार्य के चलते सड़क निर्माण के कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त होने लगी है। सड़क की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, जिससे आवागमन में लोगों को



भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले में गहरी नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इसकी जांच नहीं करवाई गई और मरम्मत कार्य नहीं हुआ, तो यह सरकारी धन की बर्बादी के साथ-साथ आमजन के लिए एक बड़ी मुसीबत बन सकता है।

# विभिन्न संकुलों में मशाल के तहत दूसरे दिन भी खेलकूद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के विभिन्न संकुलों में मशाल कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन भी शुक्रवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार, इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा, बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौन बाजितपुर में प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार,उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार समेत विभिन्न संकुलों में विभिन्न प्रकार के खेलकूद



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। तथा विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए मशाल कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार से शुरू किया गया है। जिसके तहत विद्यालय में बच्चों के बीच दौड़, कबड्डी दौड़, ऊंची कूद आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन शनिवार को होगा।

# कृषि विज्ञान केंद्र में धान के बीज का बिक्री शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा में शुक्रवार से किसानों के बीच धान के बीज का बिक्री कार्य शुरू किया गया। इसकी जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार की देखरेख में राजेंद्र स्वेता एवं सबौर सुरभित प्रजाति के धान के बीज का वितरण पचास रुपये प्रति



किलोग्राम की दर से बिक्री का कार्य शुरू किया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि उक्त बीज उन्नत किस्म की है। पहले दिन धान के बीज की खरीद के लिए किसानों की लंबी कतारें देखी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अमावां में निकाली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव में शुक्रवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारतीय सेना के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर देशभक्तों ने तिरंगा यात्रा निकाली।तिरंगा यात्रा अमावां के संगत प्रांगण से प्रारम्भ हुआ, जो अमावां बाजार से होते हुए देवी स्थान से पुनः मेन रोड होते हुए दुर्गा मंडप अमावां तक तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। भाजपा के अमावां मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार उर्फ गुड्डू राय के नेतृत्व में सैकड़ों राष्ट्रप्रेमी महिला-पुरुष एवं स्कूली बच्चों ने हाथों में



तिरंगा लेकर भारत माता की जयघोष के साथ गांव का भ्रमण किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता ने पाकिस्तान की हार और भारतीय सेना के शौर्य के जीत का जश्न तिरंगा यात्रा में मनाया। मंडल अध्यक्ष गुड्डू राय ने कहा कि ग़ह जीत 1971 के बाद की भारत सबसे बड़ी जीत है। हमारी सेना ने पाकिस्तान के 11 सैन्य बेस को ध्वस्त कर दिया और पाकिस्तान सेना ने महज 3 दिन में ही भारत के सामने घुटने टेक दिया।इस दौरान पाकिस्तान के प्रति जनता में काफी आक्रोश दिखा। देश प्रेमियों ने ऑपरेशन सिंदूर में देश के लिए अपने प्राण का न्यौछावर करने वाले मां भारती के वीर सपूतों को को याद कर उन्हें नमन किया।इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री सह रजौली विधानसभा प्रभारी अरविंद गुप्ता, पूर्व भाजपा विधायक कन्हैया रजवार,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कला संस्कृति मंच रुद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी आईटी सेल अविनाश कुमार, पूर्व बजरंग दल जिला संयोजक जितेंद्र प्रताप जीतू, विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा, प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा किरण देवी,पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव शंकर कुमार,मृत्युंजय कुमार सिंह,रामस्वरूप यादव,भाजपा नेता चंदन राजवंशी,दीपक रजक,बब्लू राम, राजीव रंजन,पवन पांडे,कन्हैया साव,कृष्ण मुरारी, विकास चौधरी, रेणु राय, राजेश कुमार, प्रशांत कुमार दीपू,कृष्णकांत पांडे, दीक्षित प्रसाद,धनु वर्णवाल, राजेश प्रसाद, गोरेलाल वर्मा, अशोक कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार सहित सैकड़ों की संख्या उपस्थित बच्चों एंव ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाया साथ ही भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी।

# शहीद मनीष के नाम पर बनेगा अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट गांव निवासी व भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार के याद में गांव में अस्पताल बनाया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को आयोजित प्रखण्ड 20 सूत्री की बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से पाण्डेयगंगौट गांव में छह बेड का अस्पताल बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। 20 सूत्री सदस्य मुकुल कुमार सिंह ने इस मुद्दा को उठाते हुए सीओ से जमीन चिन्हित करने का अनुरोध किया। सदस्यों ने कहा कि शहीद मनीष के नाम पर उनके गांव में अस्पताल बनने पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**20 सूत्री की बैठक में अचानक बेहोश हुए दारोगा**

कौआकोल प्रखण्ड परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित प्रखण्ड 20 सूत्री की बैठक में भाग लेने पहुंचे रूपौ थाना के दारोगा एसआई ध्रुव हाजरा अचानक बेहोश होकर कुर्सी से गिर गए। जिससे बैठक में थोड़ी देर के लिए अचानक अफरातफरी मच गई। बाद में 20 सूत्री के सदस्यों एवं अधिकारियों के सहयोग से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रामप्रिय सहगल के द्वारा निजी वाहन से



दारोगा को कौआकोल पीएचसी ले जाकर इलाज किया गया। बताया जाता है कि बीपी प्रॉब्लम के कारण एसआई अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े।

# ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल

## कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन, वितरण किए गए प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र के सिरदला प्रखंड के खटांगी पंचायत अन्तर्गत बकड़झोली ग्राम में हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के पहल के तहत चलाए जा रहे पांच दिवसीय चूड़ी एवं बाला बनाने के कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला मे 30 स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यशाला में ग्रामीण महिलाओं



ने विभिन्न प्रकार के चूड़ी एवं बाला बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया साथ ही वित्तीय साक्षरता एवं बाजार जुड़ाव से सम्बन्धित जरूरी प्रशिक्षण सत्र से जानकारियां भी अर्जित की। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बकड़झोली के प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी एवं हैंड इन हैंड संस्था के शिक्षा समन्यवयक डॉ.अभय कुमार द्वारा परिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उद्योगों को बढ़ाने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं ग्रामीण महिला स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद फील्ड समन्वयक रविंद्र कुमार ने बताया कि संस्था विगत कई वर्षों से नवादा, गया एवं नालंदा के पिछड़े क्षेत्रो मे बाल मैत्रीपूर्ण और एकीकृत समुदाय को बढ़ावा प्रदान करने एवं महिला सशक्तीकरण की पहल करती आ रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला मे अपने पांच दिनों के अनुभव को साझा किया एवं संस्था को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रशिक्षक अफसर अली,मोबिलाईजर संतोष रजक व गुड़िया कुमारी एवं डिजिटल सखी भारती कुमारी व सी एल सी शिक्षिका अनु कुमारी मौजूद रही।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 26 से चलेगा मेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सुपात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को वी सी के माध्यम से इसके संबंध में विस्तृत जानकारी दिए। राशन कार्ड धारी प्रत्येक परिवार के सदस्यों को आयुष्मान कार्ड योजना से जोड़ना है जिसके लिए तीन दिन विशेष अभियान चलेगा। जिला में 1 लाख 97 हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत 5 लाख रू. तक चिकित्सा सुधार निःशुल्क निबंधित अस्पतालों में मिलेगी। डीएम ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से वंचित लोगों के लिये गांव- गांव स्तर पर माइक्रोप्लान बनाये और सभी का कार्ड बनवाये। राज्य में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एबी-पीएमजेएवाई एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एमएमजेएवाई के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। साथ ही 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को चाहे उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, आयुष्मान वय वंदना कार्ड से आच्छादित किया जाएगा। इस योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क चिकित्सा प्रदान किये जाने का प्रावधान है। सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने के लिए 26 मई से 28 मई 2025 तक राज्य सरकार द्वारा विशेष अभियान आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। विशेष अभियान की तैयारी के निमित्त जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई है। विशेष अभियान में छूटे हुए पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया है। अभियान में राज्य के सभी पंचायत के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक पंचायत में 8 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। जिले में पंचायत की कुल संख्या 332 है। विशेष अभियान में राज्य के कोमन सर्विस सेंटर विलेज इंटल, आशा कार्यकर्ताओं, पंचायत स्तर पर कार्यरत पंचायती राज कार्यपालक सहायक, विकास मित्र, टोला सेवक, पंचायत रोजगार सेवक एवं अन्य ऑपरेटरों के माध्यम से कार्ड का निर्माण किया जायेगा। आज इस संबंध में विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके साथ ही 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए पंचायत सरकार भवन, प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय में आयुष्मान वय वंदना कार्ड का निर्माण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विविध माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। विशेष अभियान हेतु पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल, नगर निकाय एवं जिला स्तर पर की जाने वाली गतिविधियां के लिए स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग को अपने स्तर से अधीनस्थ पदाधिकारी को दायित्व एवं उसके निर्माण करने हेतु निर्देश देने का निर्णय लिया गया। शिविर के आयोजन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाएगा। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति अंतर्गत गठित जिला स्तरीय कार्यकारिणी परिषद् की बैठक तथा सभी स्तर के जन प्रतिनिधियों, विशेषकर पंचायती राज निकायों के साथ वार्ता और शिविर के सफल संचालन में सहयोग हेतु अपील की जाएगी। इसके तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों वार्डों आदि में बनाए जाएंगे। सिविल सर्जन, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इस अभियान के दौरान दायित्व का निर्वाहन करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीओ आईसीडीएस, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, डीपीएम स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 20 सूत्री सदस्य ने राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनगंज का किया औचक निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जी में शुक्रवार को सुबह 10 बजे नगर प्रखंड चंदौती के राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनगंज में नगर प्रखंड चंदौती के 20 सूत्री सदस्य सह युवा जदयू जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुशवाहा द्वारा अभिभावकों के द्वारा शिकायत किए जाने पर स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चलाई जा रही मिड-डे मील योजना का लाभ का विस्तार पूर्वक देखा और खाना का जांच कर उसके मेन्यू का पूरी जानकारी छात्र-छात्राओं के माध्यम से लिया है। प्रत्येक दिन का मेन्यू का लाभ छात्र-छात्राओं को मिल रहा है कि नहीं उसका भी पूरा जानकारी लिया और स्कूल के प्राचार्य अजय कुमार सिन्हा को अति आवश्यक स्कूल से संबंधित बच्चों को शिक्षा से संबंधी दिशा-निर्देश सहित अति महत्वपूर्ण सुझाव को दिए।

# मृतक का शव गांव पहुंचते ही मचा चित्कार, नेताओं ने जमकर की राजनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिकटिया के चपरी गांव के रहने वाले एक मजदूर सहित तीन बच्चों की मौत के बाद सभी का शव गांव लाया गया। घटना के तीसरे दिन बाद दो एंबुलेंस से शव गांव में आने पर चारों ओर चित्कार मच गया। इधर शव गांव पहुंचते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुट गए। इधर मृतक के परिजन शव देखकर चित्कार मार कर रोने चिल्लाने लगे जिन्हें ग्रामीणों ने ढाढस बंधवाया। उसके बाद 26 वर्षीय मजदूर रणजीत कुमार का दाह संस्कार और तीन बच्चों को दफनाया गया। इधर सभी घायलों को केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के द्वारा सुरक्षित बस से घर भेज दिया गया है। वहीं दिल्ली से आए सभी मजदूरों का इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम गांव पहुंचकर इलाज किया। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पहल पर गांव स्थानीय मेडिकल के टीम को भेज कर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या की गई। मेडिकल की टीम दिन रात कैंप कर रहे हैं। वहीं इस घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने मृतक के परिजनों से वीडियो कॉलिंग से बात कर जानकारी लिया और और उन्हें संवेदना दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद घटना है। इस दुखद घड़ी में भगवान उनके परिवारों को सहनशक्ति से और जो घायल है उन्हें मैं जल्द से कुशल स्वस्थ होने की भगवान से कामना करता हूं। वहीं इधर लघु जल संसाधन मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने इस घटना पर दुख प्रकट करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। जैसे ही घटना की जानकारी मिली मेरे पिताजी केन्द्रीय मंत्री के नेतृत्व में एक टीम भेज कर तत्काल लोगों को सुविधा दिलवाते हुए सभी को गांव तक पहुंचाने का कार्य किया है।



# बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड कार्यालय में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन जदयू जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर जदयू नेताओं ने भाग लिया और कार्यालय के सुचारू रूप से संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष जमीलू रहमान ने कहा कि कार्यालय के उद्घाटन से प्रखंड के विकास कार्यों में और अधिक गति मिलने की उम्मीद है। इस कार्यालय के माध्यम से बीस सूत्री कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर निगरानी और समीक्षा की जा सकेगी जिससे क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी। वहीं, जदयू जिला महासचिव आकिब आलम ने कहा कि आज का दिन हमारे प्रखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। इस कार्यालय के माध्यम से हम प्रखंड के विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान कर सकेंगे। बीस सूत्री कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर निगरानी और समीक्षा करने से हम क्षेत्र के विकास में मदद कर सकेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि यह कार्यालय हमारे प्रखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद करेगा। मौके पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि मुख्तार खान, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन प्रसाद, मो. हैदर, रामवृक्ष प्रसाद, टिकारी अध्यक्ष लक्ष्मी कांत, गुरारू अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, बांकेबाजार अध्यक्ष राम करण प्रसाद, इमामगंज बृजनंदन प्रसाद, गुरुआ नीतीश कुमार, मुकेश रंजन, शाहनवाज, नौशाद, मो.वकील समेत कई प्रखंड के अध्यक्ष और बीस सूत्री सदस्य शामिल हुए।



# जैविक खेती की प्रयोगशाला बना शेखवारा

## जंतु विज्ञान विभाग के छात्रों ने किया ज्ञानवर्धक परिभ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** शिक्षा जब प्रयोग से जुड़ती है, तभी उसका उद्देश्य पूर्ण होता है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर सत्र 2023-25 के छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। यह परिभ्रमण शेखवारा स्थित 'नंदिनी बायोफर्टिलाइजर संस्थान' में सम्पन्न हुआ जहां छात्रों ने जैविक खेती की दुनिया को नजदीक से समझा और महसूस किया। इस ज्ञानयात्रा का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रो. दिलीप कुमार केसरी एवं प्रो एसएनपी यादव 'दीन' के निर्देशन में डॉ कुमारी अदिति, पूनम सिंह एवं आभा कुमारी ने किया। छात्रों ने संस्थान के प्रोपराइटर संतोष कुमार एवं उनके सहायक अतुल आनंद से केंचुआ पालन, वर्मी कम्पोस्ट, वर्मीवॉश और जैविक कीटनाशक निर्माण की तकनीकों को न केवल देखा, बल्कि उनसे जुड़े वैज्ञानिक रहस्यों को भी समझा। छात्रों ने उत्साहपूर्वक संस्थान की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और जैविक उत्पादों की उपयोगिता, पर्यावरण पर प्रभाव तथा कृषि में उनके दीर्घकालिक लाभ के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रो केसरी ने कहा कि भविष्य की कृषि तभी टिकाऊ हो सकती है जब हम रसायनों की जगह प्रकृति से प्रेरित उपायों को अपनाएं। जैविक खाद और जैविक कीटनाशक न केवल हमारी मिट्टी को जीवंत बनाते हैं, बल्कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन के लिए भी वरदान हैं। इस शैक्षणिक परिभ्रमण ने छात्रों को पाठ्यपुस्तकों से बाहर निकलकर धरातल पर सीखने का अवसर दिया और उन्हें पर्यावरण-अनुकूल कृषि की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। इस अभिनव पहल के लिए विभाग की सराहना की जा रही है।




# गृहस्थ से बड़ा कोई संन्यासी नहीं : पं. गौरांगी गौरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखंड क्षेत्र के गनौरी टीला गांव में अपने कथा के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पंडित गौरांगी गौरी ने कहा कि भगवान सन्यासी से पहले गृहस्थों की मांग को पूरा करते हैं। गृहस्थ से बड़ा कोई सन्यासी नहीं। प्रभु का नाम लेने के लिए किसी विशेष समय, स्थान की आवश्यकता नहीं। भोजन बनाते समय प्रभु का नाम लेते रहने से भोजन स्वतः प्रसाद हो जाता है और उसके स्वाद में अंतर स्पष्ट पता चल आता है। कोई भी काम करें प्रभु का नाम लेते रहें कार्य स्वतः सिद्ध हो जायेगा। गौरतलब है कि प्रखण्ड क्षेत्र के गनौरी टीला गांव में पिछले 21 मई से 31 मई तक महारूद्र यज्ञ का आयोजन किया गया है और इस यज्ञ के दौरान सुश्री पूज्य अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पंडित गौरांगी गौरी का प्रवचन चल रहा है। यज्ञ एवं कथा के आयोजक जयमंगल प्रसाद सिंह एवं रंजीत सिंह ने गया जिला एवं औरंगाबाद जिला के सनातन धर्म प्रेमियों को लाखों लाख की संख्या में आने का आह्वान करते हुए कहा कि कथा स्थल पर रात्रि में भोजन, पानी एवं ठहरने के साथ-साथ सुरक्षा का उचित प्रबंध किया गया है।



# बिजली चोरी को लेकर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर गांव में बिजली विभाग ने बिजली चोरी के मामले में कड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने बिजली चोरी के आरोप में शुक्रवार को मामला दर्ज किया है और दोषी व्यक्ति पर जुर्माना भी लगाया है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान काबर गांव में अखिलेश कुमार पिता भुवनेश्वर महतो के घर बिजली चोरी के मामले सामने आए थे जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्हें 6559 रुपए जुर्माना लगाया गया है। विभाग बिजली चोरी के खिलाफ सख्त है और आगे भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पिंक बस सेवा शुरू करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** भाजपा के वरीय नेता सह गुरूआ विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवार के प्रबल दावेदार डॉ.लालजी प्रसाद यादव ने गया से कष्ठा-परैया-गुरारू-इसमाइलपुर तक पिंक बस सेवा अविलम्ब शुरू करने की मांग जिलाधिकारी से किया है। डॉ.यादव ने बताया कि यह क्षेत्र काफी पिछड़ा है। क्षेत्र में एक भी सरकारी/प्राइवेट कॉलेज नहीं है। सैकड़ों छात्रायें गया शहर में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन उच्च शिक्षा ग्रहण करने तीस किलोमीटर की दूरी तय कर गया जी शहर जाती हैं। साथ ही साथ इस रूट में दो प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परैया एवं गुरारू पड़ता है जहां दर्जनों महिला कर्मी एवं सैकड़ों शिक्षिकाओं के साथ ही साथ अन्य दर्जनों कामकाजी महिलाओं का अहले सुबह से देर शाम तक इस रूट में आवागमन लगा रहता है। ऑटो एवं अनिश्चित टाइम -टेबल रेल व्यवस्था हीं इनके आवागमन का मात्र सहारा है। ऐसे में इस रूट पर अविलंब महिलाओं के सम्मान में पिंक बस सेवा की शुरुआत की जाए। ज्ञात हो कि पिंक बस सेवा केवल महिलाओं के लिए समर्पित है। पिंक बसों में महिला ड्राइवर, कंडक्टर के साथ ही साथ जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा और इमरजेंसी अलार्म की व्यवस्था है। यह सेवा महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान का प्रतीक है।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**मछली पालन में रुचि रखने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के प्रवासी मजदूरों/कामगारों (Migrant workers) को सूचित किया जाता है कि मत्स्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 796 दिनांक 19.05.2025 के आलोक में प्रवासी मजदूरों/कामगारों (Migrant workers) को पलायन से रोकने एवं रोजगार से जोड़ने हेतु मत्स्य पालन कार्य से जोड़ा जाना है, तथा मत्स्य विभाग, द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाना है।

जिले के वैसे इच्छुक प्रवासी श्रमिक/कामगारों (Migrant workers) जिनके पास निजी अथवा लीज पर तालाब/जलकर हो वे रोजगार के उद्देश्य से मत्स्य पालन का कार्य कर सकते हैं। यह पहल श्रमिकों को स्थायी रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। मत्स्य पालन से संबंधित जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 353302 (Fish) 25-26 (D)


# मई माह का राशन अब भी प्राप्त कर सकते हैं लाभुक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित लाभुकों के बीच जून 2025 के लिए राशन का वितरण प्रारंभ हो चुका है। उन्हें बीते 22 मई से ही इसका लाभ दिया जा रहा है। वहीं मई 2025 के लिए राशन का वितरण पूर्व से निर्धारित 20 मई तक हो चुका है। इसके बाद भी अगर किसी लाभुक ने मई माह के राशन को अब तक प्राप्त नहीं किया है तो वे अब भी इसे प्राप्त कर सकते हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इसको लेकर घोषणा की है। विभाग ने यह घोषणा विभिन्न सूचना माध्यमों से मिली उस जानकारी के बाद की है जिसमें सामने आया था कि कुछ लाभुकों ने निर्धारित तिथि तक मई महीने का राशन प्राप्त नहीं किया है। इसलिए ऐसे लाभुकों को अपना राशन प्राप्त करने का एक मौका विभाग फिर से दे रहा है। वैसे लाभुक जिन्होंने मई 2025 का राशन प्राप्त नहीं किया है, वे अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के पास प्रथम बार में ई-पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद मई महीने का राशन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही ऐसे लाभुक द्वित्तीय बार में ई-पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद जून, 2025 महीने का राशन प्राप्त करेंगे। वहीं वैसे लाभुक जिन्होंने मई 2025 का राशन प्राप्त कर लिया है, उन्हें 22 मई 2025 से ही ई-पॉस के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद जून, 2025 का राशन दिया जा रहा है। इसलिए मई महीने का राशन प्राप्त कर चुके लोग अब जून महीने का राशन अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के पास जाकर प्राप्त कर सकते हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड–815301**

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :–**11/R1/2025-26/RWD/EE/GIRIDIH** दिनांक :– **22.05.2025**

गिरिडीह द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/GIRIDIH/ 04/2024-25 | मुण्डरो से कोल्हरिया तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2060 कि0मी0) | 2,25,57,400.00 | दो करोड़ पच्चीस लाख सन्तावन हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रका  ान की तिथि :– **28.05.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **09.06.2025** अपराह्न **5.00** बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **11.06.2025** अपराह्न **3.30** बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0– 06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह।

PR.NO.353363 REO(25-26):D



**।। जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा।।**

**–: आवश्यक सूचना :–**

गढ़वा जिलान्तर्गत वैसे सभी Pet Shop एवं Dog Breeding सेन्टर जो राज्य जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड, रॉची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे है उन्हे सूचित किया जाता है कि 15 दिनों के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal हेतु आवेदन कर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal करवाना अनिवार्य है। अन्यथा नियमानुसार पशु क्रय–विक्रय एवं तद्विषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 353318 (Animal Husbandry) 25-26 (D)



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Very Short Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 09/2025-26 | CONSTRUCTION OF PCC ROAD & RCC DRAIN FROM SIYASARAM PRASAD HOUSE VIA SARJU SINGH HOUSE RAJENDRA SINGH HOUSE, RAMANANDAN SINGH HOUSE TO NAHAR IN WARD NO. 04 UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 24,08,820/- | 48,200/- | 5,000/- | चार माह |
| 2 | UDHD/MMC/ 10/2025-26 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN & BITUMINOUS ROAD NEAR REDMA OVERBRIDGE AT WARD NO.-15, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 18,63,310/- | 37,300/- | 5,000/- | चार माह |
| 3 | UDHD/MMC/ 11/2025-26 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM CULVERT TO WELLNESS CENTRE BOUNDARY AND FROM PARSHURAM SENA OFFICE TO KAVYA PHARMA AT WARD NO -16 & 18, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 14,18,100/- | 28,400/- | 5,000/- | चार माह |
| 4 | UDHD/MMC/ 12/2025-26 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM PANKAJ SHARMA'S HOUSE TO BANK OF RIVER & FROM BINOD SONI'S HOUSE TO MANOJ YADAV'S AT WARD NO-19, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 12,19,260/- | 24,400/- | 5,000/- | चार माह |
| 5 | UDHD/MMC/ 13/2025-26 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN & REPAIR OF PCC ROAD FROM SHASHI KUMAR'S HOUSE TO KAMLESH PRAJAPATI'S HOUSE AT WARD NO. -19, UNDER MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 14,46,300/- | 29,000/- | 5,000/- | चार माह |
| 6 | UDHD/MMC/ 14/2025-26 | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM DEVNARAYAN SAW HOUSE TO VARUNPAL HOUSE IN WARD NO. 33 MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 10,61,806/- | 21,300/- | 5,000/- | चार माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 22/05/2025 At 05:00 PM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 26/05/2025 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 26/05/2025 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 05/06/2025 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 06/06/2025 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

**NOTE :-** Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 353310 District (25-26)_D

संपादकीय

# मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी : अच्छी पहल

मप्र के पांच बड़े शहरों को मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी की सौगात देना मोहन यादव का बड़ा, दूरदर्शी और सराहनीय फैसला है। इससे राज्य के पांच प्रमुख शहरों के बहुआयामी विकास को पंख लगेंगे। इन पांच में से भी दो सबसे अहम भोपाल और इंदौर को इस तरह की योजना की तुरंत आवश्यकता थी, क्योंकि इन दोनों शहरों का विकास चौतरफा और बहुत तेजी से हो रहा है। मोहन यादव मंत्रिमंडल ने देवी अहिल्या की नगरी इंदौर के ऐतिहासिक राजबाड़ा में आयोजित कैबिनेट की विशेष बैठक में इस अधिनियम को मंजूरी दी। इसका नाम मप्र मेट्रोपॉलिटन नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 (एक्ट) है। इसके तहत इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी (प्राधिकरण) बनाई जाएगी। पहले चरण में प्रदेश के दो सबसे बड़े शहरी क्षेत्र भोपाल और इंदौर को मेट्रोपॉलिटन रीजन के रूप में विकसित करने की शुरुआत होगी। उल्लेखनीय है कि भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन में 9600 वर्ग किमी और इंदौर रीजन में करीब 10 हजार वर्ग किमी क्षेत्र शामिल होगा। दोनों क्षेत्रों के लिए मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग कमेटी (एमपीसी) व मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमआरडीए) का गठन होगा। यह सवाल प्रदेश के नागरिकों के मन में उठना स्वाभाविक है कि इस तरह के मेट्रोपॉलिटन रीजन की जरूरत क्यों पड़ी, इससे क्या बदलेगा और आम लोगों को क्या फायदा होगा। इसका सबसे बड़ा कारण तो यही है कि इंदौर और भोपाल शहरों का विकास तेजी से हो रहा है। जैसे-जैसे शहर का दायरा बढ़ रहा है उसके हिसाब से प्लानिंग जरूरी है। शहरी और ग्रामीण विकास के लिए एकीकृत और समन्वित प्रयासों की जरूरत है। अगर भोपाल की ही बात की जाए तो प्रदेश की इस राजधानी का मास्टर प्लान आज तक मंजूर नहीं हुआ। कब होगा कोई नहीं जानता। संभव है कि मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी बनने के बाद इसमे कुछ तेजी और सुधार आए। नई अथॉरिटी से यह भी अपेक्षा है कि वह सम्बन्धित शहरों के विकास की क्षमताओं के आधार पर भूमि उपयोग का निर्धारण करने और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों और शहरों के एकीकृत विकास की योजना पर अमल करे। एक्ट के अंतर्गत इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया में पांच जिलों इंदौर, देवास, उज्जैन, धार और शाजापुर को शामिल किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल करीब 9 हजार वर्ग किमी का है। इसकी वर्तमान आबादी 55 लाख के करीब होगी, मगर इसे 75 लाख की आबादी को ध्यान में रखकर रीजन विकसित किया जाएगा। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) इसकी नोडल एजेंसी होगा। इसकी एक वजह 2028 में उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ समागम भी है। साथ ही इसमें दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को भी जोड़ा गया है। सरकार का मानना है कि इससे उद्योगों और व्यापार को नई गति मिलेगी। इसी तरह भोपाल मेट्रोपॉलिटन एरिया में भोपाल- सीहोर- रायसेन-विदिशा और राजगढ़ जिले के ब्यावरा को शामिल किया गया है। भोपाल विकास प्राधिकरण को मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलप करने के लिए नोडल एजेंसी होगी। इन पांचों जिलों को मिलाकर भोपाल रीजन का कुल क्षेत्रफल 9600 वर्ग किमी होगा। 14 माह में इन जिलों का सर्वे कर रीजनल डेवलपमेंट एंड इंवेस्टमेंट प्लान बनेगा। भोपाल रीजन दक्षिण में औबेदुल्लागंज और उत्तर में श्यामपुर व आष्टा तक हो जाएगा। पूरा प्लान 60 लाख की संभावित आबादी के हिसाब से तैयार किया जा रहा है। मेट्रोपॉलिटन रीजन एरियाको 4 चरणों में डेवलप किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें इंसेप्शन, सिचुएशन एनालिसिस, रीजनल एवं इन्वेस्टमेंट प्लान और डीपीआर शामिल है। कैबिनेट से मंजूरी के बाद एक्ट का बिल जुलाई में संभावित मानसून सत्र में पेश होगा। विधानसभा से अधिनियम को मंजूरी मिलने के बाद महानगर विकास प्राधिकरण (मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी) का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अथॉरिटी के अध्यक्ष होंगे। योजना अच्छी है, जमीन पर कैसे अमल में आती है, इस पर इसका भविष्य निर्भर है।


# सूचना क्रांति के दौर में गांधी की धीमी पत्रकारिता की प्रासंगिकता

**आज जानकारी उपनिवेश और साम्राज्य की गति से भी अधिक तेजी से दौड़ती है। इस सूचना क्रांति के बारे में कहा जाता है कि इसने साधारण लोगों का सशक्तिकरण किया है। इसकी बात नहीं होती कि सूचना की यह बिजली की गति लोगों को दास बनाकर एक मशीनी भ्रांति में रखने की गजब की ताकत भी रखती है। गांधीजी के लिखे में पाठकों को सब्र के साथ पढ़ने के निर्देश बार-बार आते थे। वे पाठक को धीमे-धीमे और कई बार पढ़ने को कहते थे। वे मानते थे कि उनके हर आदर्श पाठक में स्वाध्याय और सत्याग्रह की योग्यता है। आइये, इसे समझने के लिए किसी और देश काल में चलते हैं। 29 नवंबर 1898, दक्षिण अफ्रीका का डरबन शहर। इस दिन एक छापाखाना खुला था। इसके उद्घाटन समारोह में लगभग 100 लोग आए थे। मदन जीत नामक एक शिक्षक ने इसका खर्च उठाया था।**

**सोपान जोशी**

अब्दुल कादिर नाम के एक व्यापारी ने प्रेस लगाने के लिए बिना किराए की जमीन दी थी। असल में इस छापाखाने के पीछे 29 साल के युवा वकील मोहनदास करमचंद गांधी का हाथ था। न्यायालय में भारतीय व्यापारियों की तरफ से जिरह कर-करके मोहनदास को ब्रिटिश साम्राज्यवाद की करीबी समझ होने लगी थी। आमतौर पर वकील केवल अपने मुवक्किल की बात करते हैं, लेकिन मोहनदास को वकालत के संबंध बहुत संकरे लगने लगे थे। उन्हें अपना दायरा बढ़ाना था और ज्यादा लोगों से बात करनी थी। इसके लिए उन्हें एक ही रास्ता दिखा - पत्रकारिता। इस छापाखाने से मोहनदास के संपादन में 'इंडियन ओपिनियन' नामक एक पत्र निकलने लगा। वकालत की औपचारिक शिक्षा पाए मोहनदास ने अनौपचारिक और व्यावहारिक तरीके से पत्रकारिता सीखी। वे छापने लायक सामग्री इकट्ठा करते, उसकी छंटाई करते और उसे इस तरह से लिखते कि वह पढ़ने वालों में विचार का संचार करे। सत्य को गहराई से समझने की आदत डाले। उनकी लिखाई साफ-सुथरी थी और छपाई में सादापन था। कागज और छपाई के खर्च उन्हें महँगे पड़ते थे और धन की कमी सदा ही रहती थी। इसलिए संपादक गांधी का जोर रहता था कि कम-से-कम शब्दों में ज्यादा-से-ज्यादा बात हो। एक वकील अब एक मंजा हुआ पत्रकार बन चला था।

यह पत्रकार जानकारी और गुलामी का संबंध भी समझने लगा था। वे यह जानने लगे थे कि दुनिया का सबसे बड़ा साम्राज्य और उसकी शोषण की विशाल व्यवस्था तेज गति से जानकारी के लेन-देन पर टिकी हुई थी। साम्राज्य चलाने के लिए अँग्रेज हुक्मरानों को यह मालूम रखना जरूरी था कि कब, कहाँ, क्या हो रहा है। इस तेजी से चलती जानकारी के बिना साम्राज्य की सैन्य ताकत, पूंजीवाद की हवस और औद्योगिक मशीनों की शक्ति बेकार थी।




तब दक्षिण अफ्रीका में एक स्वतंत्र विचार का अखबार निकालना आसान नहीं था। खासकर जब भारतीय लोगों की समस्याओं पर सामाजिक आंदोलन भी खड़ा किया जा चुका हो। गांधीजी पर अध्ययन करने वाले कई लोग मानते हैं कि 1906 से 1909 के बीच का समय उनके लिए भारी उथल-पुथल का था। दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह थम गया था। जनरल स्मट्स के साथ किया समझौता गांधीजी को भारी लगने लगा था। धंधे में नुकसान के डर से धनी व्यापारी गांधीजी का साथ छोड़ चले थे। अब उनके समर्थकों में गरीब तबके के लोग ही ज्यादा रह गये थे।

गांधीजी अंतर्मुखी हो चले थे। उनका ध्यान सत्याग्रह के राजनीतिक पक्ष की बजाय, उसके अध्यात्मिक वजन पर जाने लगा था। वे साधारण लोगों में चेतना और विवेक चाहते थे, ताकि वे साम्राज्यवाद और औद्योगिक व्यवस्था से होने वाली मशीनी दुर्गति से बच सकें। उन्हें एक ही उपाय सूझा। जानकारी, सूचना और समझ की इस रफ़्तार को धीमा करने की जरूरत थी। पढ़ना-समझना मनुष्य के शरीर और मन की प्राकृतिक गति से क्यों न हो? उन्हें लगने लगा था कि पढ़ना, लिखना और संपादन, तीनों ही क्रियाएं ध्यान से और सोच-समझकर होनी चाहिए, हड़बड़ी और उतावली में नहीं।

पाठकों में यह बदलाव कैसे आए? इसका एक अद्भुत वृत्तांत मिलता है, 2013 में छपी एक अँग्रेजी किताब 'गांधीज प्रिंटिंग प्रेसः एक्सपैरिमेंट्स इन स्लो रीडिंग' में। किताब की लेखक हैं, अफ्रीकी साहित्य की प्राध्यापक इसाबेल हॉफ्मायर, जिन्होंने नए सिरे से पुराने दस्तावेजों को खंगाला है। उनकी किताब पत्रकारिता पर एक ऐतिहासिक नजर तो डालती ही है, हमारे आज के हालात में तो वह और भी आवश्यक है।


आज जानकारी अधिक तेजी से दौड़ती है। इस सूचना क्रांति के बारे में कहा जाता है कि इसने साधारण लोगों का सशक्तिकरण किया है। इसकी बात नहीं होती कि सूचना की यह बिजली की गति लोगों को दास बनाकर एक मशीनी भ्रांति में रखने की गजब की ताकत भी रखती है। सोशल मीडिया, टीवी न्यूज़ चैनल और स्मार्ट फोन बिजली की तेजी से लोगों को बरगलाने में सक्षम हैं। साधारण लोगों को एक क्रुद्ध और जानलेवा भीड़ में तब्दील कर देना इतना आसान पहले कभी नहीं रहा। स्मार्ट फोन में 'इंस्टॉल' करने के लिए विवेक और समझदारी का कोई 'ऐप' नहीं है।

ऐसे में गांधी जी के प्रयोग को याद करने की जरूरत है। थोड़ी धीमी गति से, नैसर्गिक गति से भी पत्रकारिता की जा सकती है, जो लोगों में विचार का संचार करे। इसाबेल की किताब विस्तार से बताती है कि गांधीजी ने अपने पाठकों को खुद तैयार किया था। वे संपादन की समस्याएं भी खुलकर बताते थे। एक जगह उन्होंने लिखा है कि संपादन करते समय उन्हें अपनी कमजोरियां और साफ दिखती हैं। कभी तो आत्मलीन होकर लच्छेदार भाषा में लिखने का मन होता है। फिर ऐसा भी लगता है कि अपने क्रोध के वश में आकर सारा जहर शब्दों में उगल दें, लेकिन उनकी कोशिश यही रहती थी कि संयम से काम लें, लिखाई में विवेक का सहारा लें।

ऐसा नहीं था कि पाठक से उनका संबंध किसी प्रचारक का रहा हो, जिसका जीवन वे अपनी विचारधारा के हिसाब से बदल देना चाहते थे। पाठक उनके लिए वह ग्राहक भी नहीं था, जिसकी आँख से होते हुए सीधे उसकी जेब पर निशाना साधा जाए। गांधी जी अपने पाठक के साथ बेबाक रिश्तेदारी और अधिकार रखते थे। वे यह भी लगातार कहते थे कि संपादक और मालिक से ज्यादा किसी प्रकाशन की मिल्कियत उसके पाठकों में होती है। पाठकों के पत्रों का जवाब वे ऐसे देते थे, जैसे किसी निकट के संबंधी से बात कर रहे हों। इस पत्रकारिता में एक विशाल और सदाचारी सामाजिक जीवन के बीज थे। धीरे-धीरे इससे एक ऊँचा और बड़ा पेड़ निकला, जिसकी शीतल छाया में हम आज भी बैठ सकते हैं। चाहे उसमें बैठे हुए हम बिजली की तेजी से अपने स्मार्ट फोन पर किसी और को बिला वजह गालियां ही क्यूँ न दे रहे हों।

अध्यात्म

## परिस्थितियां कैसी भी हों, हमेशा सकारात्मक सोचें



जो लोग विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोचते हैं, उनके जीवन की कई परेशानियां कम हो जाती हैं। ऐसे हालातों में नकारात्मक विचार हमारे काम को और ज्यादा बिगाड़ सकते हैं। इसीलिए हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है।

लोक कथा के अनुसार किसी गांव में दो संत एक साथ अपनी छोटी सी झोपड़ी में रहते थे। दोनों रोज सुबह अलग-अलग गांवों पर जाते और भिक्षा मांगते। शाम को झोपड़ी में लौट आते थे। दिनभर भगवान का नाम जपते। भिक्षा से ही उनका जीवन चल रहा था। एक दिन वे दोनों अलग-अलग गांवों में भिक्षा मांगने गए निकल गए। शाम को अपने गांव लौटकर आए तो उन्हें मालूम हुआ कि गांव में तूफान आया था। जब पहला संत अपनी झोपड़ी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि तूफान की वजह से झोपड़ी आधी टूट गई है। वह क्रोधित हो गया और भगवान को कोसने लगा। संत ने सोचा कि मैं रोज भगवान के नाम का जाप करता हूं, मंदिर में पूजा करता हूं, दूसरे गांवों में तो चोर-लूटेरे लोगों के घर को सही-सलामत है, हमारी झोपड़ी तोड़ दी। हम दिनभर पूजा-पाठ करते हैं, लेकिन भगवान को हमारी चिंता नहीं है। कुछ देर बाद दूसरा संत भी वहां पहुंचा। उसने भी टूटी झोपड़ी देखी। ये देखकर वह खुश हो गया। भगवान को धन्यवाद देने लगा। संत ने कहा कि हे भगवान, आज मुझे विश्वास हो गया कि तू हमसे सच्चा प्रेम करता है। हमारी भक्ति और पूजा-पाठ व्यर्थ नहीं गई। इतने भयंकर तूफान में भी हमारी आधी झोपड़ी तूने बचा ली। अब हम इस झोपड़ी में आराम कर सकते हैं। आज से मेरा विश्वास और ज्यादा बढ़ गया है। हमें सकारात्मक सोच के साथ हर परिस्थिति को देखना चाहिए। नकारात्मक विचारों की वजह से मानसिक तनाव बढ़ता है और हम अच्छी चीजों को भी देख नहीं पाते हैं।

# महिला अधिकारों के लिए लड़ती रही हैं बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक़

**26 साल की उम्र में अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी के एक साल बाद उनकी लघु कथा एक स्थानीय मैग्ज़ीन में छपी, लेकिन उनका शुरुआती विवाहित जीवन संघर्षों और कलह वाला रहा। इस बारे में उन्होंने कई बार खुलकर बात की है। वोग मैग्ज़ीन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'मैं हमेशा से लिखना चाहती थी लेकिन कुछ लिखने को नहीं था। फिर लव मैरिज के बाद अचानक मुझे बुरक़ा पहनने को कहा गया और पूरी ज़िंदगी घरेलू काम में लगाने को कहा गया। 29 साल की उम्र में मैं पोस्टपार्टम डिप्रेशन से पीड़ित मां बन गई।'**

**शेरिलान मोलान**

1990 से 2023 के बीच मुश्ताक़ की लिखी 12 लघु कथाओं वाली किताब 'हार्ट लैंप' में, दक्षिण भारत में मुस्लिम महिलाओं की मुश्किलों का बहुत मार्मिक चित्रण किया गया है। मुश्ताक़ को मिला पुरस्कार बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ़ उनके काम को ही रेखांकित नहीं करता बल्कि भारत की संपन्न क्षेत्रीय साहित्यिक परंपरा को भी दर्शाता है।

इससे पहले साल 2022 में गीतांजलि श्री की पुस्तक 'टॉम्ब ऑफ़ सैंड' को ये पुरस्कार मिला था। 'टॉम्ब ऑफ़ सैंड' का हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद डेज़ी रॉकवेल ने किया था। पुस्तक प्रेमियों के बीच बानू मुश्ताक़ की लेखनी चिर-परिचित है, लेकिन इंटरनेशनल बुकर अवार्ड ने उनकी ज़िंदगी और साहित्य को दुनिया के सामने पेश किया है।

उनका साहित्य महिलाओं के सामने आने वाली उन चुनौतियों की झलक देता है जो धार्मिक संकीर्णता और पितृसत्तात्मक समाज से पैदा हुई हैं। यह उनकी अपनी जागरूकता ही है जिसने शायद मुश्ताक़ को बारीक चरित्र और कथानक गढ़ने में मदद की। इस किताब के बारे में 'इंडियन एक्सप्रेस' में छपे रिव्यू में लिखा गया है, 'जहां साहित्य में अक्सर बड़े कथानक को पुरस्कृत किया जाता है, वहीं हार्ट लैंप हाशिए पर ज़िंदगियों के बारे में है। ये किताब टिकी है अनदेखे विकल्पों के बारे में बारीक़ नज़र पर। और यही उसकी ताक़त है। यही बानू मुश्ताक़ की ख़ामोश ताक़त है।'

मुश्ताक़ कर्नाटक के एक छोटे से कस्बे में मुस्लिम इलाके में पली-बढ़ीं और अपने आसपास की अधिकांश लड़कियों की तरह उन्होंने भी स्कूल में उर्दू भाषा में कुरान का अध्ययन किया। लेकिन सरकारी कर्मचारी रहे उनके पिता चाहते थे कि बानू मुश्ताक़ आम स्कूल में पढ़ें। जब वह आठ साल की थीं, तब उनके पिता ने उनका दाख़िला एक कॉन्वेंट स्कूल में करवाया जहां कन्नड़ भाषा में पढ़ाई होती थी। मुश्ताक़ ने कन्नड़ भाषा में माहिर होने के लिए कड़ी मेहनत की। बाद में यही भाषा उनकी साहित्यिक अभिव्यक्ति की भाषा बन गई।

स्कूल के समय से ही उन्होंने लिखना शुरू कर दिया। जब उनकी सहेलियां शादी करने लगीं तो बानू मुश्ताक़ ने कॉलेज जाने का विकल्प चुना। मुश्ताक़ का लेखन छपने में सालों लगे और यह तब हुआ जब वह ख़ास तौर पर अपनी ज़िंदगी के सबसे चुनौतीपूर्ण पलों से गुजर रही थीं।

26 साल की उम्र में अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी के एक साल बाद उनकी लघु कथा एक स्थानीय मैग्ज़ीन में छपी, लेकिन उनका शुरुआती विवाहित जीवन संघर्षों और कलह वाला रहा। इस बारे में उन्होंने कई बार खुलकर बात की है। वोग मैग्ज़ीन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'मैं हमेशा से लिखना चाहती थी लेकिन कुछ लिखने को नहीं था। फिर लव मैरिज के बाद अचानक




मुझे बुरक़ा पहनने को कहा गया और पूरी ज़िंदगी घरेलू काम में लगाने को कहा गया। 29 साल की उम्र में मैं पोस्टपार्टम डिप्रेशन से पीड़ित मां बन गई।'

'द वीक' मैग्ज़ीन को दिए एक अन्य इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि किस तरह उनकी ज़िंदगी घर के अंदर बंध कर रह गई थी। इसके बाद, एक चौंकाने वाले विद्रोह ने बानू मुश्ताक़ को मुक्त कर दिया। उन्होंने पत्रिका को बताया, 'एक बार बहुत निराशा के पलों में मैंने खुद को आग लगाने के लिए अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया था। शुक्र है कि मेरे पति समय रहते भांप गए। उन्होंने मुझे गले लगाया और माचिस दूर फेंक दी। फिर मेरे पांव में बच्चे को रख कर मिन्नत की कि हमें मत छोड़ो।'

'हार्ट लैंप' में उनकी महिला किरदार प्रतिरोध और विद्रोह के इसी जज़्बे को प्रतिबिंबित करती हैं। 'इंडियन एक्सप्रेस' अख़बार में छपे एक रिव्यू के अनुसार, 'मुख्य धारा के भारतीय साहित्य में, मुस्लिम महिलाओं को अक्सर एक जैसे सपाट रूपकों में ढाल दिया जाता है। मुश्ताक़ ने इसे ख़ारिज किया। उनके किरदार मेहनती हैं, मोलभाव करते हैं और कभी कभी विरोध भी दर्ज करते हैं। ये विरोध वैसा नहीं है जिससे सुर्ख़ियां बनें बल्कि ऐसा है जिससे उनकी ज़िंदगी में फ़र्क पड़े।'

लेकिन उनकी तीखी लेखनी ने उन्हें नफ़रत के निशाने पर भी ला दिया। 'द हिंदू' अख़बार में दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि कैसे साल 2000 में उन्हें धमकी भरे फ़ोन आए थे क्योंकि उन्होंने मस्जिदों में नमाज पढ़ने के महिला अधिकारों के समर्थन में अपने विचार प्रकट किए थे। उनके ख़िलाफ़ फ़तवा जारी किया गया और एक व्यक्ति ने उनपर चाकू से हमला करने की कोशिश की, हालांकि उनके पति ने उसे दबोच लिया। लेकिन इन घटनाओं से मुश्ताक़ डरी नहीं और उन्होंने ईमानदारी से लिखना जारी रखा।

'द वीक' मैग्ज़ीन को उन्होंने बताया था, 'मैंने हमेशा अंधश्रद्धा वाली धार्मिक व्याख्याओं को चुनौती दी है। ये मुद्दे मेरे लेखन के केंद्र में रहे हैं. समाज बहुत बदल गया है, लेकिन बुनियादी मुद्दे अभी भी वही । भले ही संदर्भ बदल रहा हो- लेकिन महिलाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों का बुनियादी संघर्ष जारी हैं।'

पिछले कुछ सालों में मुश्ताक़ के लेखन को कर्नाटक साहित्य अकादमी पुरस्कार और दाना चिंतामणि अत्तिमाबे पुरस्कार समेत कई प्रतिष्ठित स्थानीय और राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। 2024 में, 1990 और 2012 के बीच प्रकाशित मुश्ताक़ की पांच लघु कहानी संग्रहों के अनूदित अंग्रेजी संकलन, 'हसीना एंड अदर स्टोरीज' ने प्रतिष्ठित 'पेन ट्रांसलेशन प्राइज' भी जीता था।

(बीबीसी हिंदी से साभार)

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास कर सकते हैं। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद शान्त होंगे। घर के सदस्यों के बीच सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**वृषभ**
उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। नया व्यवसाय आरम्भ करने का विचार बनायेंगे।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त ध्यान देना पड़ेगा। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें। आपका बहुमूल्य समय अनावश्यक कार्यों में व्यर्थ हो सकता है।

**कर्क**
आज आपको मेहनत बहुत अधिक करनी पड़ेगी। आय के नये विकल्प निर्मित हो सकते हैं। छोटे-मोटे कार्य निपटाने के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**सिंह**
जो आपका विरोध करते थे वे भी आपके अनुकूल होते प्रतीत होंगे। धर्म-कर्म के प्रति आस्थावान रहेंगे। मधुमेह से पीड़ित जातकों को सेहत का ध्यान रखना चाहिये।

**कन्या**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। वैवाहिक जीवन को आज पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। अन्यथा पाचन खराब हो सकता है।

**तुला**
आपकी विचारधारा से लोग अलगाव की भावना रख सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। युवाओं को करियर में अच्छे विकल्प मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज आपका मूड बहुत ही अच्छा रहेगा। घर में अधिकाधिक समय बिताने का प्रयास करेंगे। व्यापार में विस्तार करने की योजना बनायेंगे।

**धनु**
नौकरीपेशा लोगों को तनाव हो सकता है। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। निवेश करते समय सावधानी रखनी चाहिये। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की सराहना होगी। किसी उत्सव को लेकर यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सरकारी कार्यों की उलझनें दूर होंगी।

**कुंभ**
महत्वपूर्ण वस्तुओं के गुम होने की सम्भावना है। धन को लेकर थोड़ी समस्या होगी। मित्रों के साथ वैचारिक मतभेद होने की सम्भावना है।

**मीन**
आज पुराने मित्रों से मिलना हो सकता है। विपरीत परिस्थितियों पर नियन्त्रण पा लेंगे। किसी परिजन या रिश्तेदार के विवाह की तैयारी हो सकती है।

# कहलगांव ने मनाया गौरवशाली 41वां स्थापना दिवस

## सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में संस्था रही है सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कहलगांव।** देश की ऊर्जा राजधानी कहे जाने वाले एनटीपीसी कहलगांव ने अपने 41वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन कर गौरवशाली उपलब्धियों और प्रेरणादायक भविष्य की दिशा में अपने संकल्प को और मजबूत किया। मुख्य समारोह का शुभारंभ एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक संदीप नायक द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसमें सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोशिएशन प्रतिनिधि, कर्मीगण तथा सहयोगी एजेंसियों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ध्वजारोहण के पश्चात एनटीपीसी का नैगम गीत 'अंधकार की घोर निशा में, ज्योति किरण बन कर हम छाए...' गूंज उठा, जिससे सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रनिर्माण की भावना से ओतप्रोत हो उठा। श्री नायक ने अपने संबोधन में कहा, 23 मई 1984 को बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर सिंह द्वारा इस परियोजना की आधारशिला रखी गई थी। आज 41 वर्षों के अथक परिश्रम, प्रतिबद्धता और नवाचार के साथ एनटीपीसी कहलगाँव न केवल विद्युत उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि राज्य और राष्ट्र के ऊर्ज़ा मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने स्टेशन की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि संचालन, अनुरक्षण और मानव संसाधन विकास जैसे क्षेत्रों में एनटीपीसी कहलगांव ने अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी संस्था निरंतर सक्रिय रही है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर, नेताजी सुभाष चंद्र प्रेक्षा गृह में आयोजित विशेष कार्यक्रम में एनटीपीसी के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री नायक ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि आज की उपलब्धियों की नींव उन्हीं के समर्पण और परिश्रम पर टिकी है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दीप्तिनगर स्थित मुख्य भवन, द्वारों और प्लांट परिसर को पुष्पों व रंग-बिरंगे विद्युत बल्बों से आकर्षक रूप से सजाया गया। इस विशेष अवसर पर प्रभात रंजन बारीक (महाप्रबंधक, अनुरक्षण), भारती नंदन (कमांडेंट), भास्कर गुप्ता (अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन), डॉ. सुष्मिता सिंह (सीएमओ, जीवन ज्योति चिकित्सालय) समेत सभी विभागों के प्रमुख, यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधि, और बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मीगण उपस्थित रहे। एनटीपीसी कहलगाँव ने इस स्थापना दिवस को केवल अतीत की उपलब्धियों का उत्सव नहीं बनाया, बल्कि भविष्य की ओर अग्रसर होने का संकल्प दिवस भी बनाया – जहाँ हर कर्मी ऊर्ज़ा, उत्साह और उत्कृष्टता की भावना से ओतप्रोत है।

# बदलते मौसम से गर्मी से मिली निजात

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार की रात्रि गर्मी से परेशान लोगों को बारिश होने से काफी राहत मिली है। बारिश होने से खेतों को हरा-भरा कर दिया है। गांव से लेकर शहर के आम लोगों को भी उमस से निजात मिला। गर्मी से त्रस्त लोग ने पिछले दो दिनों से काफी राहत महसूस कर रहे हैं। गंगरहो गांव निवासी कपड़ा व्यवसाई नंदन महतो ने बताया पिछले कई दिन से गर्मी और उमस ने हालत खराब कर दी थी। खेतों में काम करने वाले किसान एवं मजदूरी करने करने वाले मजदूर ने भी बारिश को गर्मी से राहत का तोहफा बताया। हालांकि, इस हवा और बारिश से बखरी क्षेत्रों में गुरुवार रात्रि से सुबह तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहा हालांकि विभाग के तत्परता से सुबह बिजली को सुचारू कर दिया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक बिहार समेत कई इलाकों में मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। यह बारिश न सिर्फ गर्मी से राहत देगी, बल्कि खेती-किसानी के लिए भी वरदान साबित हुई है।

# किसानों के लिए बहुमूल्य होगा फार्मर आईकार्ड

## पंचायतों में शिविर का किया जा रहा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न राजस्व ग्रामों में फार्मर आई कार्ड निर्माण तथा किसानों के ईकेवायसी कार्य प्रगति पर है। इसके लिए पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षु बीएओ शोभित कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग तथा कृषि विभाग के संयुक्त समन्वय स्थापित कर यह कार्य किया जा रहा है। फार्मर आई कार्ड किसानों के लिए बहुमूल्य दस्तावेज होगा। इसमें किसानों के जमीन का सभी ब्योरा अंकित रहेगा। इस कार्ड के माध्यम से किसानों को राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके

**किसानों के लिए होगा महत्वपूर्ण दस्तावेज**

लिए किसानों के खुद के नाम पर जमीन होना अनिवार्य है। किसानों को आधार कार्ड, जमीन की रसीद, किसान रजिस्ट्रेशन, मोबाइल फोन लेकर शिविर में लाना अनिवार्य है। फार्मर आई कार्ड निर्माण का लक्ष्य 19887 है। वर्तमान में वृंदावन तथा करैटाड़ राजस्व ग्राम ने शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। जबकि अन्य राजस्व ग्राम में अद्यतन स्थिति ईकेवायसी का 229 तथा एफ आर निर्माण का 177, समसा में 150, 121, पहसारा में 120, 114, गम्हरिया में 25, 25, रजाकपुर में 289, 265, छतौना में 93, 71, महेशवाड़ा में 17, 16, नावकोठी में 75, 71, वृंदावन में 04, 04, वृंदावन बी में 27, 21, चकमुजफ्फर में 40, 28, गौरीपुर में 49, 40, इसफा में 29, 25 है। जबकि करैटाड़ में शतप्रतिशत उपलब्धि 93,93 है। शिविर में बीएओ शोभित कुमार के अतिरिक्त सजय कुमार, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, संजीव कुमार, अखिलेश्वर राम, अशोक पाल, किसान सलाहकार श्रवण कुमार, दयानंद गुप्ता, मुकेश कुमार, प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।

# फिर से नीतीश कुमार की सरकार बनाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** चेरिया बरियारपुर विधानसभा में संगठन की मजबूती फिर से नीतीश कुमार की सरकार बनाने पर विशेष चर्चा हुई। जिले के प्रसिद्ध अर्थोपेडिक सर्जन सह प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य डां. प्रवीण कुमार ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड की चिड़िया बरियारपुर विधानसभा संगठन का एक बैठक आहूत की गई। जिसमें पार्टी ने बीते 20 वर्षों की सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। वहीं बेगूसराय के सभी विधानसभा के सभी पंचायत में बूथ कमेटी का निर्माण हो चुका है। जिसमें सभी बुथ पर



सभी जाति, समुदाय, महिला सहित सभी वर्गों के लोगों को जोड़ा गया है। जो विधानसभा में हर घर जाकर लोगों को बीते 20 वर्षों में नीतीश सरकार के द्वारा किए गए कार्यों और उनकी उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में पूर्व विधान पार्षद सह जिला अध्यक्ष रूदल राय, पूर्व मंत्री मंजू वर्मा, जिला महासचिव अरुण गांधी, जिला प्रवक्ता अरुण महतो, वरिष्ठ जदयू नेता सह जिला अनुसूमण समिति उपाध्यक्ष अकील अख्तर, जिला उपाध्यक्ष तकनीकी प्रकोष्ठ पप्पू कुशवाहा, महेश कुशवाहा, पिंटू कुमार, जितेंद्र यादव सहित जदयू से जुड़े सदस्य उपस्थित थे।

# पोषण भी पढ़ाई भी को लेकर दी गई ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कॉलेज कक्ष में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में पोषण भी पढ़ाई भी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रियंका ने किया। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत दिशा निर्देश पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण को प्रभावशाली तरीके से देने के लिए विभिन्न टूल्स का उपयोग किया गया। इसके साथ ही बाल गीत, चेतना गीत, खेल- खेल से सीखना, रोल प्ले, मोटिवेशनल वीडियो एवं प्रेजेंटेशन द्वारा सभी



माड्यूल नवचेतना, आधारशिला एवं मार्गदर्शिका का विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया एवं सामूहिक रूप से चर्चा किया गया। महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा बाल विकास, पोषण, स्कूल पूर्व शिक्षा, समुदायिक सहभागिता, वृद्धि निगरानी, कुपोषित, अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान देखभाल एवं परामर्श, अनीमिया नियंत्रण, पोषण वाटिका का संवर्धन एवं अर्ली चाइल्डहुड केयर और एजुकेशन के एकीकृत दृष्टिकोण पर गहन चर्चा की गई।

इसके साथ ही पीरामल फाउंडेशन के द्वारा स्वास्थ्य और पोषण पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य एवं पोषण के विभिन्न सूचकांक शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु, कुपोषण दर 2030 का लक्ष्य, 1000 दिन अवसर का अवधि में प्राथमिकता आधारित हस्तक्षेप, स्वास्थ्य एवं पोषण सेवा सुदृढ़ीकरण एवं सामुदायिक आधारित गतिविधि पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुरूप चर्चा किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को इन सभी प्रशिक्षण मॉड्यूल में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रियंका, पीरामल फाउंडेशन अंजय कुमार, गांधी फैलो तपस्विनी, महिला पर्यवेक्षिका बबिता कुमारी, प्रति कुमारी झा, रेणु सिन्हा, रंजना कुमारी, अनंत कुमार सभी आंगनबाड़ी सेविका आदि मौजूद थी।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण को लगेगा कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड निर्माण हेतु सोमवार से तीन दिवसीय कैंप लगेगें। बीपीआरओ निधि प्रिया ने बताया कि आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड से वंचित लोगों को इससे लैस करने की कवायद की जा रही है। इस कैंप में 70 से अधिक आयुवर्ग के 3456 लोगों को तथा इससे कम आयुवर्ग के 7654 लोगों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनेगा। इस कैंप का आयोजन प्रत्येक पंचायत के पंचायत भवन निर्धारित किया गया है। इस कैंप में एलईभी की तैनाती के साथ साथ इसके प्रचार प्रसार हेतु जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ताओं, जीविका दी दियों, पंचायत सचिव, विकास मित्र, शिक्षा स्वयंसेवक, जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं को कैंप तक लाभुकों को भेजने हेतु सहयोग की अपील की गई। इस स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से लाभुकों को चयनित अस्पताल में पांच लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज करवा सकते हैं। अर्थाभाव में किसी व्यक्ति का इलाज बाधित होने से छुटकारा मिल जाएगा।

## एक नजर

### मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न संकुल में मशाल खेल प्रतियोगिता के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसका उद्घाटन संकुल समन्वयक और संचालन नामित शिक्षकों ने संयुक्त रूप से किया। हसनपुर बागर के अपग्रेडेड 2 स्कूल चकमुजफ्फर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र, छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग अंडर14 में क्रिकेट बॉल थ्रो मेंदिव्या कुमारी तथा बालक वर्ग से रवि कुमार अव्वल आये। वहीं अंडर 16 में बालक वर्ग से शिवम कुमार तथा बालिका वर्ग से रागिनी कुमारी प्रथम आये। कबड्डी प्रतियोगिता में संतोष कुमार, विशाल कुमार, मो अली, पीयूष कुमार, रविराज की टीम ने बाजी मारी। फुटबाल में अब्दुल्ला, मो हमैज,जीसामे,सुमन कुमार, पीयूष कुमार, सुमन कुमार, प्रिंस कुमार की टीम ने बाजी मारी। इन सफल प्रतिभागियों का मुकाबला प्रखंड स्तरीय चयनित टीम से होगा।निर्णायक मंडल में किसलय कुमार, कन्हैया कुमार, वीरेंद्र प्रताप, अस्मिता कुमारी, अभय कुमार, खुशबू कुमारी आदि मौजूद थे।

### महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के समसा पंचायत में जीवन जीविका महिला ग्राम संगठन समसा और गंगा जीविका महिला ग्राम संगठन समसा में महिला संवाद कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। बीपीएम मनोरंजन कुमार ने संवाद के माध्यम से जीविका से जुड़ी महिलाओं को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विभिन्न योजनाओं से जुड़ी लीफलेट का भी वितरण किया गया उन्होंने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य की नीव यह संवाद रखेगा। मुख्यमंत्री के संदेशों की जानकारी उपस्थित महिलाओं को दी गयी। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं जिससे महिलाओं के जीवन में आए बदलाव उसकी जानकारी भी दी गयी। महिला संवाद में जीविका से जुड़ी वैसी महिलाएं जो लाभ ले चुकी हैं। उसके अनुभवों को साझा किया गया। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक रुम कुमारी, सामुदायिक समन्वयक रीना कुमारी, विकाश कुमार, अर्चना कुमारी, दुलारचंद राम आदि मौजूद थीं।

### कबड्डी में मध्य विद्यालय सहुरी का रहा दबदबा

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के फुलकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आयोजित संकुल स्तरीय खेल में मध्य विद्यालय सहुरी के बच्चों दब दबा रहा।ये खेल का आयोजन बिहार सरकार के द्वारा संचालित कार्यक्रम मशाल 2024- 25 के तहत खिलाड़ी के पहचान के लिए आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संकुल स्तरीय खेल में कबड्डी के अंडर 14 वर्ष के वर्ग 6 से 8 वीं तक के बच्चों के खेला गया। इसमें तीन विद्यालय मध्य विद्यालय सहुरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहुरी नवीन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी के बालक वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मध्य विद्यालय सहुरी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी के बीच खेला गया 18- 9 अंकों की बढ़त से उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी को मध्य विद्यालय सहुरी ने शिकस्त देकर जीत अपने नाम हासिल किया। खेल का विधिवत् उद्घाटन सहुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय जय राम सहनी, सामाजिक कार्यकर्ता सरोज कुशवाहा समेत विद्यालय के प्रधान शिक्षक मोहम्मद असलम, अशोक कुमार दास, मिथलेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग कर्मी ममता कुमारी, प्रमिला कुमारी, शिक्षक संतोष चौरसिया, मनोज कुमार साह, अजित कुमार, अशोक कुमार, धीरेन्द्र चौहान, विधि व्यवस्था के लिए चौकीदार अशोक कुमार, विपिन कुमार समेत सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए जदयू नेता

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के बागवन पंचायत के पूर्व मुखिया एवं जदयू के कद्दावर नेता रामशरण राय की 5 वीं पुण्यतिथि डरहा गांव स्थित उनके पैतृक आवास पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, राजनीतिक नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत स्व. रामशरण राय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर की गई। गुरुवार को उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान और नेतृत्व क्षमता को याद किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक सूर्यकान्त पासवान ने कहा कि रामशरण राय समाजसेवा के प्रतीक थे। उन्होंने हमेशा पंचायत के विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी।वहीं पूर्व डीएसपी एवं जन सुराज के संभावित विधानसभा प्रत्याशी रामचंद्र राम ने कहा कि राय जी का जीवन संघर्ष और समर्पण से भरा रहा, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर जिला परिषद घनश्याम राय,पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश पासवान, बलराम कुशवाहा, जवाहर सिंह, राजकुमार राय,ललन राय दीपक आजाद, डा विशाल, मनोज चौधरी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# 20 सूत्री की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मनरेगा सभा भवन में बीस सूत्री की बैठक शांति पूर्वक संपन्न हुई। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबली ने की। बैठक में बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने आगामी 26 से 28 मई को प्रखंड और पंचायत में लगने वाले शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर जानकारी दिया। शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे इसको लेकर लोगो को जागरूक करने का अपील किया। बैठक में सदस्यों ने बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पशु टीकारण, नल जल, पीएम आवास सहित अन्य समस्याओं को रख सभी समस्याओं का निदान समय पर निष्पादन करने का मांग किया। सदस्यों ने नल जल, विद्युत समस्या सहित अन्य समस्या को लेकर प्रखंड के पदाधिकारी को शिकायत करने के बाद भी कारवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए लापरवाह पदाधिकारी और कर्मी के विरुद्ध कारवाई की मांग की। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। मौक पर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, अंचलाधिकारी वीणा भारती, सीडीपीओ प्रियंका, बीपीआरओ राजू कुमार, पीओ रजनीश कुमार, पीएचसी प्रभारी अमित कुमार, प्रखंड प्रमुख गोबिंद कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष कुमार बबली, उपाध्यक्ष किशोरी प्रसाद सिंह, सदस्य पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, अनिल सिंह, सरोज कुमार ललित झा, निर्दोष सिंह, राम पुकार मंडल, मो ओबैश करनी, अरुण कुमार मुखिया आदि मौजूद थे।

# सीआरसी स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** उच्च माध्यमिक विद्यालय निपानिया मधुरापुर में दो दिवसीय सीआरसी स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे अंडर 14 और अंडर 16 के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय निपानिया मधुरापुर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेलो का आयोजन



किया जा रहा है जिसके संचालक मध्य विद्यालय निपानिया के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार तिग्गा एवं संकुल समन्वयक ओमप्रकाश गुप्ता थे। शारीरिक शिक्षिका पिंकी कुमारी की देखरेख में खेलो का आयोजन सही ढंग से संचालित हो रहा है। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष कुमार गौतम ने छात्रों के बीच आकर उनका हौसला बढ़ाया। आगे कुमार गौतम ने ये बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद में भी जमकर भाग लेना चाहिए क्योंकि खेल से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। आज खेले गए इवेंट्स में साइकिलिंग अंडर 14 छात्र एवं छात्रा के अंतर्गत प्रथम स्थान मध्य विद्यालय निपानिया के प्रतिभागी क्रमशः कमल नयन और शिवानी कुमारी रही। कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 14 के अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं के इवेंट में मध्य विद्यालय रेलवे बरौनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। साइकिलिंग में अंडर 16 में प्रथम स्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय निपानिया मधुरापुर के छात्र एवं छात्रा क्रमशः शशांक कुमार एवं शिवानी कुमारी रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्य विद्यालय निपानिया एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय निपानिया मधुरापुर के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगसराय।** स्थानीय श्रीकृष्ण महिला महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में तीस दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व प्राचार्य महिला कलेज ड सपना चौधरी, रंगकर्मी अवधेश, नृत्य गुरु आचार्य सुदामा गोस्वामी, समाज सेवी विश्वरंजन कुमार सिंह कार्यशाला कर्डिनेटर ड अमित रोशन ने संतुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। स्वागत संबोधन करते हुए ड अमित रोशन ने कार्यशाला के प्रारूप की विस्तृत जानकारी दी। ड रोशन ने कहा ये बेगुसराय के बच्चों के लिए सुनहरा अवसर है और इसके लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के आभारी हैं कि बेगुसराय में बच्चों के लिए उन्होंने अपना कार्यशाला आयोजित किया। बच्चों को नाट्यकला के बारे में इससे बेहतर जानकारी मिल सकेगी। सपना चौधरी ने इस आयोजन को अनोखा बताया उन्होंने कहा कला की ओर उन्मुख बच्चे समाज की अग्रणी पंक्ति में खड़े होते हैं। तीस दिवसीय इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न स्कूल व स्थानीय स्तर से 100 बच्चों ने साक्षात्कार दिया। जिसमें से 35 बच्चों का चयन किया गया है। जो आगे 22 जून तक चलेगा। जिसकी जानकारी कार्यशाला निदेशक कुंदन कुमार व सह निर्देशक सारिका भारती ने दिया। मौके पर चंदन कुमार सोनू, सचिन कुमार, मोहित मोहन, बिट्टू कुमार, नीरज कुमार, सचिन कुमार, रामनचंद्र वर्मा सहित बच्चों के 100 से अधिक अभिभावक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# योगियां हाई स्कूल में कबड्डी में छात्र-छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर।** राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में प्रायोजित खेल कूद प्रतियोगिता मशाल का दूसरा दिन कबड्डी का रहा। सीआरसी पंचायत स्तर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से चयनित भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। रसूलपुर थाने की असहनी पंचायत स्थित मेजबान सीआरसी योगियां हाईस्कूल के छात्र छात्राओं के साथ मध्य विद्यालय योगियां और मध्य विद्यालय असहनी के छात्र-छात्राओं के बीच रोमांचक कबड्डी खेल में बालिकाओं का दबदबा रहा।बालक वर्ग के भी खेल की



सराहना की गई।मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य लालबाबू यादव, राकेश तिवारी, दीपक कुमार, कर्पुरी ठाकुर ,अयूब अंसारी, खेल शिक्षक प्रत्युष कुमार मिश्रा, सुरेंद्र मांझी, मुकेश कुमार, आजय कुमार शिक्षा कर्मी उपस्थित रहे। समन्वयक सुरेंद्र मांझी ने बताया कि यहां से चयनित छात्र छात्राओं की सूचि बीआरसी एकमा को भेजा जा रहा है। वहां प्रखंड स्तरीय खेल में बच्चे अपनी प्रतिभा दिखायेंगे।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर चलेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर आगामी 26, 27 व 28 मई को आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। अभियान के क्रम में अधिक से अधिक लोगों के कार्ड निर्माण को लेकर जिलाधिकारी अनिल कुमार की अगुआई में विशेष पहल की जा रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित अन्य विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में जिले के सभी पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अगुआई में विशेष बैठक आयोजित की गयी। इसमें अभियान की सफलता को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गयी। वहीं आयुष्मान कार्ड के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने व कार्ड निर्माण को लेकर उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से फ़ेसबुक लाइव कार्यक्रम के माध्यम से जिलाधिकारी अनिल कुमार ने अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए लोगों से आयुष्मान कार्ड निर्माण की अपील की। परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाना जरूरी होता है ताकि उन्हें इसका लाभ मुहैया कराया जा सके। वहीं उन्होंने 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिये संचालित आयुष्मान वय वंदना कार्ड के संबंध में बताया कि इसके तहत बुजुर्गों को इलाज के लिये प्रति वर्ष पांच लाख रुपये अतिरिक्त धनराशि देने का प्रावधान है। जिले में आगामी 26 से 28 मई तक जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर आयोजित विशेष अभियान के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि इसके तहत विभिन्न पंचायत सरकार भवन में विशेष कैंप आयोजित किये जा रहे हैं। सुदूरवर्ती कुछ इलाके जो पंचायत सरकार भवन से दूर हैं। वहां कार्ड निर्माण को लेकर अतिरिक्त टीम की प्रतिनियुक्ति की जा जा रही है। ताकि लोगों को कार्ड निर्माण में किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा सीएचसी के ऑपरेटर, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका आवास सहायक, पीआरएस सभी को कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में संलग्न किया गया है। ताकि अभियान के क्रम में अधिक से अधिक लोगों को कार्ड निर्माण संभव हो सके। विभिन्न स्तर पर इसे लेकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

# पथ निर्माण के सभी कार्य बरसात से पहले सुनिश्चित करायें : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** मोतिहारी में शिक्षा मंत्री सह पूर्वी चंपारण के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। इस बैठक में मंत्री गन्ना उद्योग कृष्णनंदन पासवान, सांसद पश्चिम चंपारण संजय जायसवाल, सांसद शिवहर लवली आनंद, विधायक प्रमोद कुमार, पवन जायसवाल, लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार सिन्हा, सुनील मणि तिवारी, राणा रणधीर, ई. शशि भूषण सिंह, श्याम बाबू प्रसाद यादव, शालिनी मिश्रा, विधान पार्षद महेश्वर सिंह एवं खालिद अनवर, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, नगर आयुक्त सौरव सुमन, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, कार्य विभागों के कार्य पालक अभियंता




सहित कार्यक्रम कार्यान्वयन में समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में सभी अतिथिगण का जिलाधिकारी के द्वारा स्वागत किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्रवाई प्रारंभ हुई। जिलाधिकारी के द्वारा पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिला में चल रहे विकास के कार्य की जानकारी सभी सदस्य गण को दी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार के तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम- महिला संवाद, डॉ.अंबेडकर समग्र सेवा अभियान एवं आपका शहर आपकी बात अभी जिला में चल रहे हैं। महिला संवाद कार्यक्रम के बारे में जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए किए गए कार्यों की जानकारी महिलाओं को दिया जा रहा है तथा महिलाओं से इन कार्यक्रमों में उनकी अपेक्षा की जानकारी भी प्राप्त की जा रही है जिसे सूचीबद्ध किया जा रहा है एवं उसे कार्यान्वित किया जा रहा है। इसी तरह डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अंतर्गत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति / महादलित टोले में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से इस समाज के लोगों को आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में जिला में अभी तक 1453 शिविर लगाया जा चुका है और इसके माध्यम से 73147 व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम अंतर्गत नगर निगम मोतिहारी के विस्तारित क्षेत्र के कुल 27 मोहल्ले में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमें से 20 मोहल्ले में यह कार्यक्रम पूर्ण कर लिया गया है इस दौरान लोगों ने 289 योजनाओं की मांग रखी है जिसमें नाली गली पार्क निर्माण जैसे मांग आई है जिसका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत 35 करोड़ की राशि का टेंडर किया गया है। हाल ही इन योजनाओं का शिलान्यास भी किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा जिले में कुल 500 पथों के निर्माण की निविदा प्रक्रियाधीन है। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग ने बताया कि लगभग 100 पथों का निविदा प्रक्रिया के पश्चात एग्रीमेंट भी कर लिया गया है। इस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि बरसात से पहले सभी पथों का निर्माण हो जाए यह सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में उठे अन्य प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि नदी तटबंधों को बरसात से पहले अतिक्रमण मुक्त कर दिया जाए साथ ही सभी पुल पुलिया के अंदर की सफाई कर दी जाए ताकि पानी के बहाव में कहीं रुकावट पैदा नहीं हो।शिक्षा विभाग से जुड़े प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि विद्यालय में कार्यरत रसोईया का मानदेय बढ़ाने पर विभाग में विचार किया जा रहा है और इस पर शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि स्पेशल टीचर की बहाली के लिए अधीयाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि 2017 के बाद अनुकंपा के 6421 मामले लंबित है इसके लिए विभाग के द्वारा नियमावली बना ली गई है और शीघ्र ही इस पर कैबिनेट अप्रूवल कराकर अगले एक दो माह में अनुकंपा के सभी लंबित मामलों के विरुद्ध नियुक्ति कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पठन-पाठन के लिए पाठ्य पुस्तक का वितरण विगत 15 अप्रैल तक सभी विद्यालयों में लगभग 95% बच्चों को कर दिया गया है।

# चिरैया के 71 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन : रामबाबू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर उत्तरी पंचायत में शुक्रवार को बजरंग जीविका महिला ग्राम संगठन एवं सरोगढ पंचायत में शिवशक्ति जीविका महिला ग्राम संगठन की दीदियों द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक जीविका दीदी एवं अन्य महिलाओं ने भाग लिया। संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी ने योजनाओं के संबंध में अपनी आकांक्षाएं व मंतव्य भी साझा किए। इस संबंध में जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार ने बताया कि विगत 18 अप्रैल से अब तक चिरैया प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में कुल 71 स्थानों पर ग्राम संगठनों द्वारा सफलता पूर्वक महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। आज के संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा जीविका से मिले लाभ, सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ, सरकारी योजनाओं से मिले लाभ पर अनुभव साझा किया गया। सरकारी योजनाओं से मिले लाभ पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर



अपनें विचारों को रखा। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने तथा आरक्षण का लाभ मिलने से हुए बदलाव पर भी अपने अनुभव साझा किए। मुख्य रुप से स्वरोजगार, पेंशन की राशि एवं साईकिल राशि बढाने, सड़क, चिकित्सा शिविर, जीविका ग्राम संगठन भवन निर्माण, जीविका पुस्तकालय भवन निर्माण, सतत जीविकोपार्जन योजना में अन्य सभी वर्गों से जुड़ाव, महिला उद्यमी योजना, बैंक ऋण में ब्याज छूट आदि की मांग आ रही है। मौके पर कार्यक्रम में आयोजक दल के नोडल पदाधिकारी रामाकांत शर्मा, टीम लीडर दीपक कुमार चौधरी एवं रिंकी कुमारी, सदस्य चंदेश्वर कुमार, रूबी देवी, सविता देवी, प्रदीप कुमार, मनोज पंडित सहित सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदी एवं अन्य महिलाएं मौजूद थी।

# निराश्रित बच्चों के सर्वे के लिए चलेगा अभियान : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्वी चंपारण मोतिहारी श्वेता सिंह के द्वारा बताया गया है कि निराश्रित बच्चों की मदद के लिए सहायता, संस्थागत देखभाल, क्षमता निर्माण और विधिक सेवा प्रदान करने के लिए निराश्रित बच्चों का सर्वे और आइडेंटिफिकेशन का कार्य 26 मई 2025 से किया जाएगा जो 26 जून 2025 तक चलेगा। इस संबंध में आज जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी एवं सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई पूर्वी चंपारण के साथ बैठक कर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा बताया गया कि निराश्रित बच्चों के सर्वे के पश्चात उनके आधार पंजीकरण के लिए 27 जून 2025 से 5 अगस्त 2025 तक कैंप लगाकर मिशन मोड में कार्य किया जाएगाद्य उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला स्तर पर जिला साथी कमेटी का गठन किया गया है जिसकी अध्यक्ष वे स्वयं हैं इसके अतिरिक्त इसमें बाल संरक्षण पदाधिकारी, यूआईडीएआई के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, महिला एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जूविनाइल यूनिट के पुलिस पदाधिकारी,चाइल्ड केयर के प्रतिनिधि, चार पैनल अधिवक्ता एवं चार पारा लीगल वॉलिंटियर्स समिति में शामिल हैंद्य उन्होंने बताया कि यह कार्य राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में किया जाना है।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पूर्वी चंपारण ने बताया कि निराश्रित बच्चे, वे बच्चे हैं जिनके पास भोजन, आश्रय और देखभाल जैसी बुनियादी जरूरत के लिए संसाधन और सहायता उपलब्ध नहीं होती। जो माता-पिता की मृत्यु, परित्याग या पारिवारिक कठिनाई जैसे विभिन्न परिस्थितियों के कारण पैदा होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से साथी योजना अंतर्गत अभियान चला कर इनकी पहचान की जाएगी। इनका आधार पंजीकरण कराया जाएगा एवं इन्हें संस्थागत देखभाल और इनकी क्षमता निर्माण का कार्य किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर इन्हें विधिक सेवा- आरटीई एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट,पास्को और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत इन्हें संरक्षण प्रदान किया जाएगा।

# अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के श्रीपुर- कुंडवा चैनपुर रोड़ स्थित लोटाहा पुल के निकट पुलिस ने छापेमारी बाइक पर सवार धंधेबाज के पास से ब्रांडेड महंगे दाम का 25 बोतल अंग्रेजी शराब को जब्त कर बाइक समेत धंधेबाज को पकड़ लिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष मधुकर कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जगीरहा कोठी गांव निवासी कन्हैया राय के रूप में किया गया है। युवक के पास से जिसमे 759 एमएल के छह पीस एवं 375 एमएल के 19 पीस महंगे दामों के ब्रांडेड अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# भौतिकी विभाग की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** एस. यू. कॉलेज, हिलसा के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. इंद्रजीत सिंह, कुलसचिव प्रो. एन. के. झा, प्राचार्य प्रो. गजेन्द्र प्रसाद गदकर, आयोजन सचिव डॉ. सम्राट सरकार तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया।

कार्यशाला का विषय 'एनवायरमेंटल रेमिडीएशन बाई रिन्यूएबल एंड सब्सटेंस एनर्जी' रखा गया था। अपने उद्घाटन संबोधन में कुलपति प्रो. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सौर, पवन, जल व भूतापीय ऊर्ज़ा जैसे प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त ऊर्ज़ा न केवल अक्षय होती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी होती है, जो जलवायु परिवर्तन की चुनौती को कम करने में सहायक सिद्ध हो रही है। कुलसचिव प्रो. एन. के. झा ने कहा कि विश्व स्तर पर ऊर्ज़ा संरक्षण को लेकर सजगता बढ़ी है, ऐसे में गैर-पारंपरिक ऊर्ज़ा स्रोतों के संरक्षण व उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

प्राचार्य प्रो. गदकर ने स्वागत भाषण में ग्रामीण क्षेत्र के इस कॉलेज की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम से पूर्व कुलपति और कुलसचिव ने कॉलेज संस्थापक बाबा विष्णु प्रकाश उदासीन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कॉलेज परिसर में नए फिजिक्स लैब व पुराने छात्रावास का निरीक्षण किया।

आयोजन सचिव डॉ. सम्राट सरकार ने कहा कि अक्षय ऊर्ज़ा स्रोतों का उपयोग ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाता है, जो जलवायु



परिवर्तन को रोकने में सहायक है। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन फिजिक्स टीचर्स यूनियन के प्रो. वी. सी. रॉय, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. अयान मुखर्जी, प्रो. अनीता सागर एवं प्रो. ए. के. भास्कर ने विषय की प्रासंगिकता पर विचार रखे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की पूर्व गतिविधियों पर आधारित एक डोक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई। पूर्व प्रधान सहायक अरुण प्रसाद को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा विषय से जुड़ी व्यापक जानकारी दी गई। अतिथियों को अभिनंदन पत्र डॉ. लूसी कुमारी और डॉ. राजीव नयन सिंह ने पढ़ा। मंच संचालन प्रो. पी. सी. चौरसिया और वंदना रानी ने किया।

# प्राकृतिक खेती अपनाएं किसान, आत्मा एवं नमामि गंगे के संयुक्त प्रयास से प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला के कृषि विभाग (आत्मा) द्वारा जिला गंगा समिति (नमामि गंगे) के सहयोग से शुक्रवार को स्थानीय अब्दुल बारी नगर भवन, जहानाबाद में किसानों के लिए एकदिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक, डी.आर.डी.ए. डॉ. रोहित कुमार मिश्रा एवं जिला कृषि पदाधिकारी संभावना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, गंधार के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान डॉ. मुनेश्वर प्रसाद, सहायक मुर्गीपालन पदाधिकारी डॉ. रानी कुमारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ. वाजिद हसन एवं जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) अमित



कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। डॉ. वाजिद हसन द्वारा प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयाम - जीवामृत, घनामृत, बीजामृत, नीमास्त्र आदि की निर्माण विधियों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित सैकड़ों किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जहानाबाद जिले के पांच प्रखंडों में पांच क्लस्टर चिन्हित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक क्लस्टर 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल का है - कुल 250 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक क्लस्टर में जीविका समूह की दो कृषि सखी के चयन की योजना है, जो स्थानीय स्तर पर किसानों को मार्गदर्शन देंगी।

प्रगतिशील किसानों - शिवानंद विद्यार्थी, विश्वनाथ यादव, शिवनारायण यादव एवं अभय शर्मा द्वारा प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए गए, जिससे अन्य किसान भी इस दिशा में प्रेरित हुए।वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रारंभिक दो वर्षों में उत्पादन में कमी संभव है, परंतु तीसरे वर्ष से उपज में वृद्धि होती है और जैविक उत्पादों का बाज़ार मूल्य भी अधिक होता है। साथ ही, यह खेती मृदा और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है।इस अवसर पर सहायक निदेशक (उद्यान) रूपेश कुमार अग्रवाल, सहायक निदेशक (भूमि संरक्षण) राम लखन ठाकुर, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) राकेश कुमार, मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला की श्वेता प्रिया, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी इंदू सिन्हा, डीपीएम जीविका अनिता कुमारी सहित कृषि विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जहानाबाद का वार्ड नंबर 10 विकास से है कोसों दूर, न नाली बनी, न सड़क, गंदगी से लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद नगर परिषद के वार्ड नंबर 10 के हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो आज तक न तो नाली का निर्माण हुआ है और न ही पीसीसी या पक्की सड़क का कोई काम किया गया है। गंदगी का आलम यह है कि नाली नहीं होने के कारण गंदा पानी घरों तक घुस जाता है। स्थानीय मुहल्ले के निवासियों का कहना है कि आने वाले मानसून में हालात और भयावह हो सकते हैं। गंदगी के चलते पहले से ही बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है, और बरसात के दौरान यह और गंभीर रूप ले सकता है। लोगों ने बताया कि आए दिन किसी न किसी छोटे-बड़े हादसे की खबर मिलती रहती है। गली-मोहल्लों में कीचड़ और गंदे पानी के चलते बच्चों और बुजुर्गों का बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

**शिकायत के बावजूद नहीं सुनवाई**

स्थानीय निवासियों ने बताया कि वार्ड पार्षद को



कई बार शिकायत दी गई, लेकिन न तो कोई निरीक्षण किया गया और न ही समाधान निकला। लोगों ने यह भी बताया कि चुनाव के बाद पार्षद कभी दोबारा वार्ड में लौटकर नहीं आए। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष से भी कई बार गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।शादी-विवाह और बच्चों की पढ़ाई भी हो रहा प्रभावित। स्थानीय लोग बताते हैं कि शादी-ब्याह जैसे आयोजनों में भी गंदगी और जलजमाव के कारण बड़ी मुश्किलें आती हैं। बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने में भी काफी परेशानी होती है।

वहीं वार्ड नंबर 10 के लोग ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से अपील की है कि जल्द से जल्द नाली और सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि उन्हें गंदगी और बीमारियों से राहत मिल सके। स्थानीय प्रशासन की चुप्पी और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता वार्ड के नागरिकों को सवाल करने पर मजबूर कर रही है।अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागता है और कब इस उपेक्षित वार्ड को विकास की मुख्यधारा में लाया जाता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**
**g-mail I.D. – eemid041@gmail.com**
पत्रांकः–196 मेदिनीनगर, दिनांक– 21/05/2025

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0– निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/ MEDININAGAR /B.D./S.L.I.-01/2025-26, PR No:- 352964 Minor Irrigation (25-26)#D Construction of Jhari Solar Lift Irrigation Scheme में निर्गत सूचना में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है।

उक्त ई0– निविदा सूचना में निर्गत **10 HP Pumps (DC Surface water Pumps)** के स्थान पर **10 HP Pumps (AC Surface Water Pumps)** पढ़ा जाय।

PR 353347 Minor Irrigation(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**


# अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला कार्यालय, गांधी कॉम्प्लेक्स में अमर वीरांगना अहिल्याबाई होलकर का जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीता शर्मा ने की और संचालन रुही शर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम में मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग बिहार सरकार कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि अहिल्याबाई ने मुगलों द्वारा नष्ट किए गए सोमनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर सहित कई प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने पूरे भारत में 100 से अधिक शिक्षालय, देवालय और घाटों का निर्माण करवाया। इन कार्यों के लिए उन्हें 'पुण्य श्लोक' की उपाधि से सम्मानित किया गया।वहीं मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर मालवा साम्राज्य की रानी थीं, जो मराठा संघ का हिस्सा था। वह एक दूरदर्शी शासक के रूप में जानी जाती है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने कुशल प्रशासन और न्याय के लिए अपनी प्रसिद्ध नीति के लिए जानी जाती थीं। वे अपने क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और परोपकार के लिए भी जानी जाती हैं। अहिल्याबाई को एक सांस्कृतिक और साहित्यिक संरक्षक के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने साहित्य और कला को बढ़ावा दिया और कई विद्वानों और कलाकारों को संरक्षण दिया। कार्यक्रम में उप महापौर गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, डॉ0 लालबाबू प्रसाद, महिला मोर्चा की प्रभारी मीना मिश्रा, भाजपा जिला प्रवक्ता संगीता चित्रांश, डॉ0 हेना चंद्रा, उषा गुप्ता, इलायची देवी, शोभा गुप्ता, पुतुल रानी, पूजा सिंह, पुटू सिंह, वहीदा अहमद, पूजा सिंह, प्रमिला श्रीवास्तव, रीना सिन्हा एवं नीता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# सफाई व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोप बिल्कुल निराधार : श्याम शर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** नगर पंचायत के अंतर्गत सफाई व्यवस्था को लेकर जो आरोप - प्रत्यारोप लग रहे है, उस पर सुगौली नगर पंचायत वार्ड नम्बर 8 के वार्ड पार्षद श्याम शर्मा ने प्रेस कॉफ्रेन्स कर बिल्कुल निराधार बताया है। बताया कि नगर पंचायत के सफाई कार्य से मेरा दूर - दूर तक कोई लगाव नहीं है। इस कार्य को लेकर मेरे ऊपर जो भी आरोप - प्रत्यारोप लग रहें है, उस संबंध मे मै कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। अगर सफाई कर्मीयों का वेतन और



ईपीएफ का करोड़ो रूपये के गबन की बात कहीं जा रही है, तो इस विषय को सरकार अपने स्तर से इसे जांच करवाये और जो भी दोषी पाये जाते है, उसको कड़ी से कड़ी सजा सरकार देगी। पत्रकारों द्वारा श्याम शर्मा से पूछा गया कि केवल श्याम शर्मा को हीं क्यों टारगेट किया जाता है? तो इन्होने अपने जबाब मे बताया कि मेरे किये गये विकास कार्य को लेकर मैं हमेशा अपने विरोधियों के राडार पर रहता हूं लेकिन सुगौली नगर पंचायत की जनता मुझे सुगौली के विकास पुरुष के नाम से जानती है।


**कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
**(आपूर्ति शाखा)**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत आच्छादित राशनकार्डधारक 30 जून 2025 तक माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का अग्रिम अनाज अपने संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के माध्यम से प्राप्त करें।**

भारत सरकार एवं खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड, रांची के दिशा–निदेश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत माह अगस्त, 2025 तक के अवधि के लिए खाद्यान्न का अग्रिम उठाव एवं वितरण किया जाना है। विभागीय पत्र संख्याः–1266/रांची, दिनांक 15.05.2025 के अनुसार सभी NFSA (PHH और AAY) राशनकार्डधारकों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त, 2025 का खाद्यान्न 30 जून, 2025 तक अपने टैग किये गये उचित मूल्य की दुकानों (FPS Dealer) से प्राप्त कर लेना है।

अग्रिम उठाव, परिवहन एवं वितरण की समय–सीमा निम्न है :–

| माह का नाम | उठाव/DSD की अवधि | वितरण की अवधि |
|---|---|---|
| जून 2025 | दिनांक 31.05.2025 तक | दिनांक 01.06.2025 से 15.06.2025 तक। |
| जुलाई 2025 | दिनांक 31.05.2025 तक | |
| अगस्त 2025 | दिनांक 01.06.2025 से 15.06.2025 तक। | दिनांक 16.06.2025 से 30.06.2025 तक। |

- जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा उक्त तीन माह के लिए खाद्यान्न वितरण हेतु ई–पॉश मशीन के माध्यम से Separate Transaction करते हुए करते हुए अलग–अलग पर्ची निर्गत की जायेगी, अर्थात लाभुकों को जिस माह के लिए खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा, उस माह के लिए खाद्यान्न दूसरे माह के खाद्यान्न वितरण के लिए लाभुकों को पुनः Biometric Authentiation अलग से लिया जायेगा।
- अंत्योदय अन्न योजना (AAY) कार्डधारकों को प्रतिमाह 35 कि0ग्रा0 अनाज (28 कि0ग्रा0 फोर्टीफाईड चावल और 07 कि0ग्रा0 गेहूँ) मिलेगा।
- पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ (PHH) कार्डधारकों को प्रति सदस्य प्रतिमाह 05.00 कि0ग्रा0 अनाज (04 कि0ग्रा0 चावल एवं 01 कि0ग्रा0 गेहूँ) मिलेगा।

शिकायत दर्ज कराने या अपने अधिकारों की जानकारी हेतु लाभार्थी को 1967 या 18002125512 पर कॉल कर सकते हैं।

सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता, स्थानीय प्रशासन और जन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे इस सूचना का व्यापक प्रचार–प्रसार करें और वितरण प्रक्रिया को सुचारू रूप से सुनिश्चित करें। किसी भी डीलर द्वारा इस वितरण व्यवस्था का उल्लघंन करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत आच्छादित सभी लाभुकों से अपील किया जाता है कि अपने संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता से सम्पर्क करें तथा निर्धारित समयावधि अन्तर्गत उक्त माह का अपना पात्रता के अनुरूप खाद्यान्न प्राप्त करें।

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी,**
**पलामू।**

PR 353356 District(25-26)D


# हर पात्र व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुरक्षा, जहानाबाद में विशेष अभियान 26 से 28 मई तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राज्य सरकार के निर्देश पर आयुष्मान भारत -प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु दिनांक 26 मई से 28 मई 2025 तक जिले में विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों एवं 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' से निःशुल्क आच्छादित किया जाएगा, चाहे उनकी सामाजिक अथवा आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। इन योजनाओं के अंतर्गत प्रति वर्ष प्रति परिवार रु. पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध है।

जिला प्रशासन, जहानाबाद के समन्वित प्रयासों से अब तक जिले के 4,13,170 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं, जिसके माध्यम से हजारों परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता मिली है। कैंसर, हृदय रोग, किडनी फ़ेलियर जैसी जटिल बीमारियों के इलाज के लिए इन कार्डधारकों को मुफ्त इलाज मिला है, जिससे आर्थिक बोझ से मुक्ति के साथ स्वस्थ जीवन की राह खुली है।

**अभियान की प्रमुख विशेषताएं:**

ब्लॉक व पंचायत स्तर पर चयनित लाभार्थियों की सूची के आधार पर सुनियोजित तरीके से कार्ड निर्माण।

शिविर स्थल - पंचायत सरकार भवन, जन वितरण प्रणाली केंद्र, वार्ड कार्यालय, वसुधा केंद्र , सभी सरकारी अस्पतालों के डिजिटल काउंटर एवं अन्य उपयुक्त स्थल।

पीएचसी/सीएचसी में चिकित्सा पदाधिकारी, ब्लॉक विकास पदाधिकारी, नगरीय निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग के कार्यपालक सहायक, जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता, विकास मित्र, सभी को अभियान में सक्रिय भूमिका दी गई है।

**जनभागीदारी से बनेगा अभियान सफल - हम सबकी जिम्मेदारी:**

जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के नेतृत्व में यह विशेष अभियान क्रियानवित किया जा रहा है। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं डोर टू डोर अभियान के माध्यम से सभी पात्र परिवारों तक पहुंचने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक लाभार्थी से अपील है कि वे अपने निकटतम शिविर में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। जिनके पास पहले से कार्ड है, वे भी सत्यापन कर लें। 70+ उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधा केंद्र सभी प्रमुख कार्यालयों एवं पार्कों में संचालित किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मानव विकास का आधार एक स्वस्थ समाज है। आयुष्मान योजना के माध्यम से भारत सरकार एवं बिहार राज्य सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी नागरिक सिर्फ पैसों के अभाव में इलाज से वंचित न रह जाए।

# पत्नी की गला दबाकर की हत्या, आरोपित पति गिरफ्तार

## मृतका सोनी देवी के पिता ने कहा- दामाद की मानसिक हालत ठीक नहीं, रांची से चल रहा इलाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया हैं। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा शेखपुरा गांव की है। मृतका की पहचान रंजन राम की 30 वर्षीया पत्नी सोनी देवी के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतका के पिता बारुन थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव निवासी श्यामसुंदर राम ने दामाद को मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार सोनी स्नान करने के लिए बाथरूम गई थी। इस बीच दामाद रंजन ने जबरदस्ती दरवाजा खुलवाया और उसका गला घोंट दिया। सास ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। मामले की सूचना मिलते ही सोनी के पिता श्यामसुंदर मौके पर पहुंचे। बेटी को जिंदा समझकर अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। श्यामसुंदर राम ने बताया कि 2014 में बेटी की शादी रंजन राम के साथ हुई थी। दामाद की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। रांची से इलाज चल रहा है। शादी के कुछ दिन बाद ही बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। मारपीट भी करता था। 5 साल के बेटे ऋषभ के साथ सोनी ज्यादातर मायके में ही रहती थी। कई बार समझौता हुआ था लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। रंजन के पिता सुरेंद्र राम होमगार्ड में थे। एक महीना पहले उनकी मौत हुई है। ससुर की मौत के बाद सोनी अपने ससुराल आई थी और बेटा ऋषभ अपने नानी घर में था। आरोपित का बड़ा भाई उसी घर में पत्नी और बच्चों के साथ अलग रहता था। श्यामसुंदर ने बताया कि बेटी कुछ दिनों मे मायके आने वाली थी। उससे पहले उसके पति ने उसे मार डाला। इधर मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं आरोपित को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

## जंगली सुअर के काटने से घायल

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** उपहारा थाना क्षेत्र के हसामपुर पंचायत के बसावनपुर, हुड़राही एवं बख्तियारपुर गांव में जंगली सुअर के तांडव से ग्रामीण काफी परेशान हैं। शुक्रवार की सुबह बसावनपुर गांव निवासी 55 वर्षीय विजय पासवान पर अचानक पीछे से जंगली सुअर ने बांए पैर को नोचकर जख्मी कर दिया। जिसे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

## नहरों का रखरखाव व निरीक्षण कार्य प्रगति पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जल संसाधन विभाग द्वारा औरंगाबाद परिक्षेत्र में खरीफ सिंचाई की व्यापक तैयारियां जारी है। शीर्ष 2700 के अंतर्गत यहां 05 अदद योजनाएं चिह्नित की गई हैं, जिनमें से 02 योजनाएं निविदा प्रक्रिया के अंतिम चरण में हैं और शेष पर भी कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की दिशा में अग्रसर है। इन योजनाओं के तहत नहरों की समयबद्ध सफाई, टूटे हुए किनारों की मरम्मत, जल संरचनाओं की तकनीकी जांच, तथा नये सीजन में जल प्रवाह को निर्बाध बनाए रखने हेतु समेकित प्रयास किए जा रहे हैं। नहरों के गेटों का निरीक्षण यांत्रिक प्रमंडल द्वारा कर लिया गया है और आवश्यकतानुसार सुधार कार्य भी निष्पादित किए जा रहे है। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि इस बार किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नहरों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की सूची भी तैयार की जा चुकी है, जिससे आपात स्थिति में भी त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।

# शराब धंधेबाजों ने पुलिस पर किया हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


अस्पताल में इलाज कराते पुलिसकर्मी

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानक्षेत्र के कोइलवां पंचायत के करण बिगहा गांव में शराब धंधेबाज को पकड़ने गई मद्य निषेध पुलिस टीम पर धंधेबाजों ने हमला कर दिया। जिसमें महिला दरोगा सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। धंधेबाजों ने पुलिस से हथियार छिनने का भी कोशिश किया। घटना गुरुवार देर रात की है। घायलों में सिपाही दिलीप कुमार, एसआई रितेश कुमार, गृहरक्षक अरुण कुमार और महिला एएसआई मधुमनी कुमारी शामिल है। सभी का इलाज हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। जानकारी के मुताबिक जिला मद्य निषेध विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि करण बिगहा में महुआ का देशी शराब बनाया जा रहा है। सत्यापन करने जब पुलिस पहुंची तो एक घर में शराब का निर्माण होते देखा। पुलिस को देख ग्रामीण लोग इधर उधर भागने लगे। पुलिस खदेड़ कर शराब धंधेबाज मंटू कुमार उर्फ श्याम चौधरी को पकड़ लिया और उसे वाहन में बिठा लिया। इतने में शराब धंधेबाज ग्रामीण महिलाओं को आगे कर पुलिस टीम पर ईंट, पत्थर, लाठी डंडे से हमला करवा दिया। अचानक हुए हमले से पुलिस टीम संभल नहीं पाई और इधर- उधर भागने लगी। अफरा-तफरी में महिला पुलिसकर्मी ग्रामीणों के बीच फंस गई। पुलिस टीम उसे बचाने ग्रामीणों के बीच गई तो ग्रामीणों ने हथियार छिनने का प्रयास करते हुए पिटाई कर दिया। बताया जाता है कि घटना की जानकारी मिलते ही हसपुरा, देवकुंड एवं खुदवां थाने की पुलिस पहुंची तो हमलावर भाग खड़े हुए। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शराब धंधेबाज के खिलाफ प्राथमिकी दर्जा कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

## पुलिस पर हमला मामले में प्राथमिकी

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा सांवददाता।** अवैध बालू खनन रोकने गई देवकुंड पुलिस पर बालू माफियाओं ने हमला कर पुलिस द्वारा जब्त ट्रैक्टर छुड़ाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में छह को नामजद तथा दो दर्जनों से अधिक अज्ञात को आरोपित किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों थाना क्षेत्र में पुलिस गश्ती काफी कमजोर हो गई है।

# चयनित पुलिस अभ्यर्थियों के सम्मान में कार्यक्रम




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के बड़ी फिल्ड में बिहार पुलिस की फिजिकल तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों में 35 सफल हुए हैं। जिसमें 25 पुरूष व 10 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। जिसे शुक्रवार को बसस्टैंड के समीप नीजी हॉल में सम्मानित किया गया। मौके पर वरीय एसआई पवन कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि मो एकलाख खां, मुखिया प्रतिनिधि सह हसपुरा पैक्स अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सम्मानित करते हुए आगुंतकों ने कहा बिहार पुलिस की प्रशिक्षण लेकर राज्य ही नहीं, बल्कि देश में सेवा भावना से कार्य करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पुलिस की वर्दी मिलना उनकी मेहनत का फल है। सफल अभ्यर्थियों में अमित कुमार, आकाश कुमार, सूरज कुमार, सुजीत कुमार, अनु कुमारी, निधि कुमारी, ललिता कुमारी, पूजा कुमारी के अलावा अन्य अभ्यर्थी उपस्थित थी।

# सैनिकों के सम्मान में निकाली विजयोत्सव यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राष्ट्र जागरण मंच मदनपुर द्वारा राष्ट्र भक्तों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। यह यात्रा मदनपुर सरस्वती मोहल्ला स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई। थाना मोड़ होकर बाजार के रास्ते दुर्गा मंदिर प्रांगण में सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भारत का गौरवशाली अध्याय बताया। तिरंगा यात्रा में ज्ञानदत्त पांडेय, राम पुकार सिंह, गोपाल सिंह नवीन पाठक, दयानंद मांझी, सुनील कुमार, मिथिलेश राम, अजय पाठक, मनोज पाठक, टुनटुन सिंह, अभिमन्यु सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, बिट्टू सिंह, तपेश्वर सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, शिवदयाल सिंह, उपेंद्र सिंह, जगत सिंह, कन्हाई साव, भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्री माधुरी जायसवाल, एकल अभियान से पप्पू उर्फ बीरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, प्रदुमन कुमार, गीता कुमारी, सुनीता कुमारी, राखी कुमारी, संगीता कुमारी सहित मातृशक्ति की दुर्गा देवी तिरंगा यात्रा में शामिल थी। यात्रा समिति के प्रमुख राणा आशुतोष सिंह यात्रा में शामिल लोगों के



प्रति आभार प्रकट किया।तिरंगा यात्रा में विश्व हिंदू परिषद् के आजीवन हित चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, राष्ट्रीय विचार मंच के क्षेत्रीय प्रभारी जितेंद्र सिंह परमार , औरंगाबाद जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, भारत की सेना के पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राष्ट्र जागरण मंच, मदनपुर द्वारा राष्ट्र भक्तों ने तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया।

# प्रेमी युगल ने नदी में लगाई छलांग, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर मुक्तिधाम घाट पर प्रेमी युगल 31 वर्षीय युवक व एक युवती की शुक्रवार दोपहर डूबने से मौत हो गई। मृतक विकास कुमार शर्मा है। वह भोजपुर जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बसौरी गांव निवासी विजेंद्र कुमार शर्मा का पुत्र है। वही मृतक युवती सरिता कुमारी है। वह उड़िसा राज्य के कंजम जिला के बैंक कटरा गांव निवासी बताई जा रही है। डूबने की खबर स्थानीय लोगों ने बड़हरा थाना पुलिस को दिया। मौके पर एसडीआरएफ की टीम पहुचकर गंगा भागड़ नदी से शव को बाहर निकाला। प्रथम दृष्टया पता चला है कि केशोपुर गंगा घाट पर प्रेमी युगल ने गंगा नदी में कूद कर आत्महत्या कर लिया है। एसडीआरएफ की टीम ने गंगा नदी से प्रेमी युगल का शव को बरामद किया है। बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर मुक्तिधाम गंगा घाट पर शुक्रवार दोपहर 1 बजे घाट पर रखे बुलेट बाइक, हेलमेट, लड़की के उजले रंग के सैंडल, दो मोबाइल देख लोगों ने इसकी सूचना बड़हरा थाना पुलिस को दी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर गंगा नदी से प्रेमी युगल का शव शुक्रवार शाम 4 बजे बरामद कर लिया है। पुलिस दोनो युगल प्रेमी के परिजन से संपर्क कर मामले की जांच में जुट गयी है।

# तीन दिवसीय मधुबनी पेंटिंग कार्यशाला शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर (भोजपुर)।** स्थानीय रैपिड ऐक्शन फोर्स मुख्यालय कोईलवर में शुक्रवार को तीन दिवसीय मधुबनी पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ आरसीडब्लूए (कावा) के अध्यक्ष ऋतू झा ने किया। कार्यशाला 23 से 25 मई 2025 तक आयोजित है। जहां महिलाएं मधुबनी (मिथिला) चित्रकारी सिखेगी। ऋतु झा के द्वारा मधुबनी पेंटिंग कि बारिकियों से महिलाओं को अवगत कराया जा रहा है। ऋतु झा ने बताया कि वैसी महिलाएं जो घर में रहती है, थोड़ा समय निकालकर पेंटिंग सीख सकती है। कुछ महिलाएं घरेलू काम में व्यस्त रहती है अथवा मोबाइल देखती रहती है। उन्हे कुछ सिखाना है। मधुबनी पेंटिंग महीन कार्य है। इसकी मांग देश विदेश में है। इस कला को सिखकर स्वरोजगार के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। कावा अध्यक्ष ने बताया कि तीन दिन के कार्यशाला में यहां की महिलाओं को मधुबनी पेंटिंग कला को सिखा सकते है। जिसकी मांग पूरे भारत समेत विदेश में भी है। कार्यशाला का समय शाम 04 बजे से रात्रि 07 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यशाला के जरिए क्षेत्रीय सीआरपीएफ परिवार कल्याण संघ के महिलाओं को मिथिला पेंटिंग की बारीकियों के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही पेंटिंग के जरिए महिलाओं को स्वरोजगार के तरफ आकर्षित करना है।

# गरीब एवं वंचितों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराएगा प्राधिकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** निगरानी और सलाह समिति के अध्यक्ष जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम मो. इसरार अहमद की अध्यक्षता में निगरानी और सलाह समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता व निगरानी और सलाह समिति के सदस्य रसिक बिहारी सिंह के द्वारा मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली के कार्यो की समीक्षा की गयी। इस बैठक में मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली को मई माह के द्वितीय सप्ताह में प्रदत्त वादों में किये गये कार्यो को संतोषप्रद बताते हुए और बेहतर कार्य करने एवं वाद के निस्तारण कराने हेतु और अधिक प्रयास करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा कहा गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार में वैसे लोग जो अत्यंत ही गरीब वंचित, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, महिला इत्यादि है जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के धारा 12 के अधीन आते हैं। उन्हें उनके वादों में सशक्त एवं बेहतरीन बचाव हेतु एक नई प्रणाली के अंतर्गत यह सब व्यवस्था की गयी है अतः आप सभी से उम्मीद की जाती है कि आप उन्हें त्वरित और शसक्त बचाव करते हुए न्याय दिलाने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करें। विदित हो कि मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली के अंतर्गत सभी अधिवक्ताओं की पूर्णकालिक नियुक्ति इसलिए की गयी है कि अपने निजी वकालत के कार्य को छोड़कर सिर्फ विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के धारा 12 के अधीन आने वाले बचाव से संबधित वाद में कार्य करते हुए उन्हें सशक्त बचाव करते हुए न्याय देना है ऐसी स्थिति में आपका यह परम दायित्व हो जाता है कि आप उस पैमाने पर पूर्ण रूप से खरे उतरे।

# जर्जर सड़क रोज दे रही दुर्घटनाओं को आमंत्रण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के चेईनवादा पंचायत के प्रकिया टोले झगरु बिगहा गांव से होकर गुजरने वाली चेई पलकिया रोड में उभरे गड्ढ़ों में जल-जमाव के कारण लगभग प्रत्येक दिन इस सड़क पर छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है। उभरे गड्ढ़ों की चपेट में आने से दो पहिया वाहन असंतुलित होकर पलट जाते हैं। वाहन सवार गंभीर रुप से घायल हो जातें हैं। चार पहिया वाहन गढ़ों में फंस कर क्षतिग्रस्त हो जाती है। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांच छह माह पूर्व ही निर्माण हुआ है और सड़क की हालत खस्ता होने लगा है। चेईनवादा पंचायत के सरपंच परमानन्द सिंह, लालदेव प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार मेहता, रामजन्म महतो सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण घटिया किस्म का हुआ है। निर्माण होने के समय भी लोगों द्वारा विरोध किया गया था और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के लिए आग्रह संवेदक से किया गया था। सड़क में उभरे गड्ढों ने तालाब का रूप ले लिया है।

## चार माह बाद भी नहीं बनायी गयी वंशावली व एलपीसी

**गडहनी (भोजपुर)/ नबिटा संवाददाता।** चार माह बाद भी वंशावली एवं एलपीसी निर्गत नही किये जाने को लेकर जदयू प्रखण्ड उपाध्यक्ष श्याम नन्दन सिंह के द्वारा पिछले 16, 17 और 20 मई को गडहनी सीओ दीपा कुमारी एवं किरानी दीपक कुमार पर अनियमितता व लापरवाही का आरोप लगाते हुए उक्त दोनो के विरूद्ध जिलाधिकारी भोजपुर एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी भोजपुर को आवेदन सौंप समस्याओं के निराकरण करने का गुहार लगाया गया है। सौंपे गए आवेदन मे दर्शाया गया है कि 20 जनवरी 2025 को शपथ पत्र और संबंधित दस्तावेज के साथ वंशावली एवं एलपीसी का आवेदन अंचल कार्यालय मे जमा किया गया जिस पर हल्का कर्मचारी द्वारा जांच रिपोर्ट भी कर दिया गया लेकिन लापरवाही के कारण अभी तक प्रमाण पत्र नही दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अभियान चला कर बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 26 से 28 मई तक निः शुल्क आयुष्मान कार्ड तथा वय वंदना कार्ड निर्माण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। रेफरल अस्पताल कुटुंबा के बीसीएम ने बताया कि राशन कार्डधारी परिवार एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपए तक का निः शुल्क इलाज करा सकते हैं। कार्य निर्माण के लिए आशा कार्यकर्ता एवं जीविका दीदी, सभी स्थानीय निकाय के वार्ड कार्यालय, सभी सरकारी अस्पतालों के डिजिटल काउंटर एवं आयुष्मान काउंटर, सभी प्रखंड कार्यालय के ऑपरेटर, सभी पंचायत भवन में पंचायती राज कार्यालय सहायक, सभी महादलित टोला में विकास मित्र, कॉमन सर्विस सेंटर पर वीएलईएस, आयुष्मान एप पर व्यवस्था की गई है। उन्होंने लाभुक परिवार के सभी सदस्यों से आयुष्मान कार्ड बनाने की अपील की है।

● **रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय में किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले धरना प्रदर्शन 128 वें दिन भी जारी रहा। धरनार्थियों के सम्मान में गौ पालक भोला यादव ने दही एवं लस्सी पिलाकर सम्मानित और समर्थन किया। धरना का संचालन डॉ शिवनंदन यादव एवं डॉ तुलसी यादव और अध्यक्षता लड्डू खां एवं भोला प्रसाद वर्मा ने किया।

**बिहार सरकार**

**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**
ई–मेल- msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स कमला स्टोर, प्रस्तावकः श्री सुनिल कुमार गुप्ता, पिता–बिगन प्रसाद, पता–बड़का बालूमठ, पोस्ट+थाना–बालूमठ, जिला–लातेहार (झारखण्ड) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन 3–A बालू घाट, मौजा– शमशेरनगर, थाना–दाउदनगर, प्रखंड–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालूघाट का मौजा | बालूघाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 02.07.2025 | अपराह्न 12:30 बजे | दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | शमशेरनगर | औरंगाबाद सोन–3–A बालू घाट | प्रखंड कार्यालय, दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद |

सभी आमलोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 004298 (B&C) 25-26 — सदस्य सचिव

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**
ई–मेल. msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in
बिहार सरकार

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष श्री शिशुपाल प्रसाद वर्मा, पिताः श्री अखले वर प्रसाद वर्मा, पता–ग्राम–परेव, पोस्ट–परेव, थाना–बिहटा, जिला– पटना–802160 (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन 25A बालू घाट, मौजा–धमनी, ब्लॉक–बारूण, जिला–औरंगाबाद में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।
इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।
परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रका न के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।
**परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–**

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालूघाट का मौजा | बालूघाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 04.07.2025 | अपराहन 12:30 बजे | बारूण, जिला–औरंगाबाद | घमनी | औरंगाबादसोन–25A बालूघाट | प्रखंडकार्यालय, बारूण, जिला–औरंगाबाद |

**सभी आमलोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।**

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 004297 ( B & C ) 2025-26 — सदस्य सचिव

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

CMYK

# दबंगों द्वारा रास्ता बंद करने को लेकर गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के हनुमान नगर मोहल्ले के सैकड़ो महिला पुरुष शुक्रवार को सड़कों पर उतरकर घंटो सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करते हुए दबंगो के खिलाफ नारेबाजी की। दरअसल बिरंची मोड़ स्थित हनुमान नगर मोहल्ले में कुछ दबंगों के द्वारा आम रास्ता 'को अवरुद्ध कर दिया है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मोहल्ले में करीब 80 घर है जिसका रास्ता उत्तर से 12 फीट और पश्चिम से 10 फीट है। मोहल्ले के सभी लोग उसी रास्ते से आते जाते हैं। उनका आरोप है कि दमड़ीचक एक निवासी की उक्त जगह पर जमीन है। उसने बीते दिनों अमीन बुला कर गलत तरीके से जमीन की मापी करा ली और आम रास्ता पर जेसीबी से पिलर गाडने लगे है। इसी को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध किया। स्थानीय मोहल्ला निवासी का कहना है कि उन्होंने धनरूआ अंचल से सरकारी अमीन से भूमि मापी कराने के लिए आवेदन दिया है, लेकिन इसके बावजूद उक्त दबंग ने उनके आम रास्ता पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है, जिससे लोगों में रोष है, आक्रोशित लोगों में शांति देवी, सुनैना देवी, किरण कुमारी, मंजू देवी, महेश्वर, मनोज कुमार, जवाहर यादव, राजेश्वर प्रसाद श्रीकांत श्रीवास्तव शामिल रहे। शांति देवी ने कहा कि पिछले 18 साल से हम लोग इस मोहल्ले में रह रहे हैं और आज वह कुछ दबंग लुक जाकर आम रास्ता को बंद कर रहा है कैसे जाएंगे। ऐसे में सरकारी मदद ना मिलते देख सभी आक्रोशित मोहल्लेवासी शुक्रवार की सुबह से ही मसौढी धनरूआ सडक मार्ग बांस लगाकर सडक जाम कर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की है।

# बाइक चेकिंग में 60 वाहनों से वसूला गया 50 हजार का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** वरीय पुलिस अधिक्षक के निर्देशन में मसौढ़ी थाना के द्वारा शाम को चलाए गये समकालीन विशेष अभियान के तहत तकरीबन 60 बाईकों की जांच की गई जहाँ तकरीबन 50 हजार से अधिक बतौर जुर्माना वसूला गया है। जांच कर रहे सब इंसपेक्टर जया कुमारी ने बताया की समकालीन अभियान के तहत थाना के पास तीन घंटो तक सघन बाइक चेकिंग की गई। वहीं थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि अभी शादी विवाह का वक्त चल रहा है ऐसे में कई वाहनों में अवैध हथियार लेकर जाने की भी आशंका होती है इसके अलावा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर भी यह अभियान चलाया जा रहा है। कई लोगों के पास लाईसेंस, हेलमेट ट्रिपल लोडिंग के अलावा अन्य दस्तावेज नहीं रहे, जिसको लेकर जुर्माना रसीद किया गया है। बाईक चेकिंग अभियान के दौरान एसआई उतम झा समेत कई पुलिस पदाधिकारी सडकों पर उतर कर चेकिंग करते दिखे। उतम झा ने कहा कि समय समय पर इसी तरह का अभियान चलाए जाते हैं ताकि अपराधी में पुलिस का खौफ दिखता रहे।

## एक नजर

### युवक हुई मौत, लू लगने की आशंका

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया रेल खंड के पुनपुन थाना क्षेत्र के हाल्ट के समीप सर्विस सड़क पर अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसकी शिनाख्त करने में पुलिस जुटी हुई है, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि यह युवक कहीं जा रहा था की अचानक चक्कर खाकर गिर गया है,और उसकी मौत हो गई, पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि लू लगने की आशंका से मौत हुई होगी। बहरहाल शव की पहचान करने पुलिस जुटी है और पूरे मामले की छानबीन में की जा रही है हालांकि मृतक के शरीर पर कहीं भी किसी तरह का चोट का निशान जख्म या फिर अन्य चीज नहीं पाया गया है।

### दूधनाथ राय को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कई नक्सली घटनाओं में संलिप्त रहे भगवानगंज थाना क्षेत्र के गंदूगढ गांव के रहने वाले दूध-नाथ राय उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय जीमदार राय को गुरुवार की दोपहर एसटीएफ पुलिस ने उसके घर पर जाकर गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवादा जिले के सिरतला थाना कांड संख्या 264/16 के तहत नक्सली कांड में फरार चल रहे थे जिसे एसटीएफ की पुलिस टीम घर पर सादे लिबास मे पहुंची और उसे गिरफ्तार कर पुछ ताछ करने के बाद नवादा पुलिस को सौंप दी है अन्य कई नक्सली कांडों की जांच की जा रही है।

### मारपीट मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हत्या के प्रयास एवं डायन अधिनियम के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त छोटू मांझी उम्र 19 वर्ष पिता सुनेश्वर् मांझी ग्राम मनोरा को गिरफ्तार किया गया है दरअसल बिते 17 मई को पुनपुन के मनोरा गांव मे एक महिला को डायन कह कर उसे आरोप लगा रही थी और तरह-तरह की गली-गलौज कर रही थी इसी बीच दोनों पक्ष की इस मारपीट हो गई और देखते-देख रणक्षेत्र में तब्दील हुआ, जहां पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है दोनों पक्षों की ओर से चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, एक पक्ष की ओर से सविता देवी राधेश्याम यादव ने दो लोगों को प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं दूसरी ओर से रूबी देवी पति अनिल उपाध्याय ने दो लोगों पर केस दर्ज करवाया है इस पूरे मामले में पुलिस अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि डायन कह कर मारपीट की गई थी।

### रेप मामले का आरोपित फरार

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक के साथ बलात्कार किया गया। पीड़ित परिवार लड़की को लेकर गौरीचक थाना पहुंचा जहां तत्काल हरकत मे आयी पुलिस ने रेप के आरोपित की तलाश में छापेमारी की लेकिन वह फरार हो गया। इस घटना को लेकर पूरे गांव में तनाव का माहौल है।

# मसौढ़ी के नौजवानों को सिविल डिफेंस में जवान बनने का मिल रहा मौका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सिविल डिफेंस में जवान बनने के लिए मसौढ़ी के नौजवानों के लिए सुनहरा अवसर है। सिविल डिफेंस में प्रशिक्षण के लिए इच्छुक सभी स्वस्थ युवक-युवतियों के लिए अवसर है। दरअसल 25 मई को मसौढ़ी स्थित कृष्णा गुरूकुल स्कूल प्रांगण में 10 बजे दिन से (12.30 बजे अपराह्न तक) तथा 4 बजे संध्या से 6.30 बजे संध्या तक उपस्थित होकर सिविल डिफेंस का फार्म भरकर अगले माह जून में आयोजित होनेवाला प्रशिक्षण के लिए अपना नाम फाइनल करा सकते हैं। रेड क्रॉस के प्रभारी विश्वरंजन ने बताया कि प्रशिक्षण में उत्तीर्ण कैंडिडेट का चयन सिविल डिफेंस के जवान के रूप में होगा और वे देश-समाज के विशेष सेवा के लिए सरकार की ओर से ऑथोराइज्ड हो जायेंगे। सरकार जब-जब उनसे सेवा लेगी उसके ऐवज में पेमेंट भी करेगी। आगे भी उन्हें उत्तरोत्तर प्रशिक्षण प्राप्त होता रहेगा। प्रशिक्षण के दरम्यान भी उन्हें पर डे का फिक्स्ड पेमेंट मिलेगा। सभी इच्छुक लोग डाक्यूमेंट्स के रूप में अपना आधार कार्ड का फोटो कापी, अपना एजुकेशनल बायोडाटा व सर्टिफिकेट का छायाप्रति मैट्रिक उत्तीर्ण रहना आवश्यक है।

# नाले के पानी के बीच हो रही बच्चों की पढ़ाई

## बच्चों की सेहत से हो रहा खिलवाड़, क्लासरूम में नाले के पानी का जल जमाव

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के भैसवां पंचायत स्थित हसनपुरा गांव में प्राथमिक विद्यालय जहां पिछले कई महीनो से नाले के पानी के बीच बच्चों का पठन-पाठन हो रहा है। ऐसे में यह न केवल उसके सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है बल्कि उस नाले के पानी के दुर्गंध से जीना मुहाल हो गया है। दरअसल बताया जाता है कि विद्यालय के बगल से कुछ घरों का नाला का पानी गिर रहा है जो पानी रिस कर अब क्लासरूम में आने लगा है और वह क्लासरूम में पूरा जल जमाव जैसा बन गया है, ऐसे में बच्चों के बीच पठन-पाठन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वह जल जमाव सडकर दुर्गंध देने लगा है, तो ऐसे में बच्चों के सेहत है पर बुरा असर भी पडने की संभावना से आशंकित है। प्राथमिक विद्यालय हसनपुरा में 113 बच्चे हैं जहां दो कमरे हैं चार शिक्षक हैं। छात्रों में आनंद कुमार, गुंजन कुमारी, नंदनी कुमारी, मिथिलेश कुमार आदी ने कहा के प्रत्येक दिन हम लोग इसी नाले के पानी के बीच पढ़ाई करते हैं बहुत दुर्गंध देता है वही क्लास रूम में पढ़ा रहे शिक्षिका सारिका कुमारी ने बताया कि पानी निकासी का कोई साधन नहीं है किसी तरह से पठन-पाठन चल रहा है स्कूल के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि बगल के लोगों से बातचीत की गई थी लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं है। वहीं पंचायत के मुखिया साधु पासवान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका कोई रास्ता निकालेंगे बच्चों के शहर से खिलवाड़ ठीक बात नहीं है।

# मध्याह्न भोजन में उबला हुआ अंडा देने के बजाय छुट्टी के समय दिया जाता है कच्चा अंडा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** शिक्षा में सुधार को लेकर लगातार विभाग के द्वारा नित्य कार्यक्रम एवं आयोजन चलाया जा रहे हैं, बावजूद मसौढ़ी में आज भी कई ऐसे विद्यालय हैं जो अपने हिसाब से सरकारी नियमों को ताक पर रखकर विद्यालय संचालन कर रहे हैं। ऐसे में मसौढ़ी मुख्यालय के सेक्सरिया मध्य विद्यालय की यह तस्वीर है जहां पर सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार मध्यान भोजन में मिलने वाला उबला अंडा को स्कूल प्रशासन के द्वारा बच्चों को मध्यान भोजन के दौरान न देकर स्कूल की छुट्टी होने के बाद लाइन लगाकर हाथों में कच्चा अंडा दिया जाता है। मानो जैसे किसी का चीज का प्रसाद का वितरण हो रहा हो, हाथों में कच्चा अंडा लेकर बाहर निकल रहे हैं छात्र-छात्राओं से जब बात की गई तो बच्चों ने बताया कि मध्यान भोजन के खाने के वक्त उबला हुआ अंडा नहीं मिलता है। स्कूल में जब छुट्टी हो जाती है तब घर जाने के वक्त कच्चा अंडा ही मिलता है, कभी-कभी हाथ से छूटकर गिर जाने का भी भय रहता है। बहरहाल यह सरकार के नियम के विरुद्ध है इस पूरे मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने कहा यह नियम संगत नहीं है सभी विद्यालय के एचएम को उबला हुआ अंडा देने का निर्देश दिया गया है नियम के विरुद्ध कार्य करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार राज्य खेल प्रतियोगिता खोज कार्यक्रम के अंतर्गत सीआरसी नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय मसौढ़ी के द्वारा आयोजित किया गया,जिसमें संस्कृत मध्य विद्यालय मसौढ़ी, मध्य विद्यालय भादौरा, मध्य विद्यालय सर्वा, मध्य विद्यालय दीघवाँ, नवलकिशोर बालिका उच्च विद्यालय मसौढ़ी के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने मुख्य रूप से भाग लिए, जिसमें लडको के साइकिल रेस में प्रथम स्थान पर संस्कृत मध्य विद्यालय मसौढ़ी के वर्ग छह के छात्र विरु कुमार, लड़की के साईकिल रेस में प्रथम स्थान पर संस्कृत मध्य विद्यालय की वर्ग अष्टम की छात्रा आस्था कुमारी ने अपना काम परचम लहराई, वहीं लडको के लौंग जंप में संस्कृत मध्य विद्यालय मसौढ़ी के वर्ग सप्तम के छात्र रजनीश कुमार ने 11.8 फिट का जंप करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। थ्रो बॉल में मध्य विद्यालय सर्वां की छात्रा चांदनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की, लड़की के लांग जंप में मध्य विद्यालय भदौरा की गुड़िया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की। 600 मीटर के लड़कियों के रेस में मध्य विद्यालय सर्वां की सप्तम वर्ग की छात्रा नंदनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की वही द्वितीय स्थान पर नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय मसौढ़ी की नवम वर्ग की छात्रा काजल कुमारी ने प्राप्त की है।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय भदौरा के मोध मंजर शादाब, नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय मसौढ़ी की प्रधानाध्यापिका अनामिका गुप्ता, संस्कृत मध्य विद्यालय की शिक्षिका शकीला ईशा, मोध तारिक इकबाल आदि थे।

# मसौढ़ी में एनजेएस कोचिंग के नये ब्रांच की शुरूआत शिक्षा के क्षेत्र में साबित होगा मील का पत्थर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** मसौढ़ी रजिस्ट्री ऑफिस के पीछे खरौना भवन के बगल में एनजेएस क्लासेस के नई ब्रांच की ओपनिंग शुक्रवार को विधवत तौर पर पूजा अर्चना के साथ की गई है। दरअसल बताया जाता है कि एनजेएस क्लासेस आठवीं कक्षा से लेकर 11वीं तक की तैयारी करवाई जाती हैं। जहां पर साल 2025 में 10प्द्ध और इंटर में बेहतर रिजल्ट कर दिखाया है,पीके रॉय एवं उनके टीम के नेतृत्व मे एनजेएस क्लासेस का नई ब्रांच का उद्घाटन करते हुए कहा कि मसौढ़ी जैसे ग्रामीण इलाकों के लिए यह क्लासेस उन बच्चों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। दरअसल इस कोचिंग में ठेठ अंदाज से पठन-पाठन करवाया जाता है, ताकि उन छात्र-छात्राओं के बीच सरल भाषा में उनके पाठ्यक्रम की समझ आ जाती है, जिस वजह से यह कोचिंग लगातार मसौढ़ी में आगे बढ़ रही है, और लगातार बढ़ रही छात्र-छात्राओं की संख्या को देखते हुए एक नई ब्रांच की ओपनिंग की गई है। इस अवसर पर निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जहां पर मृत्युंजय पेरियार उर्फ विश्वजीत ने बताया की बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमेशा लोगों को जागरूक होना जरूरी है। मौके पर शिक्षकों में आरके राही, के.के सोनू, एमके सर, एस.के सक्सेना समेत सभी छात्र-छात्रएं शामिल रहे।

# इम्पा अध्यक्ष अभय सिन्हा बने एफआइएपीए के वाइस प्रेसिडेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा को एफआईएपीए (इंटरनेशनल फ़ेडरेशन ऑफ फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन्स) और इसके मुख्यालय ए एस बी एल का वाइस प्रेसिडेंट चुना गया है। यह निर्णय फ्रांस के कान्स में आयोजित एफआईएपीए की वार्षिक आमसभा में सर्वसम्मति से लिया गया। भारतीय फिल्म उद्योग के लिए यह एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। मालूम हो कि एफआईएपीए विश्व स्तर पर 30 से अधिक देशों के फिल्म निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष संगठन है। अभय सिन्हा का इस पद पर चयन न केवल भारतीय फिल्म उद्योग की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता को दर्शाता है, बल्कि यह भारत के समृद्ध सिनेमा संस्कृति को वैश्विक पटल पर नई ऊर्ज़ा देने वाला कदम भी है। 1937 में स्थापित इम्पा के अंतर्गत अभय सिन्हा ने संगठन को एक गतिशील, प्रभावशाली और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय इकाई में बदल दिया। उन्होंने भारतीय फिल्म निर्माताओं, विशेषकर स्वतंत्र और क्षेत्रीय कंटेंट क्रिएटर्स को वैश्विक मंच दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

# एम्स में नेत्र बैंक के शुभारंभ के साथ पहला कॉर्निया डोनेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** एम्स पटना ने नेत्रहीनों के इलाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने नेत्र बैंक में पहली बार कॉर्निया दान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि बिहार सरकार द्वारा इसी माह ट्रांसप्लांट ऑफ ह्यूमन ऑर्गन्स एंड टिशूज़ एक्ट के तहत अनुमति मिलने के बाद संभव हो सकी है। उल्लेखनीय है कि एम्स पटना में अत्याधुनिक नेत्र बैंक की स्थापना एलवी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट, हैदराबाद के सहयोग से की गई है। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) सौरभ वर्श्नेय ने इस ऐतिहासिक सेवा की शुरुआत पर नेत्र बैंक टीम को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह सेवा इस क्षेत्र के कॉर्निया अंधता से पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। एम्स पटना के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार ने नेत्र दाता के परिजनों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके इस मानवतापूर्ण योगदान को सम्मानित किया। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष एवं नेत्र बैंक प्रभारी प्रो. (डॉ.) अमित राज ने इस अवसर पर कहा कि आने वाले दिनों में और भी लोग इस पुनीत कार्य के लिए आगे आएंगे। इस अवसर पर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार, नेत्र विभाग के फैकल्टी सदस्य डॉ. भवेश चंद्र साहा (एसोसिएट प्रोफ़ेसर), डॉ. देव कांत (एसोसिएट प्रोफ़ेसर) एवं डॉ. अमित कुमार (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर) भी उपस्थित थे।

**कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू : बिक्रम।** प्रखंड के जमालपुर ग्राम में श्री श्री 108 धरणीधर महाराज के नेतृत्व में शत चंडी महायज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा से की गई। लगभग 300 श्रद्धालुओं ने कलश उठा कर यात्रा में शामिल हुए। आयोजक मंडली ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ 23 मई शुरू होकर 29 मई को पूर्णाहुति और भंडारे के साथ संपन्न होगा।


**बिहार सरकार**

**योजना एवं विकास विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2025–26**
**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – **बिहार महादलित विकास मिशन।**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत टेंगरा के ग्राम शिवनाथपुर में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.30 | 58600.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 2 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत + ग्राम जनकोप में सामुदायिक भवन–सह–वर्कषेड का निर्माण कार्य। | 29.58 | 59200.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| | कुल योग :– | 58.88 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 20.05.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 06.06.2025 को 10.00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 12.06.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.06.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**

PR. No. 004196 (Planning) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


# मनरेगा योजना से निर्मित खेल मैदान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहटा।** शुक्रवार को बिहटा प्रखंड के सदिसोपुर में महात्मा गांधी मनरेगा योजना से निर्मित खेल मैदान में बास्केटबाल खेल का शुभारंभ किया गया। खेल मैदान में बास्केटबाल, बालीबॉल, बैटमिंटन, रनिंग ट्रैक, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित स्टोर रूम आदि की सुविधाएं उपलब्ध है। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विजय सिंह ने इसका शुभारंभ बच्चो से खेल शुरू कराकर किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान की आवश्यकता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित किया जाना है। इसे विद्यालय परिसर या फिर सरकारी जमीन पर किया जा सकता है। पटना ज़िला में इसके तहत 123 खेल मैदान का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमे 76 बन कर तैयार हो चुका है। बाकी में थोड़ा निर्माण बाकी है जो बहुत जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। कार्यक्रम पदाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि खेल मैदान के बन जाने से ग्रामीण इलाके के लोगो को काफी सुबिधा मिल रही है। सुबह में बुजुर्ग व महिलाएं टहल रहीं है। वहीं बच्चे अपनी पसंदीदा खेल को खेल खेल रहे है। वहीं युवा जो सेना-पुलिस इत्यादि संस्थाओं में नौकरी के अभ्यास या दौड़ लगा रहे है। जो पहले सड़क किनारे दौड़ लगते थे। जिसमे दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। कवि कुशवाहा ने बताया कि इस खेल मैदान के बन जाने से युवाओं में खेल के प्रति रुझान बाधा पहले खुले मैदान में बिना किसी सुबिधा के जैसे तैसे बच्चे खेला करते थे ।लेकिन खेल मैदान के बन जाने से अब सही से खेल खेल रहे है। जिससे पंचायत के लोगो मे काफी खुशी देखी जा रही है। मौके पर कनिये अभियंता सत्य प्रकाश चौधरी, पंचायत तकनीकी सहायक कौशल किशोर सिन्हा, पंचायत रोजगार सेवक जयशंकर कुमार समेत बहुत सारे बच्चे मौजूद थे।

# नपं में पेयजल, यात्री शेड एवं हाइ मास्ट लाइट का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता /**

**बिक्रम।** नगर पंचायत बिक्रम की ओर से बाजार में विभिन्न स्थलों पर शुक्रवार को शीतल पेय जल, यात्री शेड एवं हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन अध्यक्ष सरिता देवी द्वारा किया गया। नपं अध्यक्ष सरिता देवी ने उद्घाटन के बाद बताया कि नगरवासियों के बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखते हुए पेय जल के लिए वाटर कूलर लगाया गया है। बहरहाल शहीद चौक, पार्वती उच्च विद्यालय के सामने,खेल मैदान, असपुरा सूर्य मंदिर, थाना के समीप शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई है। वहीं सात जगहों पर यात्री शेड एवं पांच जगहों पर हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन कर सेवा शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह यात्री शेड यात्रियों को मौसम की मार से राहत देने के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। वहीं, हाई मास्ट लाइट क्षेत्र में रात्रिकालीन रोशनी की समस्या को दूर कर सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगी। शीतल पेय जल की सुविधा भीषण गर्मी में प्यास बुझाने का सार्थक माध्यम बनेगी। नप उपाध्यक्ष उदय शंकर मंटू ने बताया कि नगर में सफाई, प्रकाश एवं जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसपर लगातार कार्य किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में नगर कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार, उपाध्यक्ष उदय शंकर सिंह, पूर्व नप अध्यक्ष सुनील सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी रोहिणी रानी आदि थे।

# 26 से 28 मई तक चलेगा आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान

## 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को भी मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सीवान।** राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करने के लिए 26 मई से 28 मई 2025 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान हर पात्र परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा देने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इस विशेष अभियान की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को, चाहे उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति कुछ भी हो, 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' से आच्छादित किया जाएगा। इसके लिए पंचायत सरकार भवन, प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, समाहरणालय, पार्क और मॉर्निंग वॉक जैसे स्थानों पर डेडिकेटेड काउंटर लगाए जाएंगे।

**मुख्य सचिव ने की तैयारी की समीक्षा**

22 मई को इस अभियान की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे छूटे हुए लाभार्थियों का कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी जिलों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई, आशा कार्यकर्ता, पंचायती राज कार्यपालक सहायक और अन्य ऑपरेटरों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रचार-प्रसार और सहयोग पर जोर अभियान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाएगा। इसके साथ ही पंचायती राज निकायों के जन प्रतिनिधियों, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति की जिला स्तरीय कार्यकारिणी परिषद, तथा नगर निकायों से शिविर के सफल संचालन में सहयोग की अपील की जाएगी।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, सिविल सर्जन, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीसी और डीआइटीएम को दायित्व सौंपे गए हैं। गुरुवार को हुई बैठक में सीवान जिलाधिकारी के साथ अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# प्रशांत किशोर का एकमा में भव्य स्वागत, 80 किलो लड्डू से तौलकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम सवाददाता**

**छपरा/एकमा (सारण)।** बिहार में बदलाव की अलख जगा रहे जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर गुरुवार को एकमा प्रखंड के विष्णुपुरा कला गांव पहुंचे। यहां गोपालेश्वर धाम महादेव मंदिर परिसर में उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की। उनके स्वागत के लिए पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे व जयकारों के बीच प्रशांत किशोर का जोरदार अभिनंदन किया गया। प्रशांत किशोर को सम्मानित करने के लिए जन सुराज के युवा नेता व एकमा विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी विकास कुमार सिंह ने उन्हें 80 किलो लड्डुओं से तौल कर भव्य सम्मान दिया। साथ ही अंगवस्त्र व शाल भेंट कर आशीर्वाद लिया। यह दृश्य वहां मौजूद सैकड़ों लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। लड्डुओं को बाद में गोपालेश्वर महादेव का प्रसाद मानकर श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया।

इस दौरान प्रशांत किशोर विष्णुपुरा कला गांव स्थित विकास कुमार सिंह के निजी आवास भी पहुंचे, जहां महिलाओं ने फूल-मालाओं से उनका पारंपरिक स्वागत किया। पूरे गांव में जन सुराज को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा था। दर्जनों बाइकों व चारपहिया वाहनों का काफिला कार्यक्रम की भव्यता को दर्शा रहा था। मंदिर परिसर में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का मानसिक संतुलन अब सही नहीं रहा है। चार महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

# 17 नाबालिग लड़कियां आर्केस्ट्रा ग्रुप से हुई मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा/मशरक (सारण)।** सारण जिले के मशरक, पानापुर य इसुआपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़े अभियान के तहत संचालित आर्केस्ट्रा ग्रुपों पर छापेमारी कर 17 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, दिल्ली व मिशन मुक्ति फाउंडेशन के निर्देश पर की गई। अभियान की अगुवाई मिशन मुक्ति फाउंडेशन दिल्ली के निदेशक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने की। उनके साथ दिल्ली की रेस्क्यू फाउंडेशन से जांच अधिकारी अक्षय पांडेय, बंगाल की रेस्क्यू टीम तथा नारायणी सेवा संस्थान, सारण के अखिलेंद्र सिंह भी सक्रिय भूमिका में रहे। छापेमारी में सारण पुलिस की विशेष टीम, वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष के आदेश पर स्थानीय थानों मशरक, पानापुर व इसुआपुर के सहयोग से शामिल हुई। मुक्त कराई गई लड़कियों में मशरक क्षेत्र से 2, पानापुर से 7 व इसुआपुर से 8 लड़कियां शामिल हैं। सभी लड़कियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है और उन्हें आवश्यक काउंसलिंग तथा पुनर्वास सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: एसएएनडीटी–सीओएन–एसडीएएच–01–2025, दिनांक: 23.05.2025,** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700 014 द्वारा **निविदा सं. एसएएनडीटी–सीओएन–एसडीएएच–01–2025** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** एलएचबी कार्य और नई पीरपैंती–गोड्डा लाइन के लिए यार्ड रूपांतरण के संबंध में गोड्डा स्टेशन पर सिग्नल एवं टेलीकम अतिक्रमण को हटाया जाना। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 6,60,79,050.47, **बयाना राशि:** रु. 4,80,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 06 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 23.05.2025 को 16.11 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 02.06.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

CON-10/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# अहिल्याबाई होलकर जयंती पर महिला मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** भारतीय जनता महिला मोर्चा द्वारा शुक्रवार को रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर सेवा पखवाड़ा के तहत शहर के गांधी मैदान पोखर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऐतिहासिक दृष्टि से रानी अहिल्याबाई होलकर के योगदानों को याद करते हुए महिलाओं को प्रेरित किया गया।

**धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में रही अग्रणी**

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्र विजय प्रकाश यादव उर्फ हैप्पी यादव ने बताया कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर मंदिरों, घाटों, कुओं, बावड़ियों का निर्माण और पुनर्निर्माण कराया। उन्होंने सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर जैसे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार कर धर्म और संस्कृति की सेवा की साथ ही, विद्वानों के लिए मठ, शास्त्र अध्ययन भवन, अन्न क्षेत्र और प्याऊ की स्थापना कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

# एक दिन में रिकॉर्ड 1,082 आकांक्षाएं दर्ज महिला संवाद बना बदलाव का सशक्त मंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जिले में महिला संवाद कार्यक्रम की एक और मजबूत कड़ी जुड़ी, जब विभिन्न प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 5,698 महिलाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं की आकांक्षाओं को नीति और योजनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है।

**एक दिन में दर्ज हुई 1,082 सामुदायिक आकांक्षाएं**

महिला संवाद की बड़ी उपलब्धि यह रही कि महज एक दिन में 1,082 सामुदायिक आकांक्षाएं एमआईएस पोर्टल पर दर्ज की गईं। इसके साथ ही अब तक दर्ज आकांक्षाओं की कुल संख्या 27,089 पहुंच चुकी है। यह आंकड़ा बताता है कि महिलाएं अब केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि

## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन। **ई–निविदा सं. : 22_2025–26, कार्य का विवरण** : टिकियापाड़ा कोचिंग कॉम्प्लेक्स और ईएमयू/सीएस/हावड़ा, पूर्व रेलवे में 3 ओएच टैंकों (टिकियापाड़ा में 2 अदद और ईएमयू/सीएस/हावड़ा में 1 अदद) की पेंटिंग के साथ विस्तृत मरम्मत। **अनुमानित मूल्य :** रु.76,36,302.57, **बयाना राशि :** रु. 1,52,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 19.06.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान:** ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-98/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

---

बिहार सरकार

**उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता–सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद।**

(मद्यनिषेध कोर्ट–2)

**अति आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों एवं भूमि मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन तथा शराब बिक्री के आरोप में आपके वाहन/भूमि को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV तथा भूमि मालिकों से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली (संशोधित), 2022 के नियम 12(क) एवं बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली (संशोधित), 2023 के तहत वाहन मालिक से प्रपत्र IV तथा भूमि मालिक द्वारा प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहन/भूमि को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– **11.06.2025** को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड/ उत्पाद वाद सं0 | वाहन स्वामी का पूर्ण पता | जप्त वाहन/भूमि/सामग्री की विवरणी | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/25 | अजीत कुमार, पिता–महावीर मेहता, ग्राम–बंशी बिगहा, पो0–मटपा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824111 | उत्पाद थाना, औरंगाबाद काण्ड सं0–1185/2024, दिनांक–18.11.2024 | बजाज पल्सर 125 CC मोटरसाईकिल, निबंधन संख्या–JH03AR9672, चेसीस नं0 MD2B68BX3RPD02819, ईंजन नं0–DHXPRD66838 | 11.06.2025 |
| 2 | 08/25 | रंजन कुमार, पिता–स्व0 जगदीश सिंह, ग्राम–मल्लू खैरा, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824112 | बारूण थाना, काण्ड सं0–277/2024 दिनांक–22.06.2024 | भूमि मकान–मौजा– मल्लु खैरा, खाता नं0–13, खेसरा नं0–15, रकवा– 10 फीट x 9 फीट, किस्म– गैर मजरूआ आम | 11.06.2025 |
| 3 | 09/25 | कुन्दन कुमार, पिता–संजय सिंह, ग्राम–घुजा, पो0–अंकोरहा, थाना–नबीनगर, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन– 824303 | कुटुम्बा थाना, काण्ड सं0–148/2024, दिनांक–07.09.2024 | हिरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– BR24S0401 वास्तविक निबंधन संख्या– BR26J9600 चेसीस नं0–MBLHA10BSGHG02342, ईंजन नं0–HA10EVGHG02320 | 11.06.2025 |
| 4 | 11/25 | सुनील कुमार सिंह, पिता–राजेन्द्र सिंह, ग्राम–सटवर बिगहा, पो0–अरौरा, थाना–देव, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824202 | कुटुम्बा थाना, काण्ड सं0–140/2024, दिनांक–24.08.2024 | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल, निबंधन संख्या– BR26A1464, चेसीस नं0– 03K16C16363, ईंजन नं0–03K1SM19747 | 11.06.2025 |
| 5 | 12/25 | धनमती देवी, पति–लालजी पासवान, ग्राम–जानपुर, पो0–बरौली, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824124 | बारूण थाना, काण्ड सं0–417/2024, दिनांक–13.09.2024 | बजाज पल्सर मोटरसाईकिल, निबंधन संख्या– BR26W5131, चेसीस नं0– MD2B68BX1NPG16625, ईंजन नं0–DHXPNG88443 | 11.06.2025 |
| 6 | 15/25 | अंजली कुमारी, पति/पिता–अशोक पासवान, ग्राम–रामपुर, पो0–ढीबरा, थाना–बालूगंज, जिला– औरंगाबाद, बिहार, पिन–824202 | कुटुम्बा थाना, काण्ड सं0–158/2024,दिनांक–14.09.2024 | बजाज पल्सर मोटरसाईकिल, निबंधन संख्या– BR26Y6670, चेसीस नं0– MD2B68BX0PWF19649 ईंजन नं0–DHXWPF67034 | 11.06.2025 |
| 7 | 18/25 | धुरेन्द्र कुमार, पिता–बिंकटेश शर्मा, ग्राम–चन्दा, पो0–मेहन्दिया, थाना–अरवल, जिला–अरवल, बिहार, पिन–804409 | बारूण थाना, काण्ड सं0–348/2024, दिनांक–07.08.2024 | टेम्पू, निबंधन संख्या– BR26G5867 चेसीस नं0–ZFRA814877 ईंजन नं0–A3L0786868 | 11.06.2025 |
| 8 | 21/25 | रंजीत कुमार, पिता–सुरेश चौधरी, ग्राम–साबर, पो0–साबर, थाना–साबर, जिला–कैमूर (भभूआ), बिहार, पिन–821104 | बारूण थाना, काण्ड सं0–205/2024, दिनांक–04.05.2024 | हिरो ग्लैमर मोटरसाईकिल, निबंधन संख्या– BR24AG0827, चेसीस नं0– MBLJAW152N9A80552, ईंजन नं0–JA07AFN9A02428 | 11.06.2025 |
| 9 | 24/25 | अजीत कुमार सिंह, पिता– रामेश्वर सिंह, ग्राम–दीघी, पो0–नबीनगर रोड, थाना–नबीनगर, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824301 | कुटुम्बा थाना, काण्ड सं0–83/2024, दिनांक–04.05.2024 | पल्सर 150 सी0सी0 मोटरसाईकिल, निबंधन संख्या– BR26Q0229, चेसीस नं0– MD2A11CYJRA10184, ईंजन नं0–DHYRJA33453 | 11.06.2025 |
| 10 | 31/25 | गुड्डु चौधरी, पिता–सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी, ग्राम–तेजपुरा, पो0–तेजपुरा, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824124 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1250/2024, दिनांक–16.12.2024 | हिरो ग्लैमर मोटरसाईकिल, निबंधन संख्या– BR26K7385, चेसीस नं0– MBLJA06AMG9M00408 ईंजन नं0–JA06EJG9M00163 | 11.06.2025 |
| 11 | 34/25 | गुप्तेश्वर मेहता, पिता–जुदागीर मेहता, ग्राम–सोहर बिगहा, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824112 | बारूण थाना, काण्ड सं0–571/2024, दिनांक–25.11.2023 | भूमि पर बना हुआ मकान– मौजा– चंदौली, थाना नं0–154, खाता नं0–04, खेसरा नं0–753, रकवा– 10 x 8 वर्गफीट, किस्म– रैयती | 11.06.2025 |
| 12 | 35/25 | उषा देवी, पति–स्व0 मुन्ना चौधरी, ग्राम–पथरा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824123 | कुटुम्बा थाना, काण्ड सं0–197/2023, दिनांक–16.08.2023 | भूमि पर बना हुआ मकान–मौजा– पथरा–535, खाता नं0–18, खेसरा नं0–77, रकवा– 10 x 12 वर्गफीट (0.5 डी0), किस्म– , जमाबंदी सं0– 80/2 | 11.06.2025 |
| 13 | 36/25 | जयगोविन्द पासवान, पिता–रामजी पासवान, ग्राम–शंकरपुर, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824123 | कुटुम्बा थाना, काण्ड सं0–203/2023, दिनांक–26.08.2023 | भूमि पर बना हुआ मकान–मौजा– शंकरपुर–267, खाता नं0–26, खेसरा नं0–207, रकवा– 10 x 10 फीट किस्म– गैर मजरूआ आम | 11.06.2025 |
| 14 | 37/25 | बसंत चौधरी, पिता–मिश्री चौधरी, ग्राम–जोगिया, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824112 | बारूण थाना, काण्ड सं0–468/2023, दिनांक–26.09.2023 | भूमि पर बना हुआ मकान–मौजा– जोगिया, खाता नं0–03, खेसरा नं0–33, रकवा– 10' x 10' फीट किस्म– बकास्त मालिक | 11.06.2025 |
| 15 | 38/25 | गिरजा पासवान, पिता–तिलेश्वर पासवान, ग्राम–आजाद बिगहा बरूआपुल, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824112 | बारूण थाना, काण्ड सं0–382/2024, दिनांक–24.08.2023 | भूमि –मौजा– बारूण, थाना सं0–155, खाता नं0–215, खेसरा नं0–1410, रकवा– 10 x 8 वर्गफीट किस्म– केशरे हिन्द | 11.06.2025 |
| 16 | 39/25 | अमर यादव, पिता–रामनाथ सिंह, ग्राम–इंगलीश, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824112 | बारूण थाना, काण्ड सं0–448/2024, दिनांक–29.09.2024 | भूमि –मौजा– गोठौली, खाता नं0–44, खेसरा नं0–178, रकवा– 7 x 7 वर्गफीट किस्म– गैरमजरूआ मालिक | 11.06.2025 |
| 17 | 40/25 | भोला चौधरी, पिता–भरत चौधरी, ग्राम–आजाद बिगहा, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824112 | बारूण थाना, काण्ड सं0–575/2023, दिनांक–28.11.2023 | भूमि – मौजा– बारूण, खाता नं0–69, खेसरा नं0–01, रकवा– 10 x 10 वर्गफीट, किस्म– गैरमजरूआ मालिक एवं थाना सं0–154, मौजा– बारूण, खाता नं0–69, खेसरा नं0–01, रकवा– 10 x 10 वर्गफीट, किस्म– मालिक सोन डीला | 11.06.2025 |
| 18 | 41/25 | रंजीत पासवान, पिता–रामविलास पासवान, ग्राम–रामनगर, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824124 | खुदवाँ थाना, काण्ड सं0–69/2024, दिनांक–12.08.2024 | भूमि – मौजा– खुदवाँ–368, खाता नं0–135, खेसरा नं0–1364, रकवा– 0.25 डी0 | 11.06.2025 |
| 19 | 42/25 | रामकेश्वर पासवान, पिता–स्व0 जागेश्वर पासवान, ग्राम–मोहदीपुर, थाना–उपहारा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824203 | उपहारा थाना, काण्ड सं0–33/2024, दिनांक–12.04.2024 | मौजा– महदीपुर–283, खाता नं0–66, खेसरा नं0–376, रकवा– 0.02 डी0, किस्म–गैरमजरूआ मालिक | 11.06.2025 |
| 20 | 43/25 | मनोज चौधरी, पिता–सत्यनारायण चौधरी, ग्राम–हमीदनगर, थाना–उपहारा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824203 | उपहारा थाना, काण्ड सं0–106/2024, दिनांक–05.09.2024 | मौजा– हमीदनगर–263, खाता नं0–247, खेसरा नं0–801, रकवा– 01 डी0, किस्म–गैरमजरूआ आम। | 11.06.2025 |
| 21 | 46/25 | संतोष कुमार सिंह, पिता–रघुपत सिंह, ग्राम–खाखरा, थाना–मुफ्फसिल, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824102 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1290/2024, दिनांक–27.12.2024 | Ape Tempu, निबंधन संख्या– BR26F4178, चेसीस नं0–ZFPB661983, ईंजन नं0–R3A2279251 | 11.06.2025 |
| 22 | 51/25 | उमानाथ, पिता–दिलीप कुमार सिंह, ग्राम–देवरीया रूस्तम, थाना–फेसर, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824121 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1307/2024, दिनांक–29.12.2024 | Hero Passion Pro Motorcycle, निबंधन संख्या–BR02AE4800, चेसीस नं0– MBLHA10BSGHE04962, ईंजन नं0–HA10EVGHE05155 | 11.06.2025 |
| 23 | 53/25 | सुरेश यादव, पिता–रामविलास यादव, ग्राम–गजाधर बिगहा, थाना–औरंगबाद, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824102 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1230/2024, दिनांक–12.12.2024 | Pulsar Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26F8351, चेसीस नं0– MD2A11CZ7DCB46821, ईंजन नं0–DHZCDB33273 | 11.06.2025 |
| 24 | 56/25 | दिलीप शर्मा, पिता–मोसाफीर शर्मा, ग्राम–चतरा, पो0–देव, थाना–देव, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824202 | कुटुम्बा थाना, काण्ड सं0–181/2023, दिनांक–04.10.2023 | टेम्पु, निबंधन संख्या– JH03F3937, चेसीस नं0–MBX0000WBMA209548, ईंजन नं0–R1A2909530 | 11.06.2025 |
| 25 | 59/25 | सुशील कुमार सिंह, पिता–स्व0 नागेन्द्र सिंह, ग्राम–पोईवां, थाना–औरंगाबाद, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824103 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–46/2025, दिनांक–12.01.2025 | Piaggio Tempu, निबंधन संख्या– BR26F5816, चेसीस नं0–ZFPC669133, ईंजन नं0– S3B8109982 | 11.06.2025 |
| 26 | 60/25 | उपेन्द्र राम, पिता–बसन्त राम, ग्राम–सिमरी, पो0–देशपुर, थाना–अम्बा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824111 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1207/2025, दिनांक–05.12.2024 | TVS XL 100, निबंधन संख्या– BR26R8532, चेसीस नं0–MD621HP10K1K08145 ईंजन नं0– CP1KK1407755 | 11.06.2025 |
| 27 | 61/25 | गुमनाम (बिहार) | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1295/2024, दिनांक–28.12.2024 | Hero Honda Splendor Plus Motorcycle, निबंधन संख्या– अस्पष्ट, चेसीस नं0– 07J03C056 ईंजन नं0– 07J15M06524 | 11.06.2025 |
| 28 | 62/25 | सोनु कुमार, पिता–अशोक बैठा, ग्राम–अनकुपा, पो0–अनकुपा, थाना–कुटुम्बा, जिला–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824123 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1210/2025, दिनांक–06.12.2024 | Bajaj Pulsar Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26G9076, चेसीस नं0– MD2A11CZXECM44990, ईंजन नं0–DHZCEM22936 | 11.06.2025 |
| 29 | 65/25 | गुमनाम (बिहार) | उत्पाद थाना, औरंगाबाद काण्ड सं0– 17/2025, दिनांक–05.01.2025 | Hero cycle | 11.06.2025 |
| 30 | 75/25 | गुमनाम (बिहार) | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–11/2025, दिनांक–04.01.2025 | Hero cycle and Neelam cycle | 11.06.2025 |
| 31 | 93/25 | गुमनाम (बिहार) | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–195/2025, दिनांक–19.02.2025 | Bajaj Discover Motorcycle, निबंधन संख्या–BR26C8632, चेसीस नं0– 2DSPA7ZTRE54437 ईंजन नं0– JBUBTE48243 | 11.06.2025 |
| 32 | 112/25 | गुमनाम (बिहार) | खुदवाँ थाना, काण्ड सं0–93/2024, दिनांक–24.12.2024 | Hero Passion Pro Motorcycle, निबंधन संख्या–BR26E5886, चेसीस नं0– MBLHA10EWCGA22153, ईंजन नं0– HA10EDCGA49785 | 11.06.2025 |
| 33 | 116/25 | गुमनाम (बिहार) | उत्पाद थाना, औरंगाबाद, काण्ड सं0–124/2025, दिनांक–01.02.2025 | Hero Splendor Motorcycle, निबंधन संख्या–BR2C6448, चेसीस नं0– अस्पष्ट, ईंजन नं0– 05H1519770 | 11.06.2025 |
| 34 | 118/25 | गुमनाम (बिहार) | उत्पाद थाना, औरंगाबाद, काण्ड सं0–241/2025, दिनांक–01.03.2025 | Discover Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26BL1833, चेसीस नं0– MBLHA10ASC, ईंजन नं0–HA10ELC9018571 | 11.06.2025 |
| 35 | 121/25 | गुमनाम (बिहार) | उत्पाद थाना, औरंगाबाद, काण्ड सं0–266/2025, दिनांक–06.03.2025 | Discover Motorcycle, निबंधन संख्या– BR26B2571, चेसीस नं0– MD2DSJZZZUP57607, ईंजन नं0–JZUBUD46601 | 11.06.2025 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

**वरीय उप समाहर्त्ता–सह–**
**पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्यायालय नं0 – 2,**
**औरंगाबाद।**

PR- 04139 ( Excise ) 2025-26 — नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# राजस्व वसूली की प्रक्रिया में लाएं तेजी : श्रीकांत शास्त्री

## आंतरिक संसाधन एवं राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय आंतरिक संसाधन एवं राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे राजस्व संग्रह एवं आंतरिक संसाधनों की प्रगति की समीक्षा पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से की गई। बैठक में खान एवं भू-तत्व विभाग, जिला निबंधन कार्यालय, परिवहन कार्यालय, वाणिज्य कर अंचल, राष्ट्रीय बचत, नगर परिषद औरंगाबाद एवं दाउदनगर, नगर पंचायत रफीगंज एवं नबीनगर, वन प्रमंडल, माप एवं तौल विभाग, सिंचाई प्रमंडल, नहर प्रमंडल एवं जिला नीलाम पत्र कार्यालय आदि विभागों की प्रगति का विश्लेषण किया गया। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अब तक समग्र रूप से मात्र 13.57 प्रतिशत ही राजस्व वसूली हो सकी है, जिसे जिलाधिकारी ने अत्यंत असंतोषजनक बताया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राजस्व वसूली की प्रक्रिया में तेजी लाएं तथा मासिक लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें, जिससे निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति समय पर हो सके। बैठक में दाखिल-खारिज, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा फेस-2, सीएम डैशबोर्ड, ई-मापी, परिमार्जन प्लस, भू-लगान, अतिक्रमण एवं अंबेडकर समग्र सेवा समाधान योजना जैसे राजस्व से संबंधित विषयों की भी गहन समीक्षा की गई। दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों में यह सामने आया कि जिले में कुल 125 मामले 75 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें औरंगाबाद सदर अंचल में सर्वाधिक 95 मामले लंबित पाए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। वहीं हसपुरा एवं दाउदनगर अंचलों में इस अवधि से संबंधित कोई लंबित मामला नहीं पाया गया, जो संतोषजनक रहा। अभियान बसेरा फेस-2 के तहत जिले में अब तक 2221 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया, जिनमें से 1481 को भूमि पर्चा वितरित किया गया है जबकि 657 आवेदक पर्चा के लिए अयोग्य पाए गए हैं। इसी प्रकार, अंबेडकर समग्र सेवा समाधान योजना के अंतर्गत कुल 252 लाभुकों का सर्वे किया गया, जिनमें से 202 को भूमि पर्चा प्रदान किया गया है तथा 10 आवेदकों को अयोग्य पाया गया है। आधार सीडिंग के मामले में यह जानकारी दी गई कि अब तक जिले के 82 प्रतिशत रैयतों की जमाबंदी रिकॉर्ड से आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। राजस्व प्रशासन को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में भूमि ई-मापी एवं परिमार्जन प्लस योजना की प्रगति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ई-मापी प्रणाली के माध्यम से खेत स्तर पर डिजिटल नक्शों का सत्यापन एवं अद्यतन कार्य तीव्र गति से किया जाए ताकि राजस्व विवादों में कमी लाई जा सके तथा जमाबंदी आधारित सत्यापन की प्रक्रिया सशक्त हो। वहीं परिमार्जन प्लस योजना के अंतर्गत जमाबंदी त्रुटियों के सुधार, अद्यतन एवं सुधारित रिकॉर्ड की समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इन तकनीकी प्रयासों के सफल क्रियान्वयन से भूमि संबंधित योजनाओं की पारदर्शिता, सटीकता एवं प्रभावशीलता में उल्लेखनीय सुधार होगा। जिलाधिकारी ने भूमि विवादों के निपटान को लेकर सभी अंचल अधिकारियों को प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित बैठक गंभीरता से आयोजित करने का निर्देश दिया गया ताकि भूमि से संबंधित विवादों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, प्रभारी राजस्व शाखा सच्चिदानंद सुमन, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल सहित जिले के सभी अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।




# देसी कट्टा के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, जेल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** वाहन जांच के दौरान दाउदनगर पुलिस द्वारा देसी कट्टा के साथ बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के नालबंद टोला निवासी आदित्य कुमार (उम्र 25) एवं रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के विसैनीकला निवासी आकाश कुमार (उम्र 26) के रूप में की गई है जिसमें आदित्य का आपराधिक इतिहास रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दाउदनगर क्षेत्र के नहर पर बारून रोड चौरम की तरफ से बम रोड मोड़ पर आ रहे बाइक सवार दो व्यक्तियों को वाहन जांच करने हेतु पुलिस के द्वारा रोका गया। जांच के दौरान आकाश कुमार के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। उन्होंने बताया कि जांच-पड़ताल से पता चला कि आदित्य का आपराधिक इतिहास है। इसके खिलाफ दाउदनगर थाना में दो अपराधिक मामले दर्ज हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# सर्पदंश से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के दाउदनगर प्रखंड के रेपूरा गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। महिला किसी काम से खेत तरफ गई थी, जहां सांप ने उसे काट लिया। किसी तरह वह घर पहुंची। यहां से परिजन पहले दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार परिजन सदर अस्पताल न ले जाकर झाड़-फूंक के लिए तांत्रिक के पास ले गए, जहां महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान उदय साव की 40 वर्षीया पत्नी सुनैना देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि तांत्रिक के पास ले जाने के बाद करीब एक घंटे तक महिला का झाड़-फूंक चला, लेकिन जब महिला की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो तांत्रिक ने हाथ खड़ा कर दिया। इसके बाद महिला को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बावजूद दोबारा महिला को झाड़-फूंक के लिए मदनपुर प्रखंड के वार के समीप बक्स बाबा मंदिर ले जाने को कहा। लेकिन परिजनों को विश्वास हो चुका था कि सुनैना की मौत हो गई है। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को अंतिम संस्कार के लिए घर लेकर चले गए। मृतका के दो बेटे और एक बेटी हैं। पति उदय साव रेपुरा बाजार में ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करता है।

- **अनुमंडल अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद परिजन मरीज को झाड़-फूंक के लिए तांत्रिक पास ले गए**
- **सदर अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने सुनैना को मृत घोषित कर दिया**

# वज्रपात से बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** वज्रपात की चपेट में आने से एक आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के सिंदुआरा गांव की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी गलेन्द्र यादव के पुत्र शिवम कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर बच्चा घर के बाहर खेल रहा था, तभी वर्षा के साथ वज्रपात की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। इसके बाद आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद से परिजनों में मातम पसरा हुआ है, रो-रोकर उनका बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि वज्रपात से झुलस कर एक बच्चे की मौत हुई है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।






# डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुल दो परिवादियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की। जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। औरंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के खान निवासी कामता कुमार मेहता एवं अन्य ग्रामीणों ने शिकायत की हैं कि गांव में एक व्यक्ति द्वारा संचालित मुर्गी फार्म से भारी प्रदूषण फैल रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं, रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के गम्हरिया पंचायत के लोहारा निवासी सुनीता देवी ने विद्यालय में मध्याह्न भोजन के चावल की चोरी एवं अन्य अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने सभी परिवादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्ध कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।



# श्रम विभाग ने पांच बच्चों को करवाया मुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** श्रम विभाग, जिला नियोजन एवं जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र की संयुक्त समीक्षा बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी शास्त्री शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में श्रम विभाग की ओर से बाल श्रम के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 05 बाल श्रमिकों को कार्यस्थल से मुक्त कराया गया है। बाल श्रम के इस प्रकरण में दोषी नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही दो नियोजकों द्वारा 20,000 रुपये की राशि जिला बाल श्रमिक पुनर्वास कोष में जमा की गई है। जिलाधिकारी ने इस प्रयास की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि बाल श्रम की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि औरंगाबाद जिले को बाल श्रम से पूरी तरह मुक्त किया जा सके। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकरी द्वारा डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से कौशल विकास एवं स्वयं सहायता योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादित करने पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने 'सात निश्चय योजना' के अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन को शिविर मोड में कराने के निर्देश दिए ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। समीक्षा बैठक के क्रम में कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी ) की प्रगति पर चर्चा की गई, जिसमें जिलाधिकरी द्वारा केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपने केंद्रों से उत्तीर्ण होने वाले बच्चों के शैक्षणिक एवं व्यवहारिक प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास करें।

# सड़क पर बह रहा नाले का पानी बना परेशानी का सबब



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा- देव मुख्य मार्ग में सड़क पर बह रहा नाले का पानी जनमानस के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीण ललन सिंह ने बताया कि अंबा चौक से प्रखंड मुख्यालय के सामने तक नाली का निर्माण करा कर काम बंद कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सैकड़ो घर के नाली के पानी का निकासी सड़क पर हो रहा है। नाली का पानी सड़क पर बने गड्ढों में इकट्ठा हो रहा है। जल-जमाव से आवागमन में राहगीरों को परेशानी हो रही है। वहीं दुर्गंध से आसपास के घरों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। समाजसेवी रिंकू सिंह ने कहा कि अंबा थाना के पीछे भगवान शंकर और बजरंगबली का मंदिर है। आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु इसी रास्ते से पूजा करने के लिए जाते हैं। नाली के पानी के बहाव के कारण उक्त रास्ते से गुजरना मुश्किल हो जाता है। वहीं उनकी धार्मिक भावनाएं भी आहत होती है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या के त्वरित निष्पादन की मांग की है।

